CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18° C
न्यूनतम : 05° C

हल्द्वानी, शनिवार 17 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 143 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रुपये लेकर पट्टा करने वालों पर गिरेगी गाज : योगी पेज 2



आईसीसी का प्रतिनिधिमंडल करेगा बांग्लादेश का दौरा! खेल टाइम्स




दुनिया के लिए ईरान का एयरस्पेस इतना जरूरी क्यों सम्पादकीय



मचाडो ने अपना नोबेल ट्रम्प को भेंट किया पेज 12

## ईरान-इजरायल जैसे देशों में लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी

# पश्चिम एशिया में तनाव, हालात पर भारत की पैनी नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत ने ईरान के बाद अब इजरायल में रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी की जारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और जोखिमों को देखते हुए भारत ने ईरान के बाद अब इजरायल में रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी कर दी है।

इजरायल में बढ़ते तनाव और ईरान में प्रदर्शन के बीच भारत ने नागरिकों से सतर्क रहने, सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और गैर-जरूरी यात्रा से बचने की चेतावनी दी है। सरकार ने इमरजेंसी की स्थिति में तुरंत संपर्क के लिए हेल्पलाइन नंबर भी साझा किया है। विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई इस एडवाइजरी में कहा गया है कि इजरायल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और इजरायली अधिकारियों तथा होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी किए गए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एडवाइजरी में इमरजेंसी की स्थिति में भारत के एंबेसी की 24 x 7 हेल्पलाइन से संपर्क करने का नंबर भी दिया गया है। यह चेतावनी तब जारी की गई है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। इजरायल और ईरान के बीच राजनीतिक और सैन्य तनाव की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। बता दें कि ईरान में व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं और अमेरिका ने देश में सैन्य कार्रवाई के विकल्प को पूरी तरह से खारिज नहीं किया है। वहीं ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो उनके क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य अड्डे वैध निशाने होंगे। इस तनाव के बीच तेल अवीव और इजरायल के दक्षिणी व मध्य इलाकों में कई जगह सार्वजनिक शरण स्थलों को खोलने के आदेश दिए गए हैं। एक तरफ जहां इजरायल को लेकर भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है।

### ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक फंसे, अधिकांश छात्र

**नई दिल्ली।** ईरान में बिगड़ते हालात के बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में ईरान में लगभग 9,000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिनमें अधिकांश छात्र हैं। उन्होंने बताया कि हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए भारत सरकार ने दो-तीन एडवाइजरी जारी की हैं। इन एडवाइजरी के माध्यम से भारत में रह रहे नागरिकों को फिलहाल ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। वहीं, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे उपलब्ध साधनों का उपयोग कर सुरक्षित रूप से देश छोड़ने की कोशिश करें।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी बोर्ड में कक्षा 9 और 11 में व्यावसायिक शिक्षा अनिवार्य

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यालयी शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026 से कक्षा 9 और कक्षा 11 में व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य किए जाने की महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स, एपेरल और ब्यूटी एंड वेलनेस विषयों के व्यावसायिक पाठ्यक्रम को विषय समितियों द्वारा अनुमोदित कर परिषद के सचिव भगवती सिंह को सौंप दिया गया है। इस बाबत अधिकारियों का कहना है कि इन ट्रेड्स के अंतर्गत जॉब रोल आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए कई चरणों में बैठकों का आयोजन किया गया। यह कार्य परिषद के अपर सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में तथा उप-सचिव डा. आनंद कुमार त्रिपाठी के संयोजन में सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

### दिल्ली के उपेक्षित धरोहर स्थलों के रखरखाव की निगरानी पर विचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वैधानिक अधिकारियों द्वारा लंबे समय से की जा रही उपेक्षा के मद्देनजर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में धरोहर और पुरातात्विक स्थलों के रखरखाव और संरक्षण की निगरानी करने की इच्छा जाहिर की। यह टिप्पणी लोधी काल के शेख अली 'गुमटी' पर अवैध अतिक्रमण से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान की गई, जो लगभग 500 साल पुराना पुरातात्विक महत्व का मकबरा है। गुमटी पर डिफेंस कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन (डीसीडब्ल्यूए) ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था, जबकि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने इस स्थल पर एक अनाधिकृत कार्यालय और पार्किंग सुविधा का संचालन किया था।

### राष्ट्रमंडल देश शांतिप्रिय, बम की भाषा नहीं समझते : सर लिंडसे होयल

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष सर लिंडसे होयल ने कहा है कि पूरी दुनिया में जगह-जगह टकराव देखने को मिल रहे हैं, लेकिन राष्ट्रमंडल के सदस्य देश शांतिप्रिय हैं और वे बम की भाषा नहीं समझते। सर लिंडसे होयल ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर स्थित संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) के समापन सत्र में 29वें सम्मेलन की अध्यक्षता स्वीकार करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में अनेक देश लड़ते झगड़ते रहते हैं लेकिन राष्ट्रमंडल देश शांतिप्रिय हैं और इस समूह के लोग बम की भाषा नहीं जानते हैं।

### रुपये में 45 पैसे की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 44.75 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.7875 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा में यह लगातार तीसरी गिरावट है।

### 'इंडिगो संकट' से प्रभावित यात्रियों को मुआवजे पर नजर रख रहा डीजीसीए

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) 'इंडिगो संकट' के दौरान तीन से पांच दिसम्बर के बीच प्रभावित यात्रियों को मिलने वाले रिफंड और मुआवजे की निगरानी कर रहा है। डीजीसीए ने शुक्रवार को बताया कि इंडिगो ने इन तीन दिनों के दौरान रद्द उड़ानों के लिए सभी यात्रियों को जिस खाते से भुगतान हुआ है, उसी खाते में पैसा वापस करने की जानकारी दी है। इसके अलावा, जो उड़ानें तय समय से 24 घंटे या उससे भी कम समय रहते रद्द की गई थी। उनके यात्री मुआवजे के हकदार हैं।

# जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज

## सुप्रीम कोर्ट में संसदीय जांच समिति के गठन को दी थी न्यायमूर्ति वर्मा ने चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो






**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की ओर से दायर उस रिट याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत जांच समिति गठित करने के लोकसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी थी। यह निर्णय न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुनाया।

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद उनके खिलाफ शुरू किए गए महाभियोग प्रस्ताव के संबंध में यह समिति गठित की गई थी। न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और लोकसभा सचिवालय का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद आठ जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने जांच समिति के गठन को इस आधार पर चुनौती दी थी कि महाभियोग नोटिस लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एक ही दिन (21 जुलाई) पेश किए गए थे, फिर भी लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा सभापति के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना या अनिवार्य संयुक्त परामर्श किए बिना एकतरफा रूप से समिति का गठन कर दिया।

### पूर्व एसआईबी चीफ को लंबे समय तक कैद में रखने पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के बहुचर्चित फोन टैपिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य सरकार से सख्त लहजे में सवाल किया कि क्या वह पूर्व एसआईबी प्रमुख टी. प्रभाकर राव को तब तक जेल में रखना चाहती है, जब तक वह पूरी तरह टूट न जाएं। यह टिप्पणी उस समय आई, जब न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन की पीठ प्रभाकर राव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई की शुरुआत में अदालत ने संकेत दिया कि वह प्रभाकर राव को दी गई अंतरिम राहत को स्थायी कर सकती है। हालांकि, तेलंगाना सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में कानूनी सवाल गंभीर हैं, खासकर यह कि विदेश में रह रहे और भगोड़ा घोषित व्यक्ति को अग्रिम जमानत मिल सकती है या नहीं। इस पर पीठ ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें ऐसा लग रहा है कि आप उन्हें तब तक जेल में रखना चाहते हैं, जब तक वह टूट न जाएं। हम अपने आदेश का ऐसा इस्तेमाल नहीं होने देंगे।

# पुलवामा में तापमान -4.6 डिग्री

■ कोहरे के चलते यूपी में 24 गाड़ियां टकराईं, एक की मौत, 40 घायल

■ पंजाब में राष्ट्रपति मुर्मू का दौरा रद्द

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में गुरुवार की रात इस सीजन की सबसे ठंडी रही। यहां का तापमान -4.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, हरियाणा के हिसार में सर्दी से पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां का तापमान 0.2 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से 24 घंटे में पूरे यूपी में 8 हादसे हुए। इन हादसों में 24 गाड़ियां टकराईं। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई, वहीं 40 लोग हायल हो गए।

पंजाब के जालंधर में कोहरे के चलते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शुक्रवार का दौरा रद्द हो गया है। उनकी फ्लाइट अमृतसर से टेकऑफ नहीं कर सकी। उन्हें जालंधर एनआईटी में दीक्षांत समारोह में शामिल होना था। उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तरकाशी में गंगोत्री नेशनल पार्क, भागीरथी नदी और जाड गंगा झरना जम चुका है। उत्तराखंड में शुक्रवार से 21 जनवरी तक मौसम बदलने वाला है। वहीं, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में सर्दी को देखते शुक्रवार को फिर से स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। हरियाणा में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी और 19 जनवरी रात को आने की संभावना से मौसम में बदलाव हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर से बनने वाली एक गैर-मानसूनी गर्म हवा है, जो पश्चिम से पूर्व की ओर चलती है। सर्दियों में यह उत्तर भारत, पाकिस्तान और हिमालयी इलाकों में अचानक बारिश, बर्फबारी और कोहरा लेकर आती है।

### दिल्ली में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी, गुरुग्राम में भीषण ठंड, न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने से पिछले चार दिनों से भीषण शीत लहर का सामना कर रहे लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन समीपवर्ती गुरूग्राम में न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में जैसे-जैसे दिन बढ़ा, तेज धूप से आसमान साफ हो गया, जिससे दृश्यता बेहतर हुई और ठंड कम हुई। दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो पिछले 24 घंटों में लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सुबह धुंध रही, हालांकि धीरे-धीरे कोहरा छंटने से दृश्यता में सुधार हुआ और सुबह 8:30 बजे तक दृश्यता लगभग 800 मीटर हो गई थी। सुबह छह बजे यहां के पालम में दृश्यता 800 मीटर थी, जो सुबह 7:30 बजे तक घटकर 150 मीटर पर आ गई, जिससे यह 'हल्के' से 'बहुत घने' कोहरे में बदल गया। आठ बजे इसमें थोड़ा सुधार हुआ।

## भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव का कार्यक्रम किया जारी

■ नामांकन प्रक्रिया 19 जनवरी को आयोजित की जाएगी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से संबंधित कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा की। पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी डा. के. लक्ष्मण ने 'संगठन पर्व' के तहत यह अधिसूचना जारी की।

इसके अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया 19 जनवरी को आयोजित की जाएगी। डा. लक्ष्मण ने बताया कि 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। उसी दिन शाम 4 बजे से 5 बजे तक दाखिल नामांकनों की जांच और परीक्षण की जाएगी।

## घटिया बीज बेचने के दोषियों पर 30 लाख का जुर्माना व जेल

■ नया 'बीज अधिनियम 2026' भारतीय कृषि क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार का कदम: शिवराज सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित नए बीज कानून में घटिया बीज बेचने के दोषियों पर 30 लाख का जुर्माना और तीन साल तक की जेल की सजा का भी प्रावधान है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि नया 'बीज अधिनियम 2026' भारतीय कृषि क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार का कदम है। उन्होंने कहा कि यह कानून नकली बीजों की समस्या को जड़ से खत्म करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसानों की सुरक्षा, बीज की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम है। श्री चौहान ने बताया कि अब देश में बीजों के लिए 'ट्रेसिबिलिटी' या पूरी जानकारी वाली व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके तहत एक क्यूआर कोड भी होगा, जिसे स्कैन करते ही किसान को पता चल जाएगा कि बीज कहां उत्पादित हुआ, किस डीलर ने दिया और उसे किसने बेचा। इस सिस्टम से घटिया या नकली बीज की पहचान तुरंत हो जाएगी और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने कहा कि खराब बीज आएंगे ही नहीं और अगर आएंगे तो पकड़े जाएंगे। जिसने खराब बीज दिया, उसे दंड दिया जाएगा। इससे किसानों को भ्रमित करने वाली कंपनियों और डीलरों की मनमानी पर लगाम लगेगी।

## महाराष्ट्र नगर निगम रिजल्ट

# 29 में से 23 निगमों में भाजपा गठबंधन आगे



■ मुंबई- नागपुर- पुणे में बढ़त, लातूर में कांग्रेस ने 70 में से 43 सीटें जीतीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन एकतरफा जीत की ओर है। रुझानों में 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा गठबंधन को बढ़त है। मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 118 सीटों पर आगे चल रहा है। इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन को बढ़त है।

लातूर में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। 70 में से 43 सीटें जीतीं। चंद्रपुर में भी कांग्रेस लीड कर रही है। परभणी नगर निगम में शिवसेना (उद्धव) को बढ़त है। वसई विरार में बहुजन विकास अगाड़ी (वीबीए) और मालेगांव में शिवसेना (शिंदे) आगे चल रही है। शुक्रवार को नगर निगम चुनाव की सुबह 10 बजे से काउंटिंग जारी है। राज्य में निगम चुनाव के लिए 15 जनवरी को वोटिंग हुई थी। 893 वार्डों में कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर निगम की कुल 2869 सीटें हैं। इनमें से 68 उम्मीदवार निर्विरोध जीत हासिल कर चुके हैं। मुंबई में पहली बार बीजेपी का मेयर बन सकता है, चार साल से चुनाव न होने से पद खाली है, 30 साल से शिवसेना का कब्जा था।

# भारतीय सर्वरों पर भारतीय तैयार करें स्वदेशी एआई: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी और इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्वदेशी एआई भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर ही तैयार हो।

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया मिशन के 10 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 साल में देश में एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ है, जो नवाचार को बढ़ावा देता है। सरकार ने विश्वास और पारदर्शिता का माहौल बनाया है। जन विश्वास कानून बनाया है। स्टार्टअप के लिए कई कानूनों में स्व-प्रमाणन की सुविधा दी गई है, ताकि स्टार्टअप का समय मुकदमेबाजी में बर्बाद न हो। इससे पहले श्री मोदी ने कुछ स्टार्टअप कंपनियों के स्टॉल पर जाकर उनके द्वारा किए जा रहे काम के बारे में जाना। इसके बाद कुछ स्टार्टअप ने मंच से अपनी यात्रा और स्टार्टअप इंडिया मिशन से मिले लाभ के बारे में बताया। श्री मोदी ने कहा कि आज का अनुसंधान ही कल की बौद्धिक संपदा बनती है, जो देश एआई की क्रांति में जितना आगे होगा वह उतनी ही लाभ की स्थिति में होगा। कार्यक्रम में मौजूद स्टार्टअप का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि यह काम आपको करना होगा। इंडिया एआई मिशन के जरिए 38 हजार से अधिक जीपीयू को ऑनबोर्ड किया है।

### भारतीय युवा स्टार्टअप्स में नए रिकॉर्ड बना रहे हैं: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर देश के स्टार्टअप समुदाय को बधाई दी और कहा कि भारतीय युवा स्टार्टअप्स में नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह दिन भारतीयों, खासकर युवाओं के 'साहस, नवाचार की भावना और उद्यमशीलता के जोश' का जश्न मनाने का दिन है। उन्होंने युवाओं को वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की तरक्की का श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने पक्के इरादे और लगन से हमारे युवा दोस्त स्टार्टअप की दुनिया में लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। उनका जोश और जुनून विकसित भारत के सपने को साकार करने में सबसे बड़ी ताकत बनेगा। उन्होंने लगन के महत्व को बताते हुए एक संस्कृत श्लोक भी उद्धृत किया, जिसमें कहा गया है कि लगातार कोशिशों से सबसे मुश्किल काम भी पूरे किए जा सकते हैं, जैसे पानी की लगातार बूंदें समय के साथ चट्टान को भी घिस देती हैं।

# पेयजल संकट से निपटने का रोडमैप तैयार

## टिहरी में चौदह गांवों की प्यास बुझाने को पुनर्जीवित होंगी पेयजल योजनाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** पहाड़ में बढ़ती आबादी और पर्यटन गतिविधियों के चलते भविष्य में गहराने वाले जल संकट से निपटने के लिए टिहरी जिला प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। इसी उद्देश्य को लेकर जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने भविष्य की चुनौतियों को भांपते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल वर्तमान जनसंख्या ही नहीं, बल्कि भविष्य की आबादी के आधार पर पेयजल की मांग का सटीक आकलन प्रस्तुत करें। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि जिले में



आने वाले पर्यटकों और अस्थाई निवासियों यानी फ्लोटिंग पॉपुलेशन के लिए भी पानी की खपत का एक अलग और विस्तृत प्रोजेक्शन तैयार किया जाए, ताकि पीक सीजन में स्थानीय निवासियों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति सुचारू करने पर गहन मंथन किया गया। मिशन की टीम ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से 14 गांवों में बंद पड़ी या जीर्ण-शीर्ण हो चुकी पेयजल आपूर्ति योजनाओं के पुनर्जीवन की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। प्रस्तुतीकरण में प्रत्येक गांव के वर्तमान जल स्रोतों की स्थिति को रेखांकित करते हुए बताया गया कि जलापूर्ति प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए गदेरों (प्राकृतिक जल स्रोतों) का नवीनीकरण, भंडारण क्षमता में वृद्धि, इंस्ट्रूमेंटेशन कार्य और आधुनिक क्लोरीनेशन सिस्टम स्थापित करने जैसे कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए रिचार्ज स्ट्रक्चर के निर्माण और प्रस्तावित नलकूप स्थलों पर रेसिस्टिविटी सर्वे के लिए स्थानों के चयन की जानकारी भी साझा की गई। जिलाधिकारी ने इन प्रस्तावों के तकनीकी परीक्षण के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए, जिसकी संस्तुति के बाद ही मामला अंतिम मंजूरी के लिए मिशन के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में हंस फाउंडेशन द्वारा जिले में कराए जा रहे पेयजल कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान फाउंडेशन द्वारा कराए गए कार्यों में मिली अपूर्णता और प्राप्त शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े पेयजल कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता संदीप कश्यप, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता वीसी रमोला, चंबा के अधिशासी अभियंता केएन सेमवाल, प्रशांत भारद्वाज, देवप्रयाग के अधिशासी अभियंता नरेश पाल सिंह, अनूप कुमार ड्यूडी, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी ऋषिराम उनियाल तथा यूटीडीबी से काशीनाथ, आशीष और अनिरुद्ध सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भारी पड़ी नियमों की अनदेखी

## प्रशासन ने 39 वाहनों का किया चालान, चार सीज़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिला. धिकारी नितिका खंडेलवाल के कड़े निर्देशों के अनुपालन में परिवहन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभालते हुए टिहरी और चंबा क्षेत्र में एक व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। इस सघन प्रवर्तन अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाना और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करना था, ताकि सड़कों पर सुरक्षा का वातावरण बन सके। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल ने मोटर वाहन अधि. नियम के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले कुल 39 वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि कई चालक बिना हेलमेट, बिना पंजीकरण, बिना बीमा, बिना टैक्स और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के



वाहन दौड़ा रहे थे। इसके अलावा ओवरलोडिंग, तेज गति और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) के बिना वाहन चलाने वाले भी टीम की पकड़ में आए। नियमों की गंभीर अवहेलना करने पर मौके पर ही चार वाहनों को सीज कर दिया गया। अभियान के दौरान एक वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, जिसे तत्काल गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस विभाग की ओर से उप निरीक्षक रवि कुमार और परिवहन विभाग की ओर से इंटरसेप्टर प्रभारी नरेंद्र मिया अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। जिला प्रशासन ने आम जनमानस से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। साथ ही, सुरक्षित और संयमित गति से वाहन चलाने का आह्वान किया गया है ताकि अनहोनी से बचा जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# समस्याएं दूर हुई तो खुश हुए ग्रामीण

## विधायक किशोर उपाध्याय ने अधिकारियों को दी नसीहत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत टिहरी जनपद के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विकासखंड चंबा की न्याय पंचायत देवरी और विकासखंड देवप्रयाग की न्याय पंचायत डोबरी में बहुउद्देशीय शि. विरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके घर-द्वार पर उपलब्ध कराना और लंबे समय से लंबित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना था। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। विकासखंड चंबा के देवरीतल्ली पंचायत भवन में आयोजित शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमार ने की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवान और ब्लॉक प्रमुख सुमन सजवाण ने शिविर का निरीक्षण किया। विधायक किशोर उपाध्याय ने



अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की मंशा है कि आम आदमी को छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे ये शिविर तभी सफल माने जाएंगे जब जनता की समस्याओं का समयबद्ध और त्वरित समाधान हो। शिविर में ग्रामीणों की 13 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसके अलावा, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चंबा की टीम ने डा. संदीप कटियार, अरविंद सेमवाल, हरीश भट्ट और सुरजीत चौहान के नेतृत्व में 42 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क औषधियां वितरित कीं। दूसरी ओर, विकासखंड देवप्रयाग की न्याय पंचायत डोबरी के राजकीय इंटर कॉलेज भरपूर में भी एक विशाल शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नरेंद्रनगर वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी दिगंत नायक ने की। यहां मंत्री सुबा. ेध उनियाल के प्रतिनिधि महेंद्र गुसाई की उपस्थिति में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस शिविर में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, वन, राजस्व, कृषि और उद्यान सहित कुल 23 विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। यहां दर्ज 16 शिकायतों में से तीन का मौके पर समाधान किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से आवेदन पत्र भरकर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी नरेश हल्दियानी, खंड विकास अधिकारी शाकिर हुसैन, जीपी डोभाल और स्थानीय प्रधानगण मौजूद रहे।

# श्रमकार्ड के लिए कैंप लगाने की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले श्रमिकों को श्रम कार्ड बनवाने के लिए अब जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़े, इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है। विकासखंड के कनिष्ठ उप प्रमुख विशन सिंह रांगड़ ने जिलाधिकारी टिहरी को एक ज्ञापन प्रेषित कर लंबगांव में श्रम कार्ड बनवाने के लिए साप्ताहिक कैंप आयोजित करने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन को अवगत कराया है कि वर्तमान व्यवस्था के चलते गरीब मजदूरों को भारी आर्थिक नुकसान और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे देखते हुए जनहित में व्यवस्था में बदलाव किया जाना नितांत आवश्यक है। जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में विशन सिंह रांगड़ ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा श्रम कार्ड बनवाने के लिए विकासखंड प्रताप. नगर के निवासियों हेतु सप्ताह में सोमवार का दिन निर्धारित किया गया है।

यह व्यवस्था सुविधा के बजाय ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। सोमवार का दिन निर्धारित होने के कारण पूरे प्रताप. नगर क्षेत्र से लोग निजी वाहन बुक करके जिला मुख्यालय नई टिहरी पहुंचते हैं। इससे उन पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है। इतना ही नहीं, जिला मुख्यालय में अत्यधिक भीड़ होने के कारण कई बार लोगों का नंबर नहीं आ पाता और उन्हें बिना काम कराए ही बैरंग वापस लौटना पड़ता है। इससे उनका पूरा दिन खराब होता है और आर्थिक हानि भी उठानी पड़ती है। कनिष्ठ उप प्रमुख ने प्रशासन से मानवीय आधार पर मांग की है कि एक गरीब मजदूर की आर्थिक स्थिति और उन्हें हो रही फजीहत को गंभीरता से समझा जाए। उन्होंने सुझाव दिया है कि प्रतापनगर के लोगों के लिए जिला मुख्यालय में निर्धारित सोमवार के दिन को लंबगांव में साप्ताहिक कैंप के रूप में परिवर्तित कर दिया जाए। यदि लंबगांव में ही यह शिविर आयोजित किया जाएगा, तो क्षेत्रवासियों को घर के नजदीक ही श्रम कार्ड बनवाने की सुगम सुविधा मिल सकेगी और उन्हें मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी। इस पहल से श्रमिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

# कस्तूरबा गांधी दिवस पर सम्मान के लिए प्रतिभाओं की तलाश शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र में समाज सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रतापनगर नागरिक सम्मान मंच ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में आगामी 22 जनवरी को लंबगांव में मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। मंच के अध्यक्ष धूम सिंह रांगड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 22 फरवरी को कस्तूरबा गांधी दिवस के पावन अवसर पर नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष आयोजित होने वाले समारोह को भव्य और गरिमामयी बनाने के उद्देश्य से 22 जनवरी की बैठक में विस्तृत चर्चा की जाएगी। धूम सिंह रांगड़ ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा इस वर्ष सम्मानित होने वाले पात्र व्यक्तियों का चयन और चिन्हांकन करना है। इसके अतिरिक्त संस्था के वार्षिक आय-व्यय के लेखा-जोखा पर विचार-विमर्श करने के साथ ही आगामी कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा भी तय की जाएगी। उन्होंने मंच के सभी पट्टी संयोजकों और पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं, ताकि सामूहिक निर्णय से कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

## घेरुवा में बहुउद्देश्यीय शिविर, 187 लाभार्थियों को मिला लाभ

**लैंसडाउन।** जयहरीखाल विकासखंड की न्याय पंचायत घेरुवा में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 567 ग्रामीणों ने भाग लिया, 13 शिकायतें दर्ज हुईं और 187 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर दिया गया। शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रेखा आर्य ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से योजनाओं का लाभ सीधे गांव स्तर पर मिल रहा है। शिविर में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, कृषि, पशुपालन सहित 23 विभागों ने स्टॉल लगाए। इस अवसर पर कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने पुलिस लाइन ज्ञानसू उत्तरकाशी में साप्ताहिक परेड, गणतन्त्र दिवस के पूर्वाभ्यास परेड का निरीक्षण कर जवानों की हौसला-अफजाई की। परेड में सम्मिलित जवानों को स्वस्थ, स्वच्छ टर्नआउट, उच्च कोटि के अनुशासन के साथ ड्रिल व कवायदों के सम्बन्ध में जरुरी दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने गणतन्त्र दिवस की परेड भव्य एवं गौरवशाली बनाने के लिये जवानों को पूर्ण मनोयोग के साथ ड्रिल का अभ्यास तथा कवायद करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## एक नजर

### पीपलचौरी के पास बनेगा वाल्मीकी चौक

**श्रीनगर।** वाल्मीकि समुदाय कि वाल्मीकि चौक बनाने की मुराद जल्द ही पुरी होने जा रही है। नगर निगम श्रीनगर पीपलचौरी के पास वालम. ीकि चौक बनाने जा रहा है। जिसको लेकर कार्यवाही भी शुरू हो गयी है। बताते चले कि बीते लम्बे समय से वालमीकि समुदाय के लोग वाल्मीकि चौक बनाने की मांग की जा रही थी। साथ ही निकाय चुनाव जीतने के बाद महापौर आरती भंडारी ने महा;षि वाल्मीकि चौक बनाने कि घोषणा कि थी। नगर निगम श्रीनगर कि महापौर आरती भंडारी ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने सबसे पहले वाल्मीकि चौक बनाने की घोषणा कि थी। बताया कि आज चौक बनाने का कार्य धरातल पर शुरू कर दिया है। पीपलचौरी के पास जर्जर स्थिति में पड़े शौचालय को तोड़फोड़ कर उस जगह पर वाल्मीकि चौक बनाया जायेगा। बताया कि डिस्मेंटल का कार्य शुरू कर दिया है। जल्द ही निर्माण कार्य को लेकर टेंडर प्रक्रिया जारी कर दी जायेगी।

### 7 लोगों के शांति भंग में चालान

**श्रीनगर।** नगर पुलिस द्वारा एनआईटी उत्तराखंड के समीप कुछ लोगों को शोर-शराबा, अभद्र व्यवहार एवं हुड़दंग करते हुए पाया गया। पुलिस के समझाने के बाद भी उक्त युवकों द्वारा अराजकता की स्थिति उत्पन्न की गई। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सात व्यक्तियों को हिरासत में लेकर चालानी कार्यवाही की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीनगर ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों एवं तीर्थ क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा एवं सामाजिक मर्यादा बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मिशन मर्यादा के अंतर्गत लगातार गश्त एवं निगरानी की जा रही है। अभियान का उद्देश्य अवैध, अराजक एवं अनुशासनहीन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है। कहा कि इसी क्रम में हुड़दंग मचाने वाले सात लोगो के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की है। बताया कि धारा 172 बीएनएसएस के अंतर्गत हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किए गए हैं।

### क्रोशिया क्राफ्ट का प्रशिक्षण हुआ शुरू

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार के वार्ड नंबर 37, पश्चिम झंडीचौड में जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार के माध्यम से ओजस्विनी फाउन्डेशन ने 21 दिवसीय क्रोशिया क्राफ्ट के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड 37 के पार्षद सुखपाल शाह ने किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग से आकांक्षा गोसाई द्वारा महिलाओं के लिए कई योजना की जानकारी दी जिसमें उन्होंने कहा कि महिलाओं को क्रोशिया क्राफ्ट, सिलाई, बुनाई, कड़ाई आदि का 21 दिन तक महिलाओं को फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा उसके बाद यदि कोई महिला प्रशिक्षण के बाद अपना उद्योग लगाना चाहती है तो उद्योग विभाग उन्हें 35 प्रतिशत सब्सिडी पर छोटे उद्योग लगाने के लिए लोन देगी। इस अवसर पर पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि महिलाएं सरकारी योजना का लाभ उठाएं। सरकार 35 प्रतिशत सब्सिडी पर महिलाओं को छोटे उद्योग लगाने के लिए सब्सिडी दे रही है इसका लाभ उठाएं और अपने घर पर ही छोटे-छोटे उद्योग लगाकर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आर्थिक स्थिति मजबूत करें। इस अवसर पर 40 से अधिक महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया। इस अवसर पर किसान नेता परशुराम, चंद्रपाल शाह, हरि सिंह रावत, पीतांबरी देवी, पुष्पा देवी, चंद्रकांता, नीतू देवी आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### गुप्तकाशी में जन-जन की सरकार शिविर

**रुद्रप्रयाग।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत जिला विकास अधिकारी अनिता पंवार की अधयक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज, गुप्तकाशी में बहुउद्देशीय शिविर प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने 49 शिकायते दर्ज की जिनमे से 20 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, उद्योग, समाज कल्याण, पंचायती राज ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग (आयुष्मान आरोग्य शिविर), राजस्व विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग सहित अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इसके अतिरिक्त समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पंजीकरण, राशन कार्ड केवाईसी, एलपीजी केवाईसी जैसी सेवाएं भी मौके पर ही उपलब्ध कराई गईं। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा पात्र लाभाल्ञथयों को विभिन्न योजनाओं से तत्काल लाभान्वित किया। कई मामलों में आवेदन प्राप्त कर उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में ग्रामीणों ने 49 शिकायते दर्ज की जिसमें से 20 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। ग्रामीणों ने मानव-वन्यजीव संघर्ष, विद्युत आपूल्ञत, पेयजल, सड़क, आवास, गौशालाओं, मुआवजा, सौर ऊर्जा सहित अन्य जनसमस्याएं प्रमुख रूप से उठाम्र गईं।

# जलई पहुंची फलासी की भगवती चण्डिका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** तल्लानागपुर क्षेत्र की सुरम्य वादियो के मध्य चोपता्फलासी मे जगत कल्याण के लिए तपस्यारत भगवती चण्डिका की 25 वर्षो बाद आयोजित दिवारा यात्रा के जलई गांव पहुंचने पर ग्रामीणो ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जबकि कण्डारा गांव मे महिलाओ व ग्रामीणो ने दिवारा यात्रा को भावुक क्षणो के साथ विदा किया। दिवारा यात्रा के आगमन से क्यूजा घाटी क्षेत्र मे भक्ति व आस्था का अनूठा संगम बना हुआ है। भगवती चण्डिका इन दिनो उत्तर दिवारा के तहत विभिन्न गांवो का भ्रमण कर ग्रामीणो की कुशलक्षेम पूछकर आशीर्वाद दे रही है। लगभग 6 माह तक भगवती चण्डिका चारो दिशाओ का भ्रमण करेगी तथा चारो दिशाओ के भ्रमण के बाद घर दिवारा के तहत भगवती चण्डिका विभिन्न गांवो का भ्रमण करेगी व विशाल यज्ञ के साथ 25 वर्षो बाद आयोजित दिवारा यात्रा का समापन होगा। शुक्रवार को कण्डारा गांव मे विद्वान आचार्यो ने ब्रह्म बेला पर पंचाग पूजन के तहत अनेक पूजाये संपंन कर भगवान कार्तिक स्वामी, भगवती राज राजेश्वरी व भगवती चण्डिका सहित 33 कोटि देवी-देवताओ का आवाहन कर आरती उतारी तथा ठीक 10 बजे भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा ने कण्डारा गांव का नगर भ्रमण कर ग्रामीणो की कुशलक्षेम पूछकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान भगवती राजराजेश्वरी व भगवती चण्डिका के ऐतिहासिक मिलन के हजारो श्रद्धालु साक्षी बने। दिवारा यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान ग्रामीणो ने लाल-पीले वस्त्र व अनेक प्रकार की पूजा सामाग्री अर्पित कर विश्व समृद्धि व क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। देर सांय भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा के जलम्र गांव पहुंचने पर ग्रामीणो ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। दिवारा यात्रा समिति अध्यक्ष मानवेंद्र बर्त्वाल ने बताया कि भगवती चण्डिका उत्तर दिवारा के तहत क्यूजा घाटी व तुंगनाथ घाटी के विभिन्न गांवो का भ्रमण करते हुए भगवान केदारनाथ के शीतकाल. ीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ पहुंचेगी तथा ऊखीमठ ओकारेश्वर मन्दिर मे भगवती चण्डिका, भगवान केदारनाथ, भगवान मदमहेश्वर के 25 वर्षो बाद ऐतिहासिक मिलन के साक्षी हजारो श्रद्धालु बनेंगे। उन्होने बताया कि ओकारेश्वर मन्दिर मे तीर्थ दर्शन के बाद दिवारा यात्रा अगस्तमुनि क्षेत्र मे पर्दापण करेंगी तथा इस दौरान अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक, पौराणिक परम्पराओ का निर्वहन किया जायेगा। इस मौके पर पण्डित दीपक बेजवाल, दिनेश बेजवाल, संगीत भट्ट, उपाध्यक्ष दलवीर राणा, कोषाध्यक्ष यशवन्त सिंह नेगी, सते सिंह नेगी, पवन बर्त्वाल, वासुदेव सिंह, पूर्व प्रधान महावीर नेगी, विलोचना रावत सहित अन्य मौजूद थे।

# खिर्सू के चमराड़ा में बहुउद्देश्यीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू की न्याय पंचायत चमराड़ा में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 512 लोगों ने सहभागिता की। इस दौरान 31 शिकायतें दर्ज की गयीं, जबकि 137 लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए अपर सचिव गिरधारी सिंह रावत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। कहा कि ऐसे




बहुउद्देशीय शिविर दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं, क्योंकि इससे लोगों को जिला मुख्यालय या ब्लॉक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और सेवाएं गांव स्तर पर ही उपलब्ध हो रही हैं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि, उद्यान, एनआरएलएम सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों के आवे. दन मौके पर ही स्वीकृत किए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, नोडल अधिकारी शिविर एवं परियोजना अधिकारी उरेडा सीपी उपाध्याय, तहसीलदार दीपक भंडारी, खंड विकास अधिकारी अमित बिजल्वाण सहित आदि मौजूद थे।

# डीएम ने दिए मत्स्य पालन भूमि विवाद की जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल ह्जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारह्व अभियान के तहत टिहरी जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय नजर आ रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को तहसील घनसाली के भिलंगना ब्लक्क्क अंतर्गत न्याय पंचायत कठूड़ के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमातोली में एक विशाल बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर उच्च अधिका. रियों के समक्ष रखीं, जिनमें से कई का मौके पर ही निस्तारण किया



धमातोली में लगी सरकार की चौपाल

गया। शिविर में कुल 104 आवेदन पत्र दर्ज किए गए, जबकि 730 लोगों ने विभिन्न विभागीय स्टालों पर पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन आयोजनों का उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंशा के अनुरूप प्रत्येक न्याय पंचायत में ऐसे शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि जनता को 23 विभागों की सेवाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि शिविर में प्राप्त शिकायतों को सीएम जन समर्पण पोर्टल पर अपलोड कर उनकी साप्ताहिक समीक्षा की जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर बाल विकास विभाग की ओर से चार लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट और शिक्षा विभाग की साइकिल योजना के तहत नौवीं कक्षा की छात्रा मानसी को 2850 रुपये का चेक प्रदान किया गया।

शिविर में कई गंभीर मामलों पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। ग्राम पंगरिया बडियार निवासी गोविंद लाल ने शिकायत दर्ज कराई कि जगदीशीला सहकारी मत्स्य जीवी समिति और एक निर्माण कंपनी ने ट्राउट फिश पालन के नाम पर उनकी 25 नाली भूमि बर्बाद कर दी है। इस पर जिलाधिक. ारी ने तत्काल मुख्य विकास अधिकारी को एक जांच समिति गठित कर कार्रवाई करने के आदेश दिए। वहीं, स्कूलों के आसपास अवैध शराब की बिक्री की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने एसडीएम और आबकारी अधिकारी को औचक निरीक्षण करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही राजकीय अटल आदर्श उत्कृष्ट विद्यालय मथकुड़ी में तोड़फोड़ की शिकायत पर एसडीएम को तत्काल मुकदमा दर्ज करने और वहां शिक्षकों की तैनाती व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। क्षेत्रीय विकास और बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय लिए गए। जिला पंचायत सदस्य विक्रम सिंह घाणाता द्वारा उठाई गई गनवाडी और चात नामे तोक में क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर की मरम्मत की मांग पर सिंचाई विभाग को जांच सौंपी गई। इसके अलावा गनवाडी के बगड़ तोक में स्टील गार्डर पुल, चांजी से भौणा वरुण्डा मोटर मार्ग का सर्वेक्षण, धमातोली में क्षतिग्रस्त सड़क पुश्ते की मरम्मत और हडियाणा मल्ला में पेयजल समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिशासी अभियंताओं को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिविर में ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी, नगरपालिका अध्यक्ष आनंद बिष्ट, इंदु डंगवाल, विक्रम सिंह घणाता, पिंकी देवी, सौरभ रावत, वाशुमति घणाता, एसडीएम अलकेश नौडियाल और तहसीलदार हरीश जोशी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने किया नेशनल पैरालंपिक पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ

# बीता एक दशक भारतीय खेलों का स्वर्णिम अध्याय: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नेशनल पैरालंपिक पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए कहा कि बीते एक दशक में भारत के खेल इतिहास में अभूतपूर्व बदलाव आया है, यह दशक भारतीय खेलों का स्वर्णिम अध्याय बन चुका है।

रुड़की स्थित कोर यूनविर्सिटी में आयोजित उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ये प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि भारत की उस अदम्य इच्छाशक्ति का उत्सव है, जो हर बाधा को चुनौती में और हर चुनौती को अवसर में बदल देती है। उन्होंने कहा कि पावरलिफ्टिंग अपने आप में अनुशासन, धैर्य, साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है, ये खेल केवल ताकत ही नहीं, बल्कि हौंसले और आत्मसम्मान की अद्वितीय मिसाल है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारत के दिव्यांग भाई-बहन, आज प्रत्येक क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरल. ीकांत पेटकर ने 1972 के ग्रीष्मकाल. ीन पैरालंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। इसी क्रम में सत्येंद्र सिंह लोहिया पहले ऐसे भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी बने, जिन्होंने 12 घंटे में इंग्लिश चौनल तैरकर पार किया। भारत की पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने दोनों हाथ न होने के बावजूद विश्व पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर ये साबित कर दिया कि कमजोरी को किस प्रकार अपनी ताकत बनाया जाता है। इसी तरह दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम ने कोलंबों में टी-20 ब्लाइंड वूमेन क्रिकेट वर्ल्ड कप-2025 जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। इसके अलावा टोक्यो पैरालंपिक में अवनी लेखरा ने शूटिंग और सुमित अंतिल ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व पटल पर




■ कहा - खेल परिदृश्य में आया अभूतपूर्व बदलाव, ये प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि भारत की उस अदम्य इच्छाशक्ति का उत्सव, ये प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि भारत की उस अदम्य इच्छाशक्ति का उत्सव

अपनी धाक जमाई। इतना ही नहीं, वर्ष 2024 में तो पेरिस में आयोजित पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने 29 पदक जीतकर इतिहास रचा साथ ही 2025 में दुबई में हुई एशियन यूथ पैरा गेम्स में 110 पदक जीतकर पूरे विश्व को ये बता दिया कि भारतीय पैराओलंपिक खिलाड़ी किसी से कम नहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने समारोह में उपस्थित पद्मश्री दीपा मलिक का उल्लेख करते हुए कहा कि आप भारत की पहली महिला पैरालंपिक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2016 के रियो पैरालंपिक की शॉटपुट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। इसके अलावा आप एक सफल बाइकर, तैराक और कार रैली चालक भी हैं, आपका पूरा सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि बीते एक दशक में भारत के खेल इतिहास में अभूतपूर्व बदलाव आया है, यह दशक भारतीय खेलों का स्वर्णिम अध्याय बन चुका है। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार अपनी सीमाओं को तोड़ते हुए दुनिया को दिखाया है कि भारत अब केवल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाला देश नहीं रह गया है, आज का ष्नया भारतष मुकाबला जीतने के लिए खेलता है। इस परिवर्तन के पीछे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की स्पष्ट सोच और मजबूत नीति रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का खेलों के प्रति प्रेम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनके नेतृत्व में भारत का खेल बजट पहले के मुकाबले तीन गुणा बढ़ चुका है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई ष्खेलो इंडियाष मुहिम देश के प्रत्येक हिस्से से विभिन्न खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में कामयाब हो रही है। वहीं इससे देश में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर भी मजबूत हो रहा है।

### राष्ट्रीय खेलों ने प्रदेश को खेलभूमि" के रूप में स्थापित किया

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पिछले वर्ष हमारे राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य एवं सफल आयोजन ने उत्तराखंड को "देवभूमि'' के साथ - साथ "खेलभूमि" के रूप में भी स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर 7वां स्थान प्राप्त किया। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं सहयोग से राज्य में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का प्रयास कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तराखंड केवल राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन करने में भी सक्षम बन सका है।

### सीएम ने की दिव्यांग खिलाड़ियों के माता-पिताओं की प्रशंसा

मुख्यमंत्री ने दिव्यांग खिलाड़ियों के माता-पिताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी ने दिव्यांग बच्चों को कभी कमजोर नहीं समझा, बल्कि उन्हें अपनी ताकत बनाया। आज ये बच्चे पूरे देश के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ऐसे हर प्रयास में दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ खड़ी है।

इस अवसर पर खेल रत्न पद्श्री डॉ दीपा मलिक, पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया के महासचिव जयवंत हम्मुनावा, इंडिया पैरा पावर लिफ्टिंग के चौयरपर्सन जेपी सिंह, पैरा राव लिफ्टिंग के उपाध्यक्ष शुभम चौधरी, कोर यूनिवर्सिटी के चौयरमैन जेसी जैन, पैरालंपिक पावर लिफ्टर परमजीत कुमार, अशोक, कस्तूरी उपस्थित हुए।

## शहरी बुनियादी ढांचा और भवन निर्माण निगम लिमिटेड की बैठक

**देहरादून ।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखंड मेट्रो रेल, शहरी बुनियादी ढांचा और भवन निर्माण निगम लिमिटेड के निदेशक मंडल की 35वीं बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान यूकेएमआरसी द्वारा निदेशक मंडल के समक्ष विभिन्न प्रस्ताव रखे गए एवं बोर्ड द्वारा निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान यूकेएमआरसी द्वारा प्रस्तुत ई-बीआरटीएस/ई-बस संचालित किए जाने हेतु डेडीकेटेड एलीवेटेड कोरिडॉर निर्माण प्रस्ताव को इस शर्त के साथ सैद्धान्तिक सहमति दी गयी कि इस डेडीकेटेड एलीवेटेड कॉरिडोर को टू लेन के बजाय फोर लेन (डेडीकेटेट टू लेन ई-बीआरटीएस/ई-बस संचालन के लिए और टू लेन सामान्य बसों के संचालन के लिए) का बनाए जाने का परीक्षण करा लिया जाए, ताकि भविष्य में बढ़ने वाले यातायात संकुलन के लिए अभी से सामान्य बसों के संचालन के लिए टू लेन उपलब्ध रहें।

# राज्य सरकार कर्मचारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता से कर रही कार्य: जोशी

■ समान कार्य समान वेतन के लिए उपनल कर्मचारी महासंघ ने सैनिक कल्याण मंत्री से भेंट कर जताया आभार



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से आज उपनल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने उनके कैंप कार्यालय में भेंट कर 10 वर्ष की निरंतर सेवा पूर्ण करने वाले उपनल कर्मियों को समान कार्यख्समान वेतन का लाभ दिए जाने पर आभार व्यक्त किया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मिठाई खिलाकर पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के निरंतर प्रयासों एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के परिणामस्वरूप राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट बैठक में उपनल कर्मियों के पक्ष में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट के सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार कर्मचारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनके कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी चरणबद्ध तरीके से उपनल कर्मियों को समान पदख्समान वेतन का लाभ दिया जाएगा। अभी जिन उपनल कर्मियों की सेवाएं निरंतर 10 वर्ष पूर्ण कर लेंगे, उन्हें इस निर्णय का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर एमडी उपनल ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट, उपनल कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल, महामंत्री विनय प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसएसपी निलंबन व सीबीआई जांच पर अड़ी कांग्रेस

■ किसान सुखवंत सिंह आत्महत्या मामला, पुलिस मुख्यालय का किया घेराव, झड़प के बाद धरना, डीजीपी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के जनपद ऊधमसिंहनगर के काशीपुर क्षेत्र में किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस मुख्यालय का घेराव किया और मामले की सीबीआई जांच तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के तत्काल निलंबन की मांग की।

शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सैकड़ों कांग्रेसजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय से जुलूस के रूप में पुलिस मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की व हल्की झड़प भी हुई। बाद में कांग्रेस नेता पुलिस मुख्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए, जिससे कुछ देर तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि 10 जनवरी को ग्राम पैगा निवासी किसान सुखवंत सिंह ने पुलिस प्रताड़ना और भू-माफियाओं को संरक्षण दिए जाने से आहत होकर आत्महत्या की। पूर्व में मृतक द्वारा दी गई तहरीर पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने उसे परेशान किया, जिससे वह यह कठोर कदम उठाने को मजबूर हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि यह मामला केवल एक किसान की आत्महत्या नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक ने अपने मृत्यु पूर्व बयान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की भूमिका का उल्लेख किया है, इसके बावजूद अब तक उन्हें पद से नहीं हटाया गया। वहीं, जिस अधिकारी पर आरोप हैं, उसी के स्तर से एसआईटी गठित किया जाना जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। काफी देर के धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रति. निधिमंडल ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने कहा कि ऊधमसिंहनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तत्काल निलंबित कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। किसान आत्महत्या मामले में सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो। पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से कराई जाए। प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, विधायक तिलकराज बेहड़, आदेश चौहान, ममता राकेश,

उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापडी, रवि बहादुर, विरेन्द्र जाति, जिला पंचायतयत अध्यक्ष सुखसविन्दर कौर, पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, हीरा सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक राज. कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष आर्येन्द्र शर्मा, राजीव महर्षि, महामंत्री राजेन्द्र भंडारी, राजेन्द्र शाह, गोदावरी थापली, महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला, किसान कांग्रेस अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह लाडी, पूर्व सैनिक अध्यक्ष कर्नल रामरतन नेगी व अनुसूचित जाति अध्यक्ष मदन लाल आदि मौजूद रहे।

## "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम में रिकॉर्ड उपलब्धि

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेशभर में संचा. लित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम ने जनसेवा, पारदर्शिता और त्वरित समाधान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। आज 16 जनवरी 2026 तक आयोजित शि. विरों के आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं को उनके द्वार तक जाकर सुनने और समाधान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अब तक कुल 363 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें से 347 शिविर पूर्व दिवसों तक और 16 शिविर आज आयोजित हुए।

# समान कार्य-समान वेतन' के लिए जताया सीएम का आभार



■ उपनल कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री आवास में सीएम से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उपनल कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर 'समान कार्यख्समान वेतन' संबंधी कैबिनेट के ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उपनल कर्मी राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े सभी मुद्दों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उपनल कर्मियों के हितों की रक्षा, सम्मान एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कदम राज्य सरकार की कर्मचारी हितैषी नीति का प्रमाण है। इस अवसर पर उपनल कर्मचारी महासंघ, उत्तराखंड के अध्यक्ष विना. ेद गोदियाल, प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद, अजय डबराल, मीना रौथाण, रमेश डोभाल, योगेश बडोनी, शैलेंद्र पंवार, अनिल जुयाल, प्रदीप कश्यप एवं संजय पाल मौजूद थे।

# नर्सिंग कॉलेज टिहरी को एमएससी पाठ्यक्रम संचालन की मंजूरी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** टिहरी जनपद के राजकीय नर्सिंग कॉलेज सुरसिंधार में एमएससी पाठ्यक्रम संचालन को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नर्सिंग कॉलेज में विधिवत पीजी कक्षाओं का संचालन शुरू किया जायेगा। इसके साथ ही निर्धारित 10 सीटों पर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की मान्यता मिलने से बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षुओं को टिहरी में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में उच्च स्तरीय व गुणात्मक चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये निरंतर प्रयासरत है। इसके लिये सरकार नये मेडिकल कॉलेजों व नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के

■ चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दिया अनुमोदन, शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विधिवत शुरू होंगी पीजी कक्षाएं



साथ-साथ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के संचालन पर भी विशेष जोर दे रही है, ताकि प्रदेश को कुशल, विशेषज्ञ व अनुभवी चिकित्सक एवं मेडिकल स्टॉफ मिल सके। इसी कड़ी में सरकार ने राजकीय नर्सिंग कॉलेज टिहरी में पीजी कक्षाओं के संचालन को मंजूरी दी है। विभागीय मंत्री ने कहा कि नर्सिंग कॉलेज में एमएससी पाठ्यक्रम के अंतर्गत कुल 10 सीटों को स्वीकृत दी गई है। जिसमें कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग, ऑब्सटेट्रिकल एंड गायनोकोलॉजी नर्सिंग, मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग, चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग व मेन्टल हेल्थ नर्सिंग विषयों में 2-2 सीटें शामिल है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इन विषयों में एमएससी नर्सिंग के नवीन पाठ्यक्रम का विधिवत संच. ालन किया जायेगा। डॉ. रावत ने कहा कि लम्बे समय से नर्सिंग कॉलेज टिहरी में एमएससी पाठ्यक्रम संचालन की मांग की जा रही थी। राज्य सरकार द्वारा कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम संचालन को विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

जिसके उपरांत विभागीय स्तर पर सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा एमएससी नर्सिंग कक्षाओं के संचालन की संस्तुति सरकार को की गई। डॉ. रावत ने बताया कि वर्तमान में नर्सिंग कॉलेज टिहरी में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम 40 सीटों के साथ संचालित किया जा रहा है, अब एमएससी नर्सिंग की 10 सीटों के साथ पीजी कक्षाओं का संचालन शुरू हो जायेगा। सरकार नर्सिंग कॉलेज में शैक्षणिक क्षमता एवं गुणवत्ता विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने देगी।

# अब अल नीनो होने जा रहा सक्रिय, मानसून पर संकट

■ पश्चिमी विक्षोभ सूखे की चपेट से ग्रीष्मकाल में हो सकती है पेयजल समस्या
मौसम विशेषज्ञों ने अगले दो वर्ष ग्लोबल वार्मिंग में वृद्धि की आशंका जताई

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल:** मौसम की फिजा तेजी से बदलने लगा है। ला नीना सक्रिय है और सूखा छटने का नाम नहीं ले रहा। अब विकसित होने जा रहे अल नीनो ने इस वर्ष पढ़ने वाले सूखे के संकेत दे दिए हैं। विशेषज्ञों की माने तो जलवायु परिवर्तन में तेजी हीट वेब, सूखा, बाढ़ और तूफान जैसी आपदाओं का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय विज्ञानी डा नरेंद्र सिंह के अनुसार यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर



फोरकास्ट्स और सीवियर वेदर यूरोप की जलवायु विश्लेषक संस्था ने अल नीनो के विकसित होने के शुरुवाती रुझान जारी किया है।

शुरुवाती रुझान वर्ष 2023 से 25 के बीच रहे तापमान के डेटा के आधार पर बनाए मॉडल के जरिए जारी किया है। प्रशांत महासागर में तापमान की अवस्थाओं को देखते हुए, अल नीनो विकसित होने के संकेत मिलने लगे हैं। जिसके जुलाई तक विकसित होने की संभावना जता दी है। डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि भारतीय मौसम के लिहाज से यह परिस्थिति शुभ नहीं मानी जा सकती। क्योंकि अल नीनो सक्रिय हुआ तो सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा और हमारे सर्वाधिक वर्षा मानसून में ही होती है। वर्षा कम होगी तो सूखे की स्थिति अधिक उत्पन्न होगी। इस बार मध्य हिमालय क्षेत्र वैसे ही सूखे के दौर से गुजर रहा है। अल नीनो के असर से वैश्विक ताप भी अछूता नहीं रहेगा, जिसमें अधिक वृद्धि हुई तो जलवायु परिवर्तन में भी तेजी आएगी। ग्लोबल वार्मिंग 1.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुकी है। अनुमान है कि यह अल नीनो 2027 तक प्रभावी रह सकता है। इस स्थिति में वैश्विक ताप 1.57 से 1.70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जो जलवायु के लिहाज से बेहद खराब होगा। इस दशा में हिमालय ग्लेशियरों को पिघलने से रो. कने की बड़ी चुनौती होगी।

### पश्चिमी विक्षोभ भी सूखे की चपेट में

नैनीताल: डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इस बार पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह सूखे की चपेट में है। अक्टूबर से अभी तक उत्तराखंड व हिमाचल सूखे से उभर नहीं पाए हैं। जिसके चलते हिमपात तो दूर बारिश भी नहीं हो रही है। अक्टूबर पहले सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से वर्षा और बर्फबारी हुई थी। उसके बाद से सूखे के हालात बने हुए है। यहां लगभग 20 दिसंबर के आसपास से हिमपात शुरू हो जाता था और हिमालय की चोटियां बर्फ से ढकने लग जाती थी। इससे भूमिगत जल में वृद्धि होती है, जो ग्रीष्मकाल के लिए लाभकारी होती है। इधर आने वाले दिनों में भी मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। लिहाजा सूखे की स्थिति जारी रहेगी।

### फरवरी में गिरने वाली वाली बर्फ का फायदा नहीं

नैनीताल: डा नरेंद्र सिंह ने बताया कि यदि फरवरी में बर्फबारी हुई तो उसका खास लाभ नहीं होगा। फरवरी में तापमान इतने बढ़ चुके होते हैं कि बर्फ अधिक जम नहीं पाती और गिरने के कुछ ही समय पिघल जाती है। जिस कारण भूमिगत जल में वृद्धि नहीं हो पाती। यदि दिसम्बर में हिमपात होता है तो बर्फ देर तक जमी रहती है। इससे भूमिगत जलसंचय में वृद्धि होती है और नदियों का जलस्तर मई जून तक बने रहता है।

# कार्यशाला में एबीडीएम के विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डाली

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून:** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अंतर्गत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की पहल पर दून मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशेषज्ञों ने लाभार्थियों को एबीडीएम के महत्व, स्कैन एंड शेयर की जानकारियों के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल क्रांति के विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डाली।

कार्यशाला में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की प्रबंधक प्रज्ञा पालीवाल ने कहा कि एनएचए की गाइड लाइन के अनुरूप व राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी के निर्देशों पर प्रदेश में एबीडीएम के शत प्रतिशत आच्छादन के साथ ही जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस में शत प्रतिशत आभा



आईडी, एचपीआर (हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री), व एचएफआर (हेल्थ फेसिलिटी रजिस्ट्री) बनाई जानी हैं।

डिजिटल सुविधाओं के लाभ व उनके क्रियान्वयन के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों के साथ ही आम जन मानस को जानकारियां दी जा रही हैं। स्थानीय मेलों, अस्पतालों व राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी तक 73 लाख से अधिक आभा आईडी, 9737 एचपीआर व 7804 एचएफआर बन चुकी हैं। शत प्रतिशत एचपीआर व एएफआर बनाने की कार्रवाई गतिमान है।

इस मौके पर एनएचए की टीम में शामिल कंसलटेंट प्रवीन कुमार, अनुराग समेत दून मेडिकल कॉलेज के नर्सेज संवर्ग के अधिकारी व स्टाफ शामिल रहे।

### दिल्ली के झंडेवाला स्थित मंदिर दरगाह पर बुलडोजर कार्यवाही का विरोध

# हल्द्वानी में शांति प्रार्थना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिल्ली के झंडेवाला क्षेत्र में स्थित प्राचीन मंदिर दरगाह बाबा श्री पीर रतन नाथ जी महाराज के स्थान पर डीडीए और एमसीडी द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में हल्द्वानी मंडल की ओर से शांति प्रार्थना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान राम नाम जप के साथ इस कार्रवाई पर गहरा रोष व्यक्त किया गया और दिल्ली सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यह स्थल प्राचीन सिद्ध श्री गुरु गोरखनाथ से जुड़ा हुआ है, जिसकी परंपरा लगभग 1500 वर्ष पुरानी मानी जाती है। यह स्थान दिल्ली में मंदिर दरगाह बाबा श्री पीर रतन नाथ जी के नाम से प्रसिद्ध है, जहां वर्ष 1947 से निरंतर धार्मिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। यहां प्रतिदिन प्रात: 4:30 बजे से श्री भगवान जी की आरती, हवन, सुंदरकांड पाठ, श्री रामायण पाठ और




पूरे दिन राम नाम का कीर्तन किया जाता है। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार बुलडोजर कार्रवाई में मंदिर की बिल्डिंग, सेवा स्थल, लंगर हॉल और श्री भगवान जी की तुलसी वाटिका को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही बिजली और पानी की आपूर्ति भी काट दी गई, जिससे दैनिक पूजा-अर्चना और सेवा कार्यों में गंभीर बाधा उत्पन्न हो गई है। ट्रस्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और संबंधित विभागीय अधिकारियों से ध्वस्त की गई संरचनाओं को पुन: बहाल करने तथा मंदिर ट्रस्ट की भूमि वापस देने का आग्रह किया है। इस स्थल पर शिवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर बड़े धार्मिक मेले आयोजित होते हैं, जिनमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के लिए यहीं से लंगर की व्यवस्था की जाती थी, जिसे तोड़ दिए जाने से धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंची है। प्रदर्शन में श्री रतन सेवादार हल्द्वानी मंडल के प्रधान शिव राजपाल, सेवादार रक्षित आहूजा, टेकचंद कपूर, जय किशन कपूर, द्वारिका नाथ कपूर, मनोज कपूर, अमरनाथ सपरा, शिवांग कपूर, शम्मी कपूर, मधुबाला कपूर, श्वेता कपूर, साधना कपूर, अनीता राजपाल, नीना कपूर, स्नेह लता कपूर, शशि आहूजा, चारु कपूर, शिखर आहूजा सहित अनेक श्रद्धालु और सेवादार उपस्थित रहे।

# 44 किलो गांजे के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने पांच तस्करों को गांजे के साथ दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से वाहन में रखा 44.930 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं, एसएसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कटपतिया तिराहे के पास कार संख्या यूके 07 एएक्स 8384 को रोका। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में रखे 44.930 किलो गांजा बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने आरोपी अंगद सिंह पुत्र सतनाम सिंह, निवासी कचनाल गाजी काशीपुर, अमन जाटव पुत्र मानक चन्द्र, निवासी आदर्श नगर कुण्डा, अजीत सिंह पुत्र परमजीत सिंह, निवासी कचनाल गाजी पहाड़ी काशीपुर, अजय सिंह पुत्र मान सिंह और हरप्रीत सिंह पुत्र जसवीर सिंह, निवासी रम्पुरा लाइन पार सरकारी स्कूल के पास काशीपुर ऊधमसिंहनगर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत 11 लाख रुपये से अधिक आंकी गई। टीम में थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह, अपर उपनिरीक्षक लोमेश कुमार, हेड कांस्टेबल आरिफ हुसैन, अवधेश कुमार, संजू कुमार, कांस्टेबल राकेश खेतवाल शामिल रहे। सल्ट थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि व लोग गांजा मंगरु से खरीदकर काशीपुर ले जा रहे थे। जिसे वहां युवाओं को ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने का इरादा था। चेकिंग के दौरान गिरफ्त में आया।

## एक नजर

### डा. वाईएल नेने की पुण्यतिथि पर स्मृति समारोह

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केन्द्र में डा. वाईएल नेने की आठवीं पुण्यतिथि पर एक स्मृति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एशियन एग्री-हिस्ट्री फाउंडेशन की कार्यकारी सचिव डा. सुनीता टी. पाण्डे ने की। उन्होंने डा. नेने के द्वारा भारत की समृद्ध कृषि विरासत के प्रचार-प्रसार में किए गए योगदान की सराहना की। खासकर वृक्षायुर्वेद पर उनके किए गए शोध कार्य का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान, दीप प्रज्ज्वलन और श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित वैज्ञानिकों, छात्रों और किसानों ने डा. नेने की स्मृति में अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि डा. सुभाष चन्द्र ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ओटोमेशन पर विशेष ध्यान देने की बात की, जबकि डा. जेपी जायसवाल ने प्राकृतिक खेती के भविष्य में महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. अनिल शुक्ला और अन्य गणमान्य व्यक्ति साथ ही राजस्थान के श्री गंगानगर से आए 20 किसान उपस्थित रहे।

### 4.53 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**बागेश्वर।** नशामुक्त जिला बनाने की मुहिम में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने 4.53 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत दो लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह ने शुक्रवार को कोतवाली में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम पुलिस और एसओजी की टीम सघन चेकिंग अभियान में थी। इसी दौरान 26 वर्षीय ललित भाकुनी पुत्र देवेंद्र भाकुनी निवासी द्वारसों की चेकिंग की। उसके पास से 4.53 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ धारा 18/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत दो लाख रुपये आंकी गई है। पूर्व में भी स्मैक में पकड़ा गया आरोपी पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी 14.15 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ गया था। आरोपी को एसएसआई खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में गठित टीम ने पकड़ा है।

### असम राइफल्स के पूर्व सैनिकों का प्रदर्शन

**बागेश्वर।** असम राइफल्स एक्स-सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने पूर्व सैनिकों से जुड़े मुद्दों को लेकर देशभर में विरोध की बात की। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हीरा बल्लभ चौबे ने आरोप लगाया कि वर्तमान डीजी असम राइफल्स जानबूझकर संगठन के खिलाफ गतिविधियां चला रहे हैं और पूर्व सैनिकों के हितों की अनदेखी कर रहे हैं। एसोसिएशन ने 3 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय गृह सचिव को शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि डीजी असम राइफल्स के पदभार संभालने के बाद जनरल लखेरा ने एसोसिएशन से संवाद किया था, लेकिन बाद में संगठन के खिलाफ एडवाइजरी जारी की गई। एसोसिएशन ने बल की पहचान को कमजोर करने और पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सुविधाओं में बाधा डालने का आरोप भी लगाया। इस दौरान कई पूर्व सैनिक भी उपस्थित रहे।

### डीएम ने फूड स्टॉलों का निरीक्षण किया

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक विभाग ने उत्तरायणी मेले में फूड स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था। निरीक्षण के दौरान मिठाई, नमकीन, दूध समेत नौ खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने, सामग्री को ढककर रखने और एक्सपायर्ड सामान से बचने के निर्देश दिए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निरीक्षण दल में अभिहित अधिकारी प्रकाश चंद फुलारा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार शामिल थे।

### मंडी के सचल दल ने दो वाहनों से जुर्माना वसूला

**काशीपुर।** मंडी के सचल दल ने मटर लदे दो वाहनों से दस-दस हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। मंडी समिति सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि मुरादाबाद रोड पर सरवरखेड़ा के समीप मंडी के सचल दल ने आज दो छोटा हाथी वाहन पकड़े। दोनों वाहनों में मटर लदी हुई थी, जो ठाकुरद्वारा और मुरादाबाद से आ रही थी। दोनों के वाहन चालकों के पास वैध प्रपत्र नहीं थे। इसके बाद दोनों वाहनों से दस-दस हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। टीम में निरीक्षक महेंद्र सिंह नपलच्याल, निरीक्षक नवनीत कुमार, मंडी सहायक प्रकाश राम, मनोज कुमार, भीम सिंह आदि थे।

### मुख्यमन्त्री विवेकाधीन कोष से चैकों का वितरण

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने आज मुख्यमन्त्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त कुल 50,000 राशि के 02 चेकों का वितरण किया है, श्री चीमा ने बताया कि लाभान्वितों में राधा पत्नी स्व. कृष्णा कुमार निवासी बांसखेड़ा खुर्द को 25 हजार, आजीविका मद में व दुर्गावती पाण्डेय पत्नी स्व. चन्द्रमा पाण्डेय निवासी विन्धवासिनी कॉलोनी, काशीपुर को उपचारार्थ मद में दिया गया है।

### चैम्बर ने दी सीएम धामी को बधाई

**काशीपुर।** कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के अध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा अवगत कराया गया है कि नीति आयोग द्वारा हाल ही में जारी निर्यात तैयारी सूचकांक-2024 में उत्तराखण्ड को देश के छोटे राज्यों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उत्तराखण्ड राज्य की उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में किए जा रहे प्रभावी प्रयासों के लिए कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। चैम्बर अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी, सशक्त एवं निर्णायक नेतृत्व में उत्तराखण्ड ने सुशासन, औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, व्यापार एवं उद्योग के अनुकूल वातावरण तथा आर्थिक प्रगति के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

### काशीपुर जंक्शन से नई गाड़ियों के संचालन की मांग

**काशीपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के काशीपुर जंक्शन को रेलवे मंत्रालय ने काफी समय से लम्बी दूरी की कोई भी नई गाड़ी नहीं दी है। बल्कि कई गाड़ियां बन्द कर दी गईं। श्रीठाकुर महासभा एकता मंच काशीपुर ने पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर को एक पत्र भेजकर मांग की है कि शीघ्र ही काशीपुर-जम्मूतवी, काशीपुर- चण्डीगढ़-अमृतसर, काशीपुर-देहरादून, काशीपुर-लखनऊ के लिए नई ट्रेन का संचालन शीघ्र किया जाये। मंच ने पत्र में यह भी मांग की कि लालकुंआ जंक्शन से लिंक ट्रेनों से जोड़ा जाये साथ ही लालकुंआ से मुरादाबाद होकर चलने वाले कुछ गाड़ियों को वाया काशीपुर जंक्शन संचालन किया जाये व रामनगर-काशीपुर जंक्शन से प्रात: 5-6 बजे के बीच मुरादाबाद के लिए एक गाड़ी नियमित संचालित की जाये, जिससे मुरादाबाद से प्रात: चलने वाले लम्बी दूरी की गाड़ियों को यात्री सुविधानुसार पकड़ सकें। कहा कि रेलवे मंत्रालय ने कुछ समय पहले भी लालकुंआ-चण्डीगढ़ वंदेभारत चलाने का प्रस्ताव दिया, जो पास व रूट भी तय हुआ था। मांग करने वालों में मंच के संरक्षक जितेन्द्र सरस्वती, अध्यक्ष अजय कुमार, महासचिव नीरज ठाकुर, विकास, दीपक कुमार व पवन ठाकुर आदि हैं।

# उत्तरायणी मेले में स्टार नाइट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेला जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है, मेले में भीड़ एवं रोचकता भी बढ़ रही है। गुरुवार की रात ऐतिहासिक नुमाइश मैदान में स्टार नाइट दीक्षा ढौंडियाल, रमेश बाबू गोस्वामी, अनिल रावत के नाम रही। तीनों स्तरों ने अपने अपने गायनी से रंग मंच को महफिल में बदल दिया। मेलार्थी देर रात तक गायकों को सुनने के लिए कड़ाके की ठंड में बने रहे। मंच में कलाकारों ने देवी देवताओं के भजन गीत से कार्यक्रमों की शुरुवात की। लोक गायक दीक्षा ने मोहना ढाई तोले नथुली गड़े दे गीत शुरू किया तो कलाकारों के साथ दर्शक भी थिरकने लगे। जिसके बाद उन्होंने कुमाऊं की रानी, डबल झुमका सहित अन्य गीतों से शमा बांधी। इसी क्रम में गोपुली सटका ली गो चोर, ओ नंदी हाय नंदी, तेर कानो का यो झूमक सहित अन्य गीत से लोगों का मन मोहा। इसी तरह लोक गायक अनिल रावत ने कुमाऊंनी पॉप गीत ओ प्यारी ओ प्यारी जाणी को छे तू सहित अन्य गीतों से शमा बांधी। स्टार नाइट में मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री भूपेश उपाध्याय रहे। उन्होंने नगर पालिका एवं युवा चेयरमैन के नए नए आइडियाज को लोगों के सामने लाने की काफी प्रशंसा की। इस मौके पर चेयरमैन सुरेश खेतवाल, दीपक खेतवाल, हरीश सोनी, जयंत भाकुनी सहित सैकड़ों की संख्या में मेलार्थी मौजूद थे।

## मेले में विविध प्रतियोगिताएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** शुक्रवार को ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले में सुबह से हो चारों घाटियों के मेलार्थी खरई पट्टी, दुगनाकुरी, कांडा कमस्यार, दानपुर घाटी, कत्यूर घाटी सहित अन्य जनपदों से मेलार्थी पहुंचने शुरू हुए। दूर दूर से आए मेलार्थियों में बाबा बागनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना की गई। सरयू बगड़ में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का देर शाम तक आयोजन चला, फाइनल में विजेता रही टीम को मेला समापन दिवस पर सम्मानित किया जायेगा। एक बजे नगर पालिका परिसर में कुमाऊंनी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरी ओर दिन में 12 बजे से 2 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर, राइका बागेश्वर, राउमावि बहुली, विवेकानंद मंडलसेरा, राउमावि बिलोना, उत्तरायण एकेडमी तूपेड़, साह संगीत विद्यालय बागेश्वर के बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में भारतीय रेडक्रॉस समिति के बैनरतले दिव्यांग जनों द्वारा सुन्दर प्रस्तुति दी गई। लोक गायक दिवान कनवाल एवं डा. अजय ढौंडियाल ने पूरे मेले को अपनी ओर आकर्षित किया। कनवाल एवं ढौंडियाल की जुगलबंदी ने देर शाम तक मेलार्थियों को अपने कलाकारी से बांधे रखा। दोनों ने एक साथ अपने गीतों की शुरुवात द्वि दिन का डयार शेरूवा यो दुनी में, ना त्यार न म्यार शेरूवा, घर छूट अ, दगड़ी छूटा, सलम चौकीदार सहित कई कुमाऊंनी गीतों से समाज को संदेश देने का काम किया। इस बीच उन्होंने अपने गीतों के मर्म को समझाने का भी भरसक प्रयास किया। इस मौके पर चेयरमैन सुरेश खेतवाल, नवीन लाल शाह, हरीश सोनी सहित सैकड़ों मेलार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक खेतवाल एवं जयंत भाकुनी द्वारा किया गया।

### तीन वर्षीय बच्ची ने निगला सिक्का

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर निवासी एक तीन साल की बच्ची ने गलती से सिक्का निगल लिया। बच्ची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाने के बाद की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेस अस्पताल अल्मोड़ा को रेफर कर दिया गया। बेस में डाक्टरों ने बच्ची के गले में नली डालकर सिक्के को निकाला। दरअसल, सोमेश्वर



निवासी तीन वर्षीय संध्या पुत्री मोहन राम ने बुधवार शाम एक सिक्का निगल लिया। गले में सिक्के के अटकने पर परिजन आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे, लेकिन गले में फंसे होने से डाक्टरों ने बच्ची को बेस अस्पताल रेफर कर दिया। बेस अस्पताल आने पर बच्ची के गले का एक्स-रे फिर से किया गया। इसमें पता चला की सिक्का क्रिकोफैरिनक्स के पास फंस गया है। मामला गंभीर होने पर मरीजा को ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया गया और ईसोफैगोस्कोपी की प्रक्रिया कराई गई। ईएनटी में सीनियर रेजीडेंट डा. रोहित नेगी ने गले में फंसे सिक्के को बाहर निकाल लिया गया। डाक्टरों के मुताबिक ट्यूब निकालने के बाद बच्ची की स्थिति ठीक है। उसे पोस्ट-ऑपरेटिव वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। मेडिकल कालेज अल्मोड़ा के प्राचार्य डा. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि सीएचसी सोमेश्वर से रेफर होकर बच्ची बेस अस्पताल में पहुंची थी। डॉक्टरों ने नली डालकर और ईसोफैगोस्कोपी की प्रक्रिया के माध्यम से सिक्का सुरक्षित निकाला। अब बच्ची की स्थिति ठीक है।

### भव्य शोभायात्रा 20 को

**काशीपुर।** मौहल्ला लाहौरियान स्थित श्री बालाजी पावन धाम मंदिर का 26वां वार्षिकोत्सव आगामी 20 जनवरी को अत्यंत धूमधाम से मनाये जाने की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रात:काल मंदिर परिसर से भव्य प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी में शामिल भक्तजन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और बालाजी महाराज का पावन जयघोष करते हुए नगर के विभिन्न हिस्सों में पत्रक और कलेंडर बांटते हुए वार्षिकोत्सव में सहभागिता निभाने का आहवान श्रद्धालुजनों से कर रहे हैं। श्री बालाजी पावन धाम मंदिर एवं शिव मंदिर परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार, 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे मंदिर परिसर से श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सुंदर और मनोहारी झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगी।

# ग्राम बसई में हुई कृषक गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा गन्ना विकास परिषद काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम बसई में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने आगामी बसंत कालीन गन्ने की बुवाई जैसे विषय में किसानों को अवगत कराया। निलेश कुमार ने बताया कि गन्ने की कृषि में गहराई तथा दूरी का बहुत महत्व है।

अत: किसान बंधु इसका पालन करें। गहराई में गूल खोलकर गन्ने की बुवाई करें तथा दूरी बनाए रखें जिससे कि गन्ने को फैलाव में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आगामी बसंत कालीन गन्ना बुवाई का समय अब




निकट है।

गन्ना किसान अपनी खेत की अच्छी सी तैयारी करके ही गन्ने की बुवाई प्रारंभ करें। गोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 15023, 13235, 14201 जैसी उन्नतशील प्रजातियां है, जिनको गन्ना कृषकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। वर्तमान में 0238 रेड रोड की चपेट में आ गई है, अत: कृषकों से अनुरोध है कि इस प्रजाति के गन्ने की बुवाई बिल्कुल भी ना करें है। वैज्ञानिकों द्वारा कीट एवं रोग प्रबंधन के विषय में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस बैठक में गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक सहित गन्ना विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

### बाबा बागनाथ मंदिर में हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** नगर पालिका बागेश्वर द्वारा पाकिका के सौजन्य से चेयरमैन सुरेश खेतवाल एवं मेला अध्यक्ष उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी, ईओ विनोद जीना के संयुक्त नेतृत्व में बाबा बागनाथ मंदिर में हेलीकॉप्टर से एक कुंतल फूलों की बारिश करवाई। इस लम्हे को मेले में आए सैकड़ों मेलार्थियों ने अपने फोन में कैद किया। इसके साथ ही मंदिर परिसर जय बाबा बागनाथ के जय घोष से गुंजायमान हुआ। ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले में चौथे दिन बाबा बागनाथ मंदिर के ऊपर फूलों की बारिश करवाई गई। इस दौरान सैकड़ों मेलार्थियों ने जय शंभू, जय बाबा बागनाथ के जय घोष से पूरा नगर क्षेत्र गूंज उठा। लोगो ने इस लम्हे को अपने अपने फोन व कैमरों में कैद किया।

### आरोपी व्यद्रि पर कार्रवाई की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** जिला अस्पताल के डाक्टरों और कर्मचारियों ने गुरुवार को भी काला फीता बांधकर विरोध जताया। अस्पताल में कर्मचारी से अभद्रता करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की। जल्द कार्रवाई नहीं होने पर कार्य बहिष्कार पर चले जाने की चेतावनी दी। जिला अस्पताल परिसर में चिकित्सकों और कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि अस्पताल कर्मचारी के साथ हुई मारपीट मामले में पुलिस शिकायत के बाद भी अब तक आरोपी पर कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कहा कि आरोपी की ओर से सोशल मीडिया पर भी अनर्गल पोस्ट की जा रही है। इसके बाद व्यक्ति पर मुकदमा भी दर्ज किया गया, लेकिन फिर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# भैसोड़ी गांव में महिला पर झपटे दो गुलदार, घायल

## प्रेमा पांडे ने साहस दिखाते हुए बहादुरी से किया सामना, गांव में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार को विकासखंड ताकुला के ग्राम पंचायत भैसोड़ी में दो गुलदारों ने घर के पास एक महिला पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई।

दरअसल, विकासखंड ताकुला के ग्राम पंचायत भैसोड़ी निवासी प्रेमा पांडे पत्नी मनीष पांडे शुक्रवार दोपहर घर के पास ही लकड़ी लेने गई थी। इसी दौरान घात लगाए दो गुलदारों ने उन पर हमला कर दिया। प्रेमा पांडे ने साहस दिखाते हुए दोनों गुलदारों का सामना किया। जिसमें वह घायल हो गई। आस पास के ग्रामीणों द्वारा शोर



मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गए।

इस घटना से पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल है। गांव के पास प्राथमिक विद्यालय स्थित होने के कारण स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग को घटना की सूचना दे दी है। वहीं, रिहायसी इलाकों में वन्यजीवों की लगातार बढ़ रही आवाजाही से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने विभाग से गांव में पिंजरा लगाने के साथ ही नियमित गश्त लगाने की मांग की है। जिला मुख्यालय से लेकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक गुलदार का आतंक बरकरार है। कई स्थानों पर एक से ज्यादा गुलदार सक्रिय हैं। इस समय जिले में करीब 140 से अधिक गांवों में गुलदारों की सक्रियता सामने आ रही है। साल दर साल बढ़ रहे गुलदार के आतंक से लोग खौफजदा हैं। अल्मोड़ा नगर में ही कई स्थानों पर गुलदार आये दिन सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रहा है। स्थिति यह है, कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अंधेरा होते ही घरों पर दुबकने को मजबूर हैं। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों में भी गुलदार का भय बना रहता है। जिला मुख्यालय समेत विकासखंड हवालबाग, ताकुला, स्याल्दे, ताड़ीखेत, चौखुटिया, दन्या, लमगड़ा, धौलादेवी, भिकियासैंण, सल्ट, द्वाराहाट के दर्जनों गांवों में गुलदार का आतंक बना हुआ है। इन इलाकों में दिन दहाड़े गुलदार की धमक से लोगों में खौफ बना हुआ है। गुलदार से निपटने के लिए विभाग के पास भी कोई इंतजाम नहीं है। डीएफओ वन प्रभाग दीपक सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत भैसोड़ी में गुलदार हमले को लेकर सूचना के बाद वन विभाग की टीम गांव के लिए रवाना हो गई थी। महिला के शरीर में गुलदार के नाखून के निशान हुए है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।

# जनता में भ्रम पैदा कर रहा विपक्ष

## वीबीजी-रामजी पर भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन सिंह परिहार की प्रेसवार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बागेश्वर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन सिंह परिहार ने केंद्र की विकसित भारत जी राम जी योजना पर प्रेस वार्ता कर सरकार की मंशा बताई। भाजपा पार्टी कार्यालय मंडलसेरा में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री परिहार ने कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा नए विधेयक पर जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी कैबिनेट ने विकसित भारत की संकल्पना को लेकर बनाई गई है। यह योजना मजदूर और किसानों के लिए लाभकारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब मजदूरों को इस योजना के अंतर्गत 125 दिनों की रोजगार गारंटी है, तय समय में रोजगार न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। इसके साथ ही योजना में अब मजदूरों को सात दिनों के भीतर भुगतान करने




की भी प्रक्रिया इस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नई योजना से अब कृषि श्रमिक भी उपलब्ध हो सकेंगे। वर्ष में 60 दिन कृषि कार्यों के लिए श्रमिकों को एक प्रकार का अवकाश का प्राविधान योजना में रखा गया है। उन्होंने कहा कि आजीविका के स्थाई श्रोत विकसित किए जाएंगे, ग्रामीण कौशल और उद्यमिता में भी वृद्धि होगी। महामंत्री परिहार ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना में जवाबदेहिता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिसके चलते अब केंद्र की 60 प्रतिशत एवं राज्य की 40 प्रतिशत वित्तीय भूमिका रहेगी। योजना को पारदर्शिता के लिए एआई, डिजिटल माध्यम से भी नजर रखी जाएगी। ताकि योजना में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए। योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर परिहार ने कहा कि मनरेगा में भ्रष्टाचार बढ़ गया था। जिस योजना में भ्रष्ट्राचार हो उस योजना में गांधी जी नाम रहे यह देश स्वीकार नहीं कर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि इस योजना में कांग्रेस की सरकार ने पहले भी कई बार परिवर्तन किए थे। सबसे पहले इस योजना का नाम पूर्व प्रधान मंत्री नेहरू के नाम से भी जनता के बीच आई थी। कांग्रेस ने ही पांच से अधिक बार योजना को बदला है। उन्होंने बताया कि नई योजना में केंद्र सरकार ने एक लाख 51 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गाड़िया, विधायक बागेश्वर पार्वती दास, खड़क सिंह टंगड़िया, आदर्श कठायत, राजकुमार परिहार, विवेक तिवाड़ी, नवीन रावल, रणजीत दास, सहित अन्य मौजूद थे।

### एसएसपी को सस्पेंड कर जांच होनी चाहिए

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि शुचिता और सुशासन की बात करने वाली भाजपा सरकार को किसान स्व. सुखवंत सिंह की मृत्यु की जांच होने तक उधमसिंह नगर के




एसएसपी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर उनके खिलाफ जांच बैठनी चाहिए। न्याय व्यवस्था भी मृत्यु से पूर्व दिए गए बयान को साक्षय मानती है, फिर कौन से कारण है कि थाना अध्यक्षों और पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड करके एसएसपी को बचाने का काम किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है की बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है, वाली कहावत सच साबित हो रही है। बेहतर होता कि एसएसपी इस केस की जांच होने तक अपने पद से मुक्त हो जाते, अगर उन पर लगाए आरोप वास्तव में झूठ साबित होते तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाता।

# डॉक्टरों के लिए ग्रामीणों का हल्ला बोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** घने कोहरे के बीच शुक्रवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने संयुक्त होकर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शांतिपुरी में डाक्टरों की नियुक्ति एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवा बहाल करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा ने किया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए क्षेत्र की घोर उपेक्षा का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में दो डाक्टरों के पद स्वीकृत होने के बावजूद लंबे समय से एक भी डाक्टर तैनात नहीं है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल परिसर में डाक्टरों व कर्मचारियों के लिए आवास बने होने के बावजूद वहां कोई भी कर्मचारी निवास नहीं करता, जिससे आवास जर्जर व बंजार हालत में पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि करीब 10-12 वर्ष पूर्व अस्पताल में 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध थी तथा पुरुष व महिला चिकित्सक तैनात रहते थे, लेकिन वर्तमान में लगभग 45 से 50 हजार की आबादी वाला यह क्षेत्र बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है। करीब ढाई घंटे बाद धरना स्थल पर पहुंचे किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डा. राहुल गौड़ को ग्रामीणों ने



अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। डा. गौड़ द्वारा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने यह चेतावनी देते हुए धरना समाप्त किया गया। धरना प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, अधिवक्ता नवीन चंद उर्फ बिट्टू, देवेंद्र कोरंगा, युवक मंगल दल अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा, सागर टाकुली, तनुज टाकुली, करन दफोटी, दीपा बिष्ट, उमा बिष्ट, पीतांबर चंदोला, भगत सिंह कोरंगा, पूर्व सैनिक बीडी भट्ट, गंगा दफोटी, सैनिक संगठन अध्यक्ष लाल सिंह कोरंगा, मोहन चंद्र जोशी, पूर्व प्रधान नारायणी कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## मुखानी में 62 लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

- मुखानी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम को मिली सफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते गुरूवार की रात्रि मुखानी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने स्मैक तस्कर के पास से 62 लाख की स्मैक बरामद की है। पकड़े गए दोनो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो तस्करों को जेल भेज दिया। एसएसपी ने गुडवर्क करने वाली टीम को दो हजार रूपये ईनाम की घोषणा की है। शुक्रवार को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीम ने स्मैक तस्करी का खुलासा करते हुए बताया कि बीते गुरूवार की रात्रि मुखानी थानाध्यक्ष सुशीला जोशी के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी मुखबिर की सटीक सूचना मिली की दो युवक लाखों की स्मैक लेकर आ रहे है। सटीक सूचना पर मुखानी पुलिस ने एसओजी की संयुक्त टीम के साथ चैकिंग अभियान तेज करते हुए चोरों ओर तस्करों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा दिया। तभी दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए जो टीम को देख भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी करते दोनो युवकों को दबोच लिया और उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 207 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 62 लाख की बताई जा रही है। पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम धनपाल पुत्र रामसहाय निवासी जवाहर ज्योती दमुवाढूंगा काठगोदाम और रामचन्द्र पुत्र लीलाधर निवासी भेटाखास थाना कटरा तहसग,तील तिलहर शाहजहांपुर यूपी बताया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह स्मैक की लत को पूरा करने के लिए लाते है और उसके बेचते भी है। पुलिस अब पकड़े गए दोनो तस्करों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। टीम में आरटीओ चौकी प्रभारी वीरेन्द्र चन्द्र, कांस्टेबल धीरज सुगड़ा, बंशीधर जोशी सहित एसओजी से कांस्टेबल भूपेन्द्र ज्येष्ठा, संतोष बिष्ट, अरूण राठौर शामिल थे।



## करोड़ों की स्मैक के साथ मां-बेटे पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते गुरूवार की रात्रि कुमाऊ की गठित एसओटीएफ टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर सितारगंज पुलिस की संयुक्त टीम के साथ करोड़ों की स्मैक बरामद करते हुए मां-बेटे को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मां-बेटे के पास से पुलिस ने 61.51 ग्राम स्मैक बरामद की। दोनो के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से मां-बेटे को जेल भेज दिया। बता दें कि कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कुमाऊं क्षेत्र में नशे पर अंकुश लगाने के साथ ही इन सौदागरों की धरपकड़ के लिए एसओटीएफ टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में बीते गुरूवार की रात एसओटीएफ टीम को खबिर की सटीक सूचना मिली की सितारगंज क्षेत्र के शाक्तिफार्म में एक घर में भारी मात्रा में स्मैक की बिक्री हो रही है। सटीक सूचना पर टीम ने सितारग. ंज पुलिस की संयुक्त टीम के साथ बताए गए स्थान पर छापेमारी की तो पुलिस ने मौके से मां-बेटे को गिरफ्तार किया। जिनके पास से 61. 51 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए मां-बेटे ने अपना नाम परमजीत कौर पत्नी दर्शन सिंह निवासी ग्राम पिपलिया, शक्तिफार्म कोतवाली सितारगंज, ऊधम. सिंहनगर व सोनू सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी ग्राम पिपलिया, शक्तिफार्म कोल सितारगंज बताया। इस दौरान आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि कुमाऊँ क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। नशा कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस एवं एसओटीएफ की संयुक्त टीमें निरंतर सघन अभियान चलाए हुए है। उन्होंने कहा युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।



## शव को चार दिन से कुतर थे चूहे, बमुश्किल निकाली डेड बॉडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मजदूर की मौत हो गई, और उसके शव को पिछले चार दिनों से चूहे कुतर रहे थे। यह घटना शुक्रवार को सामने आई जब इलाके में तेज़ बदबू फैलने लगी, और लोगों को शक हुआ कि यह बदबू एक कमरे से आ रही है। इसकी सूचना लोगों ने तुरंत पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मूलरूप से मानपुर बहेड़ी निवासी रमेश चंद्र पुत्र सुरेद्र पाल बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के शनिबाजार रेलवे क्रासिंग के पास एक मंजिला मकान में रहता और मजदूरी करता था। जिस मकान की पहली मंजिल पर वह रहता था, उस तक चढ़ने के लिए लकड़ी की सीढ़ी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब चार दिन से उसे किसी ने नहीं देखा। चूंकि वह शादीशुदा नहीं था और अकेला रहता था तो किसी ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया। आज शुक्रवार को इलाके में तेजी से बदबू आने लगी तो लोगों को शक हुआ और देखा की बदबू रमेश के कमरे से आ रही है। लोगों ने आवाज दी, उसका दरवाजा भी खटखटाया, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उन्होंने घटना की सूचना बनभूलपुरा पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो रमेश रजाई ओढ़कर पड़ा हुआ। पुलिस ने रजाई हटाई तो अंदर से चूहे निकल कर भागे। बताया जा रहा कि चूहों ने शव को बुरी तरह कुतर दिया था। माना जा रहा है कि चूहे पिछले चार दिनों से शव को कुतर रहे थे। बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि लकड़ी की सीढ़ी से शव को उतारा जाना मुम्किन नहीं था, जिसके चलते जेसीबी मशीन की मदद ली गई। शव को मोर्चरी भेजने के साथ ही मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है।

# प्रेमिका से शादी- जेब खाली, उड़ा ले गया बक्शा

- चोर के साथ चोरी किया बक्शा भी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिनदहाड़े पुलिस की नाक के नीचे से चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने महज आठ घंटे के भीतर सीसीटीवी की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया। जब चोरी के पीछे के कहानी सामने आई तो पुलिस भी हैरान रह गई। आरोपी चोरी के माल से दूसरे की बीवी संग गृहस्थी बसाने की फिराक में थे, लेकिन उसके अरमान धरे गए और अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। शुक्रवार को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि बीते गुरूवार की दोपहर तल्ला गोरखपुर बद्रीपुरा वार्ड 11 निवासी 76 वर्षीय दया नेगी पत्नी स्व.जगत सिंह नेगी के यहां एक शातिर चोर उनके घर किराए का कमरा लेना पहुंचा। इस बीच दया पड़ोसी के साथ बात करने लगी और मौका पाकर शातिर जेवर, नगदी और कागजात से भरा बक्सा लेकर पैदल ही फरार हो गया। पुलिस को समय पर सूचना मिली और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। घटना स्थल से कुछ दूरी पर स्टेडियम के पास बर्फ वाली गली से उसने ऑटो बुक किया और सुभाषनगर स्थित बीएसएनएल ऑफिस पहुंचा। यहां चाय की दुकान पर उसने डेढ़ घंटे बिताए और फिर ऑटो बुक कर रोडवेज बस अड्डे पहुंच गया। इधर सीसीटीवी फुटेज के तार से तार जोड़ती पुलिस की टीम आरोपी तक पहुंच गई। बताया जाता है कि पुलिस जब आरोपी तक पहुंची तो उसके साथ एक महिला भी थी। पूछताछ में सामने आया कि वह महिला उसकी प्रेमिका, लेकिन किसी और की पत्नी थी। आरोपी ने बताया कि वह अपनी प्रेमिका से शादी करना चाहता था, लेकिन उसकी जेब खाली थी। इसी वजह से उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद बक्से से 8000 रुपए, चांदी की 4 पायल, चांदी के 2 सिक्के, चांदी के 2 बिछुवे, सोने की 1 बाली, 1 मंगलसूत्र और जमीन की रजिस्ट्री मिली। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम खाड़ी सुनार, थाना सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा निवासी विरेंद्र सिंह बिष्ट पुत्र हरीश सिंह बिष्ट बताया। पुलिस टीम में एसएसआई रोहताश सागर, एसआई भूपेन्द्र सिंह मेहता, हीरानगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, मनोज कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार, दिनेश नगरकोटी, धीरेन्द्र अधिकारी, प्रकाश कार्की व महेंद्र सिंह थे।



## अब चोरों ने स्कूल के ताले तोड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में अपराधिक घटनाओं के साथ चोरी की वारदात भी बढ़ती जा रही है। बीते गुरूवार की रात्रि चोरों ने कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़ डाला। शातिर चोरों ने मिड डे मील के उन बर्तनों को चोरी कर लिया, जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए खाना बनता था। शातिरों ने पानी की पाइप लाइन तोड़कर विद्यालय की रसोई का ताला तोड़ और माल समेट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और चोरों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता आर्या और राजकीय माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य हेमा पंत द्वारा कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि स्कूल परिसर में ही बने किचन व कमरों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने वहां से बर्तन, नल, पाइप सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। रसोई से चोरों ने चार बगोने, दो प्रेशर कुकर और अन्य बर्तन चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई जा रही है। तहरीर में कहा कि पूर्व में भी चोरी की घटना हो चुकी है।

## नाबालिग से की शादी, कमरे में मिली लाश

- परिजनों पर हत्या का आरोप, पति हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** कानून को ताक पर रखकर एक युवक ने नाबालिग लकड़ी से शादी कर ली और गुरुवार को लड़की का शव कमरे में ंदे से लटका मिला। लड़की के परिजनों ने शादी करने वाले युवक और उसके परिजनों पर हत्या कर शव को ंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार दिनेशपुर कालीनगर ऊधम. सिंह नगर निवासी आयुष मजूमदार ने बताया कि 17 वर्षीय रिया मजूमदार उसकी बहन है। आरोप है कि पिछले वर्ष 4 अक्टूबर को अचानक उसकी बहन गायब हो गई। कुछ दिन परिजनों को पता लगा वीआईपी गेट लाल. कुआं निवासी सागर विश्वास ने उसकी नाबालिग बहन से शादी कर ली है। परिवार के खिलाफ जाकर शादी करने पर परिजनों ने रिया से संबंध तोड़ दिया, लेकिन कुछ दिन पहले रिया ने अपने परिजनों को फोन किया और कहाकि दहेज के लिए उसके ससुराली उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। बीते गुरुवार को रिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रिया का शव ससुराल के कमरे में पंखे से लटका पाया गया। लालकुआं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेजा। पोस्टमार्टम हाउस में रिया के भाई आयुष और नाना विमल विश्वास ने आरोप लगाया कि दहेज के लिए सागर और उसके परिजनों ने हत्या कर रिया से शव को फंदे से टांग दिया। लालकुआं एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बीवी को बनाया लिव इन पार्टनर, कोर्ट में किया था पेश

- दुष्कर्मी को बचाने के लिए महिला दरोगा अंजू ने खेला खेल
- जांच हुई तो सामने आई चौंकाने वाली हकीकत, बीबी पर हो सकती है कार्रवाई
- सस्पेंड हुई तो मामले की खुली पोल
- अब नए सिरे से होगी जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लालकुआं कोतवाली में तैनात दरोगा अंजू नेगी को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सस्पेंड कर दिया है। अंजू पर एक दुष्कर्मी को बचाने और पीड़िता को धमकाने का आरोप था, लेकिन जांच में सामने आई सच्चाई और भी चौंकाने वाली है। अंजू ने आरोपी को बचाने के लिए न सिर्फ एसएसपी को गुमराह करने की कोशिश की, बल्कि कोर्ट में आरोपी की पत्नी से झूठी गवाही भी दिलवाई, जिसमें उसने खुद को आरोपी की लिव-इन पार्टनर बताया। लेकिन अब झूठी गवाही देने वाली पत्नी पर भी कार्रवाई की तलवार लटकनी शुरू हो चुकी है। बता दें कि यह मामला बीते 13 जनवरी को उस वक्त सुर्खियों में आया, जब एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने दरोगा अंजू नेगी को सस्पेंड कर दिया। दरोगा अंजू ने लालकुआं कोतवाली में बीएनएस की धारा 351 (3), 64(2)(एम) और 69 के तहत दर्ज एक मामले की जांच की जिम्मेदारी ली थी। इस मामले में एक महिला ने अपने लिव इन पार्टनर भागवत सरन पर आरोप लगाया था कि शादी का झांसा देकर भागवत सरन ने उसके साथ रहकर शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया। आरोपी ने अपने शाद. ीशुदा होने और 13 व 11 बर्ष के दो बच्चों के पिता होने की बात भी छुपाई। एसएसपी के आदेश पर अंजू ने आरोपी की गिरफ्तारी की बजाय उसे बचाने की कोशिश की। उसने एसएसपी को यह बताते हुए गुमराह किया कि पीड़िता सिर्फ पैसे के लिए आरोपी को फंसा रही है और दोनों के बीच आपसी सहमति से संबंध थे। इसके साथ ही, अंजू ने जांच में यह भी दावा किया कि आरोपी शादीशुदा नहीं था, बल्कि पहले लिव-इन रिलेशनशिप में था। इसे अमलीजामा पहनाने के लिए अंजू ने आरोपी को पत्नी को कोर्ट में यह बताते हुए पेश किया कि वह आरोपी की प्रेमिका और लिव इन पार्टनर थी। एक बार तो एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी भी दरोगा की बातों को सच मान बैठे, लेकिन जब पीड़िता ने रोते हुए सारी सच्चाई बताई और एसएसपी अपने स्तर से पड़ताल कराई तो दरोगा की अंजू की हकीकत सामने आ गई। जिसके बाद एसएसपी ने न सिर्फ दरोगा को सस्पेंड कर दिया, बल्कि जांच को भी नए सिरे से शुरू करने के ओदश कदए गए। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामले में कोर्ट में झूठी गवाही देने वाली आरोपी की पत्नी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## हर्ष फायरिंग: वीडियो वायरल होने पर आरोपी गिरफ्तार

- एसएसपी ने लिया संज्ञान
- आरोपी के पिता के नाम पर थी लाइसेंसी रिवॉल्वर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में लोहड़ी के मौके पर हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। एसएसपी नैनीताल मंजूनाथ टीसी ने मामले का संज्ञान लेते हुए फायरिंग करने वाले युवक जसमीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फायरिंग में प्रयुक्त रिवॉल्वर भी बरामद की है। जांच में सामने आया है कि बरामद रिवॉल्वर आरोपी के पिता के नाम पर लाइसेंसी है, जिसका दुरुपयोग किया गया। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार से असलहों का खुलेआम प्रदर्शन या हर्ष फायरिंग न करें। उन्होंने कहा कि यह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे जान-माल को गंभीर खतरा भी हो सकता है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मौनी अमावस्या कल

- पितृ तृप्ति -आत्मशुद्धि के लिए विशेष फलदायी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सनातन धर्म में वर्ष की सभी अमावस्याओं में माघ मास की अमावस्या का विशेष महत्व माना गया है। इसे मौनी अमावस्या के रूप में जाना जाता है, जो पितृ तृप्ति, पितृ दोष निवारण, पितृ प्रसन्नता और आत्मशुद्धि के लिए अत्यंत फलदायी मानी जाती है। इस वर्ष की प्रथम अमावस्या 18 जनवरी को मनाई जाएगी। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस वर्ष मौनी अमावस्या कल रविवार के दिन सर्वार्थसिद्ध और शिववास योग में पड़ रही है, जिससे इसका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार, मौनी अमावस्या पर प्रात:काल गंगाजल मिश्रित जल से स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करने चाहिए। इसके बाद भगवान सूर्य देव को जल में तिल, रोली और लाल फूल डालकर अर्घ्य अर्पित करना शुभ माना गया है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कलियुग में दान का विशेष महत्व है और किसी भी विधि से किया गया दान कल्याणकारी माना गया है।



## जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा जिला नैनीताल की ओर से जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में कमलुवागांजा रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजी-राम-जी) जन जागरूकता अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट चौहान मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रही। मुख्य वक्ता रुचि भट्ट चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर आजीविका सशक्तिकरण, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाना है। विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा जब ग्रामीण समाज को रोजगार और स्वावलंबन के ठोस अवसर मिलेंगे। कार्यशाला को सांसद अजय भट्ट और कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अभियान की जिला टोली संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रताप बोहरा, जिला सह संयोजक एवं जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा गणेश साह और पूर्व जिला मंत्री कमल पांडे ने किया। इस अवसर पर नैनीताल विधायक सरिता आर्य, मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, शांति मेहरा, दीपक मेहता, दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, शंकर कोरंगा, कौस्तुभानंद जोशी, प्रकाश हर्बोला, महेश खुल्बे, दीपेंद्र कोश्यारी, रंजन बर्गली, दया किशन पोखरिया, प्रतिभा जोशी, नवीन भट्ट, प्रताप रैकवाल, आशीष मल्होत्रा, पंकज अधिकारी, विनोद तिवारी, संजय पांडे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## भाविप ने मनाई लोहड़ी और मकर संक्रांति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी की ओर से रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में बीते गुरुवार देर रात लोहड़ी और मकर संक्रांति कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय वित्त सचिव आरके गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक संस्कार पाला मेहता, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज और शाखा अध्यक्ष दीपक बक्शी ने दीप प्रज्वलित कर किया। डा. मोनिका मित्तल ने लोहड़ी त्योहार की महत्वता के बारे में शाखा के सदस्यों को अवगत कराया। उपमा सेठी और पाला मेहता ने लोहड़ी के पारंपरिक गीत गाए। इसके बाद पारिवारिक खेल, महिला सदस्यों की नृत्य प्रस्तुति और ढोल की थाप में अग्नि के चारों ओर फेरे लगाकर लोहड़ी और मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव डा. निधि अग्रवाल ने किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, डा. अभिषेक मित्तल, सीमा बक्शी, सौरभ अग्रवाल, तरुण बंसल, साकेत अग्रवाल, हरिमोहन अग्रवाल, जितेंद्र साहनी, मीनू गुप्ता, एकता अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, डा. अतुल राजपाल, डा. एनके मेहता आदि मौजूद रहे।



## मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला

- चिकित्सकों की समाज के प्रति जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के मेडिकल एजुकेशन यूनिट (एमईयू) द्वारा शुक्रवार को कॉलेज के लेक्चर थियेटर में दो दिवसीय पाठ्यक्रम कार्यशाला आयोजित की गई। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डा. पंकज सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा एमबीबीएस पाठ्यक्रम में किए जा रहे नवीनतम बदलावों से चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार होगा, जिससे समाज को कुशल, नैतिक और दक्ष चिकित्सक मिलेंगे। डा. अल्पा गुप्ता बाल रोग विभाग, हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज को नामित किया गया। कार्यशाला में डा. सौरभ अग्रवाल ने एमबीबीएस पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद चिकित्सकों की समाज के प्रति जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। तो वहीं डा. साधना अवस्थी ने चिकित्सा शिक्षा में संरेखण और एकीकरण की अवधारणा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डा. आरजी नौटियाल ने एमबीबीएस छात्रों द्वारा अपनी रुचि के अनुसार चुने जाने वाले वैकल्पिक विषयों की अवधारणा और उनके महत्व को समझाया। डा. पंकज वर्मा व डा. ऊषा जोशी ने एटकॉम मॉड्यूल के उद्देश्य, मिशन और लक्ष्यों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में एनएमसी द्वारा नामित कैरिकुलम कमेटी की रिसोर्स फैकल्टी के रूप में डा. आरजी नौटियाल, डा. पंकज सिंह, डा. सौरभ अग्रवाल, डा. पंकज वर्मा, डा. ऊषा जोशी और एमईयू कोऑर्डिनेटर डा. साधना अवस्थी मौजूद रहे।




## उत्तरैणी कौतिक में सहयोग के लिए उत्थान मंच ने जताया आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर की कार्यकारिणी ने हाल ही में आयोजित नौ दिवसीय उत्तरैणी कौतिक में सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों, संगठनों, संस्थाओं और मीडिया का आभार व्यक्त किया। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने शुक्रवार को प्रेस को जारी एक बयान में बताया कि गत 7 जनवरी से शुरू हुए इस नौ दिवसीय कौतिक में कुमाऊं के लोग आराध्य गोलज्यू की पूजा-अर्चना के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान हर रोज विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बगड़वाल ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या में वरिष्ठ सामाजिक और राजनीतिक नेता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम को अपना आशीर्वाद प्रदान करते रहे। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर मंच के प्रांगण से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संगठनों के साथ-साथ स्कूलों के बच्चों और कई राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भी भाग लिया। इस शोभायात्रा ने शहर में उत्थान मंच की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत किया।



## राजेंद्र नगर में ज्वैलरी शॉप का उदघाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को राजेंद्र नगर स्थित संतोषी माता मंदिर के समीप गुरु ज्वेलर्स शॉप का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर दुकान के स्वामी आशीष नागपाल ने बताया कि गुरु ज्वेलर्स को विशेष रूप से स्थानीय जनता की सुविधा और विश्वास को ध्यान में रखते हुए खोला गया है। उन्होंने कहा कि यहां ग्राहकों को सोने और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ आर्टिफिशियल ज्वैलरी की भी विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई जाएगी। आशीष नागपाल ने कहा कि गुरु ज्वेलर्स की खासियत उचित और पारदर्शी दाम, शुद्धता और आधुनिक डिजाइनों में है। दुकान पर पारंपरिक से लेकर लेटेस्ट डिजाइन की ज्वैलरी उपलब्ध रहेगी, जिससे हर वर्ग के ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी कर सकेंगे। नई ज्वैलरी शॉप खुलने से क्षेत्र के लोगों ने कहा अब उन्हें आभूषण खरीदने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने ही क्षेत्र में भरोसेमंद ज्वैलरी शॉप मिल गई है।

### अमलतास सोसायटी विघटन के लिए किया आवेदन, मांगी आपत्ति

**हल्द्वानी।** अमलतास एक्सटेंशन विलास सोसाइटी ग्राम पूरनपुर कुमटिया लामाचौड़ ने सोसाइटी के विघटन के लिए 16 जनवरी को संबंधित विभाग में आवेदन किया है। सोसाइटी के अध्यक्ष आरएस धपोला ने बताया कि उक्त विषय के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, सदस्य को कोई आपत्ति या दावा हो, तो वह निर्धारित समयावधि के भीतर सोसायटी के कार्यालय अमलतास एक्सटेंशन विलास सोसाइटी ग्राम पूरनपुर कुमटिया लामाचौड़ में संपर्क कर सकता है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कोल्ड वेव से निपटने को सरकार तैयार: रूहेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष (दर्जा मंत्री) विनय रूहेला गुरुवार रात महापौर विकास शर्मा के साथ उन्होंने नगर निगम द्वारा संचा. लित रैन बसेरों का गहन निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं की सघन जांच के बाद दर्जा मंत्री ने न केवल संतोष व्यक्त किया, बल्कि महापौर द्वारा किए जा रहे जनसेवा के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उनकी पीठ भी थपथपाई।

निरीक्षण के दौरान दर्जा मंत्री विनय रूहेला ने रैन बसेरे में ठहरे हुए लोगों के बीच जाकर उनसे सीधा संवाद किया। उन्होंने बिस्तर की गुणवत्ता, पेयजल की उपलब्धता और सुरक्षा के इंतजामों पर सवाल पूछे। साथ ही रैन बसेरा में तैनात कर्मचारी से भी जानकारी ली। रूहेला ने वहां मौजूद लोगों से कहा आप हमारे प्रदेश के मेहमान हैं और आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यदि प्रशासन की ओर से कोई कमी महसूस हो तो निसंकोच बताएं, सरकार आपके साथ खड़ी है। विनय रूहेला ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरे प्रदेश के जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को बेहद सख्त हिदायत दी है कि ठंड के कारण किसी भी स्तर पर जनहानि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार का आपदा प्रबंधन विभाग हर परिस्थिति पर नजर रखे हुए है। अस्पतालों में कोल्ड वेव से निपटने के लिए पर्याप्त दवाएं और वार्म वार्ड तैयार किए गए हैं।

सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था को लेकर जिलों से लगातार रिपोर्ट ली जा रही है। मैंने खुद जिले के कई क्षेत्रों का दौरा किया है, कुछ स्थानों पर मामूली कमियां थीं जिन्हें तुरंत दुरुस्त कराया गया, लेकिन रुद्रपुर नगर निगम की व्यवस्थाएं वाकई चाक-चौबंद और सराहनीय हैं। उन्होंने आगे कहा कि विकास शर्मा के नेतृत्व में रुद्रपुर नगर निगम ने गुड गवर्नेंस का जो मानक स्थापित किया है, वह अन्य नगर निगमों के लिए प्रेरणादायी है।

# विवाद नहीं न्याय चाहिए, मां को उसका हक मिलना जरूरी: विधायक पांडे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गदरपुर के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय शुक्रवार को बाजपुर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा को एक सहमति पत्र सौंपा।

विधायक पांडेय ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के विधायक हैं और उनके ऊपर लगाए गए आरोपों से पार्टी की छवि प्रभावित होती है, इसलिए वे इस विवाद का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान चाहते हैं। विधायक ने बताया कि विगत कई वर्षों से ग्राम बिचपुरी, बाजपुर निवासी बुजुर्ग महिला परमजीत कौर एवं उनके पुत्र द्वारा उन पर जमीन हड़पने के आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन जमीनों को लेकर आरोप लगाए गए हैं, वह समस्त भूमि तत्काल प्रभाव से बुजुर्ग माताजी को कब्जा दिलाई जाए। उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है।

इसके साथ ही विधायक अरविंद पांडेय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी पत्र भेजकर प्रशासन को तत्काल निर्देश देने की मांग की है, ताकि बुजुर्ग महिला को शीघ्र न्याय मिल सके।

विधायक ने दो टूक शब्दों में कहा कि बूढ़ी मां को उसका हक मिलना चाहिए और उसे रुलाने वाला यह विवाद अब समाप्त होना चाहिए।

## एक नजर

# संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जनविरोधी कानूनों को वापस लिए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को सौंपा।



ज्ञापन में विद्युत बिल 2025 व बीज बिल 2025 को तत्काल वापिस लिये जाने, किसान व देश हित के विरूध्द मुक्त व्यापार समझौते को रद्द किये जाने, किसानों की सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी हेतु कानून बनाये जाने व कर्ज में डबे किसानों को पूर्ण रूप से ऋण मुक्त किये जाने की माँग की गई है। इस मौके पर जगतार सिंह बाजवा, बल्ली सिंह चीमा, प्रताप सिंह संधू, महेन्द्र सिंह रंधावा, पलविन्दर सिंह, सरवन सिंह, सुखदेव सिंह, गुरमेल सिंह, दर्शन गोयल, राजकिशोर सिंह, सुनील पाठक, हरपिन्दर सिंह, जगदीप सिंह रंधावा आदि थे।

# ई रिक्शा चालकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बन्नाखेड़ा क्षेत्र के ई रिक्शा चालकों ने एसडीएम डा. अमृता शर्मा को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपकर बन्नाखेड़ा क्षेत्र में ई रिक्शाओं को बाजपुर शहर में रामराज रोड पर तीन मंदिर तक परिवहन करने व पुराना शुल्क पुन: लिए जाने की अनुमति प्रदान करने की मांग की। इस मौके पर राजपाल, कृष्ण कुमार, रोहित, मेहर सिंह, जोगेन्द्र, दर्शन सिंह, शेर सिंह, बाबू, हरवीर सिंह, रमेश, जरनैल सिंह, संजू, जयप्रकाश, अजयपाल, राम. निवास, राजू, धर्मवीर, बसन्त सिंह, छत्रपाल आदि थे।

# पन्द्रह दिन के भीतर हो गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसानों ने भाकियू प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को सौंपकर पन्द्रह दिन के भीतर गन्ना मूल्य भुगतान किए जाने की मांग की है। भाकियू नेताओं का कहना है कि समय पर गन्ना मूल्य भुगतान न होने के चलते किसानों का गन्ने की खेती से मोह भंग हो चुका है। इस मौके पर विजेन्द्र सिंह डोगरा, प्रताप सिंह संधू, जगदीप सिंह, अजीत सिंह, अनिल डोगरा, सुमित डोगरा आदि थे।



# सफाई कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश की मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर नगर पालिका क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मियों के लिए शुक्रवार का यह दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। करीब 20 वर्षों से साप्ताहिक अवकाश की मांग कर रहे सफाई कर्मियों की मेहनत आखिरकार रंग लाई। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सफाई कर्मियों को सप्ताह में एक दिन साप्ताहिक अवकाश देने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। अब सफाई कर्मियों को सुविधा अनुसार हफ्ते में एक दिन छुट्टी मिलेगी, जिससे उन्हें लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिली है।



इस फैसले के बाद वाल्मीकि समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि शुभम उत्तम ने बताया कि नगर पालिका गठन के बाद से ही पर्यावरण मित्रों, चाहे वे समिति से जुड़े हों, आउटसोर्स पर हों या संविदा पर कार्यरत हों, किसी को भी साप्ताहिक अवकाश नहीं मिल पाता था। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आउटसोर्स और समिति कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देने का शासनादेश जारी किया गया था। शुभम उत्तम ने बताया कि इसी शासनादेश के क्रम में पिछले छह माह से लगातार प्रयास किए जा रहे थे, जिसे अंतत: नगर पालिका की बोर्ड बैठक में रखा गया। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम द्वारा प्रस्ताव को बोर्ड में रखा गया और सभी सभासदों की सहमति से इसे पारित कर लागू कर दिया गया। नगर पालिका परिषद रामनगर के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि बोर्ड के निर्णय के अनुसार स्वच्छता समिति से जुड़े सभी कार्मिकों को साप्ताहिक अवकाश दिया जाएगा।

प्रत्येक सप्ताह सफाई सुपरवाइजर अपनी सुविधा और कार्य व्यवस्था के अनुसार सफाई कर्मियों को छुट्टी देंगे। अब पर्यावरण मित्रों को हफ्ते में एक और महीने में कुल चार छुट्टियां मिलेंगी, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और कार्यक्षमता में भी सुधार होगा।

# नगर पंचायत गढ़ीनेगी की निर्वाचन नामावलियों का पुनरीक्षण 22 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पंचायत गढ़ीनेगी की निर्वाचन नामावलियों (मतदाता सूचियों) का विस्तृत पुनरीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 22 जनवरी से 05 फरवरी तक संगणक द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं सूचना/अभिलेख एकत्रित किया जाएगा, 06 फरवरी से 10 फरवरी तक प्रारूप नामावली की पाण्डुलिपि तैयार की जाएगी, 11 फरवरी से 07 मार्च तक प्रारूप निर्वाचन नामावलियों की डाटा एन्ट्री/फोटो स्टेड किया जाएगा, 09 मार्च को निर्वाचन नामावलियों के आलेख का प्रकाशन, 10 मार्च से 16 मार्च तक निर्वाचन नामावलियों के आलेख के निरीक्षण तथा दावे/आपत्ति दाखिल की जा सकेगी, 17 मार्च से 21 मार्च तक दावे तथा आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा, 22 से 26 मार्च तक पूरक सूचियों की डाटा एन्ट्री/फोटो स्टट किया जाएगा तथा 27 मार्च को निर्वाचन नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होने बताया कि प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के उन सभी व्यक्तियों के नाम निर्वाचन नामावलियों में सम्मिलित किए जाएंगे जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है।

उन्होंने बताया कि विस्तृत पुनरीक्षण के पश्चात तैयार निर्वाचन नामावलियॉ ही आगामी सामान्य/उप निर्वाचन में प्रयुक्त की जाएगी।

# एएनझा में सात दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस के स्पेशल कैंप शुरू हुआ। कैंप का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र स्वयंसेवक के लिए यह एक गहन कार्यक्रम है। जिसमें वह गोद लिए गांव, झोपड़पट्टी में साम. ुदायिक सेवा, साक्षरता, स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों को लेकर अभियान चलाते हैं।

चुघ ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवा सामा. जिक चुनौतियां से जोड़ते हैं और श्रम की गरिमा को बढ़ावा देते हैं। आज का युवा देश का भविष्य है और एनएसएस के माध्यम से राष्ट्र तथा समाज सेवा के प्रति जागरूक होते हैं।

कहा युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद वह अन्य गति. विधियों में भी अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। इस मौके पर आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीएस पांडे, राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री विवेक पंवार, सुशील यादव, किशन राम आर्य, गिरीश चंद्र शर्मा, यतेंद्र सिंह यादव, देवेंद्र पाल सिंह, आलोक राय, नर नारायण वर्मा, विशाल सरकार, वीरेंद्र ध्यानी, अजय मिश्रा, सोनू शर्मा आदि मौजूद थे।

# ग्राम भड़ा भुड़िया में लगे शिविर में उठी कई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम पंचायत भड़ा भुड़िया में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी खटीमा तुषार सैनी ने की। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई, 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन, कुपोषित बच्चों की नाप और वजन लिया गया और पौष्टिक आहार दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीकाकरण का कार्य किया गया।



ग्राम प्रधान सुमन राणा भड़ा भुड़िया द्वारा ग्राम सभा की सार्वजनिक समस्याओं को उप जिलाधिकारी सैनी के समक्ष रखा। जिसमें भड़ा भुड़िया से झनकट तक की रोड और भड़ा भुड़िया से फुल्लैया की ओर रोड निर्माण के कार्य प्रमुख रहे। जिसमें संबंधित विभाग नें अस्वासन दिया है कि जल्दी ही इन मार्गो का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में विरेन्द्र सिंह सजवाण तहसीलदार खटीमा, संजय कुमार गांधी खण्ड विकास अधिकारी, राजस्व विभाग, समस्त वि. ख. के 23 विभाग भी सम्मलित हुए।

कार्यक्रम में रमेश चंद्र जोशी रामू अध्यक्ष नगर पालिका, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सतीश भट्ट, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष जनजा. ति मोर्चा हरीश राणा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महालक्ष्मी किट व टेक होम सामग्री वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आंगनबाड़ी केंद्र अमांऊ द्वितीय में किशोरी बालिका, गर्भवती महिला, 6 माह से 3 साल तक के लाभार्थी को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारियां दी गई। इस दौरान महालक्ष्मी कीट एवं टेक होम सामग्री वितरित की गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्री विद्यावती ने बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाओ, मातृ वंदना, अन्नप्राशन, गोद भराई आदि रस्म संबंधी जानका. रियां दी गई। कार्यक्रम में नाजिया को महा लक्ष्मी किट वितरित किया गया। टेक होम राशन में दलिया, उपमा, बाल भोग, मीठा दलिया, पंजीरी, खिचड़ी आदि सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर जमोन्तरी देवी - सहायिका, नाजिश, अनीता देवी, मेघा, अलंकृता, तबस्सुम, मीनाक्षी, नीतू, ओसीन आदि सम्मिलित थी।



# विकसित भारत के संकल्प को घर-घर पहुंचाएगा गारंटी फॉर रोजगार मिशन: बिष्ट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार मिशन (ग्रामीण)' एक्ट को लेकर चलाए जा रहे देशव्यापी जनजागरण अभियान के अंतर्गत जनपद रुद्रपुर में एक वृहद जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने मिशन की बारीकियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारे गांव आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे। बिष्ट ने जोर देकर कहा कि वीबी-जी-राम-जी मिशन ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार से जोड़ने की एक अभूतपूर्व पहल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान को केवल एक कार्यक्रम न समझें, बल्कि इसे एक मिशन के रूप में लेते हुए प्रत्येक बूथ पर सक्रियता बढ़ाएं। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का उत्तरदायित्व है कि वह हर ग्रामीण परिवार तक पहुंचकर उन्हें सरकार की रोजगारपरक नीतियों से अवगत कराए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने सांगठनिक मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर जिला हमेशा से संगठन के कार्यों में अग्रणी रहा है और इस अभियान में भी हम नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। यहां जिला सह-प्रभारी साकेत अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, अमित नारंग, अंजू भूड्डी, इंद्रपाल सिंह मान, शालिनी बोरा, प्रमोद मित्तल, अक्षय अरोरा, रोशन अरोरा, मोर सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, विजय तोमर, अक्षय गहलोत, विवेक सेक्ससेना, राजेश तिवारी, राजेश बजाज, विपिन गहलोत आदि थे।

# एक दर्जन से अधिक लोगों पर एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम जमौर निवासी राम सिंह पुत्र मेवाराम द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में मुक. दमा पंजीकृत किया गया है।

बीते गुरुवार को पीड़ित राम सिंह ने कोतवाली खटीमा में दिलशाद पुत्र इरशाद, दानिश पुत्र नफीस, मुमताज पुत्र ना मालूम, इसकार पुत्र ना मालूम, भूरा पुत्र मोहम्मद आलम, इकरार पुत्र मोहम्मद हसन, इकबाल पुत्र हसन मोहम्मद, इरशाद पुत्र हसन मोहम्मद, नाजिम हुसैन पुत्र अब्दुल गफ्फार, नफीस पुत्र हसन मोहम्मद, मोहम्मद साजिद पुत्र नफीस अहमद, फजूल पुत्र नफीस अहमद तथा मसरूफ पुत्र इकरार निवासीगण जमौर खटीमा के खिलाफ तहरीर सौंप कर आरोप लगाया गया है कि उक्त लोगों द्वारा 26 अगस्त 2025 की रात्रि को उसके पुत्र सुरेंद्र सिंह राणा को उक्त लोगों द्वारा पानी की टंकी जमौर में बुलाया गया तथा एक राय होकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया व जान से मारने की धमकी दी गई है। इसके साथ ही गंदी-गंदी गालियां दी गई और मारपीट की गई। वहीं पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली खटीमा में मुकदमा संख्या 13/2026, धारा 115(2), 351/(2), 191(2) बीएनएस व 3(1) तथा एससी-एसटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं जानकारी के मुताबिक पीड़ित द्वारा मामले में जनजाति आयोग देहरादून के अध्यक्ष को भी एक पत्र प्रेषित किया गया है। वहीं तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बिचपुरी की 64 बीघा भूमि सरकारी सम्पत्ति घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बिचपुरी की खाता संख्या 17 खसरा संख्या 6/2 रकवा 4.047 है /64 बीघा भूमि अतिरिक्त सीलिंग भूमि घोषित की गयी है। जो कि राज्य सरकार की सम्पत्ति है। राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा व पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी की अगुवाई में मौका स्थल पर पहुंचकर सूचना बोर्ड चस्पा कर दिया है।




तहसीलदार बाजपुर की ओर से चस्पा सूचना बोर्ड में लिखा है कि 'सूचित किया जाता है कि मा. सर्वोच्च न्यायालय में योजित सिविल अपील संख्या 662 वर्ष 1995 एवं मा. उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या 2037 वर्ष 200 में पारित आदेशों के अनुपालन में मा. न्यायालय नियत प्राधिकारी अपर जिलाधिकारी (वि. रा.)ऊधम सिंह नगर द्वारा सीलिंग वाद संख्या 51/82 वर्ष 1974-15 में पारित आदेश दिनांक 21/11/2025 के द्वारा ग्राम बिचपुरी की खाता संख्या 17 खसरा संख्या 6/2 रकबा 4.047 है./64 बीघा भूमि अतिरिक्त सीलिंग भूमि घोषित की गयी है, जो कि राज्य सरकार की सम्पत्ति है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति / संस्था द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप,अतिक्रमण अथवा खुर्दबुर्द करने का प्रयास किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक/ दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्ति/संस्था की होगी।' तहस. ीलदार बाजपुर ने भूमि पर काबिज लोगों को 15 दिन के भीतर अपना कब्जा हटाने का भी नोटिस दिया है। अन्यथा कब्जे को बलपूर्वक हटाने की भी चेतावनी दी है। इस मौके पर तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान, केलाखेड़ा थानाध्यक्ष डीबी सोलंकी आदि थे। जिस जमीन को ग्राम बिचपुरी निवासी परमजीत कौर द्वारा गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया था, वहीं जमीन सीलिंग की निकली और शुक्रवार को उसे प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस जमीन पर करोड़ों रूपये की लागत से पाँच आलीशान बीएड कॉलेज भी बने हुए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से काफी पुलिस बल तैनात रहा।

## सम्बंध विच्छेद

मैंनें अपने पुत्र गौतम चावला को उसके दुर्व्यवहारों से तंग आकर उससे अपने व अपने परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं तथा पुत्र गौतम चावला को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का अपने पुत्र गौतम चावला से कोई वास्ता-सरोकार नहीं है।

**हरीश चावला पुत्र श्री ज्ञान चन्द्र**
**निवासी-ई.-4, एलायन्स कालोनी**
**किंग्सटन एस्टेट, भूरारानी रुद्रपुर**
**जिला उधमसिंह नगर**

# पुलिस ने समीर हत्याकांड का किया खुलासा

**मुख्य आरोपी सहित दो पकड़े, नशे के विवाद में हुई थी हत्या**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बीते दिन गुरुवार को 20 वर्षीय युवक समीर उर्फ लक्की की निर्मम हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने जल्द कार्रवाई करते हुए घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया गया है।



गुरुवार की सुबह रामनगर के मोहल्ला गुलरघट्टी क्षेत्र में आदर्श नगर कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय समीर उर्फ लक्की का शव नहर किनारे खून से लथपथ हालत में मिला था। अज्ञात लोगों द्वारा पत्थर से सिर कुचलकर की गई इस निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले में मृतक के भाई रिजवान की तहरीर पर कोतवाली रामनगर में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि पुलिस जांच में मुख्य आरोपी नजीर निवासी मोहल्ला गुलरघट्टी रामनगर और दूसरा सह-आरोपी आशीष निवासी ग्राम पूछड़ी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि मृतक समीर और आरोपी नजीर दोनों नशे के आदी थे। घटना वाली रात नशे का सेवन करने के दौरान नशे की मात्रा को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया। उन्होंने बताया कि विवाद के दौरान आरोपी नजीर ने समीर को नीचे गिराकर ईंट से उसके सिर और चेहरे पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईंट, खून से सने कपड़े और जूते बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के आप. राधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। जल्द खुलासे पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को 1500 का इनाम देने की घोषणा की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई।कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में कोतवाल सुशील कुमार, एसएसआई महेंद्र प्रसाद, एसएसआई दीपक बिष्ट, मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार, पीरुमदारा पुलिस चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह बिष्ट, एसआई तारा सिंह राणा, एसआई सोमेंद्र सिंह,एसआई तालिब हुसैन, कांस्टेबल संजय कुमार, संजय सिंह, महबूब आलम, भूपेंद्र सिंह शामिल रहे।

# अवैध कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आबकारी विभाग की टीम ने आबकारी निरीक्षक उमेश पाल ने नेतृत्व में मुखबिर खास की शिकायत पर भगवाबंगर में आरोपी दीपक नाथ पुत्र स्व पूरण नाथ निवासी भगवाबंगर रामनगर के घर से लगभग 60 पाऊच अवैध कच्ची शराब बरामद की।

आबकारी निरीक्षक उमेश पाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम धारा 60 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस दौरान आबकारी विभाग की टीम में आबकारी निरीक्षक उमेश पाल,उप आबक. ारी निरीक्षक हेमंत गोस्वामी, आबकारी सिपाही रमाकांत बावड़ी,अलका जगवती आदि मौजूद रहे है।



# धौनी शिलिंग गांव में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम

- जिलाधिकारी मनीष कुमार की अगुवाई में लगा जनता दरबार
- 899 लोगों को मिला सीध लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** नेपाल सीमा से लगे गुमदेश क्षेत्र के धौनी शिलिंग गांव में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत पूरा जिला प्रशासन लोगों के घरों तक पहुंचा। जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में प्रशासन ने न सिर्फ लोगों की समस्याएं सुनीं, बल्कि मौके पर ही उनका समाधान कर राहत पहुंचाई।

जनता दरबार में ऐसे दर्जनों पात्र लोगों को पेंशन योजनाओं से जोड़ा गया, जो लंबे समय से किसी कारणवश जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पा रहे थे। कार्यक्रम के दौरान महेश राम की 13 वर्षीय पुत्री सुहाना, जो लंबे समय से बीमार है और अब तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनवा सकी थी, का प्रमाण पत्र जिलाधिकारी की निगरानी में सीएमओ डॉ. देवेश चौहान द्वारा बनाया गया। सुहाना के साथ ही देवकी, हीरा, आकाश, शांति, कृष्ण और दीवान गिरी के भी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए, जिससे उन्हें अगले माह से सरकारी पेंशन का लाभ मिल सकेगा। सुबह से ही शिविर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों से ग्रामीणों ने योजनाओं का पूरा लाभ उठाया। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 132 शिकायतें आईं, जिनमें से 100 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। शिविर के दौरान जिलाधिकारी ने कई गरीब महिलाओं और जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर कड़ाके की ठंड में बड़ी राहत पहुंचाई। कार्यक्रम के संचालन में दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र ढ़ेकक, सीडीओ डॉ. जीएस खाती, एसडीएम नीतू डांगर, बीडीओ केएस रावत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से सहयोग करते नजर आए। सीएमओ डॉ. देवेश चौहान की देखरेख में चिकित्सा, स्वास्थ्य, आयुष (आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक) विभागों द्वारा भी शिविर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## दो से अधिक शस्त्र रखने वाले शस्त्रधारकों के जमा कराए जाएं शस्त्र: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में बैठक लेते हुए जनपद में दो से अधिक शस्त्र/शस्त्र लाईसेंस रखने वालों नोटिस देते हुए एक सप्ताह की भीतर शस्त्र लाईसेंस जमा कराने के निर्देश पुलिस व प्रभारी अधिकारी शस्त्र को दिए।

जिलाधिकारी बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के आयुध नियम-2019 के संशोधन के अनुसार कोई भी व्यक्ति दो से अधिक शस्त्र नहीं रख सकता हैं। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में समय-समय पर समाचार पत्रों में शस्त्र/शस्त्र लाईसेंस जमा कराये जोने हेतु प्रकाशन भी कराया गया है साथ ही दो अधिक शस्त्र/शस्त्र लाईसैंस रखने वालो को नोटिस भी दिये गये थे। जिसके क्रम में ऐसे शस्त्रधारकों के द्वारा अपने दो से अधिक शस्त्र /शस्त्र लाईसैंस को निरस्त कराये जाने के सम्बन्ध में कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शस्त्रधारकों के द्वारा एक सप्ताह के भीतर अपने दो से अधिक शस्त्र/शस्त्र लाईसैंस को सम्बन्धित थाना में जमा कराते हुए दो से अधिक शस्त्र/शस्त्र लाईसैंस को निरस्त कराना होगा। यदि ऐसे नही किया जाता है तो एक सप्ताह के बाद दो अधिक शस्त्र/शस्त्र लाईसेंस रखने वालो के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डा. उत्तम सिंह नेगी, ओसी गौरव पाण्डेय, सीओ प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे।

### एक नजर

## अल्पसंख्यक मोर्चे के कुमाऊं सह संयोजक बने इरफान अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के कुमाऊं सह संयोजक बनाए जाने के बाद इरफान अली का मुंडिया में भाजपा मंडल बाजपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार ने बताया कि इरफान अली को नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ सरकार कार्य कर रही है। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी गौरव शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार शिक्षा और विकास को प्राथमिकता दे रही है और एक हाथ में कुरान व दूसरे हाथ में कंप्यूटर की सोच के साथ आगे बढ़ रही है। यहां मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, एडवोकेट अजीम अहमद चौधरी, गौरव शर्मा, हामिद खान, रंजीत सोहता, शरीफ अहमद, उस्मान, मोबीन, यूसुफ, छोटे, बबली, हबीब, इदरीश, आसिफ, रामबाबू पाल, शमशाद हुसैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वन विभाग की उदासीनता के चलते काटे जा रहे हरे पेड़

- हरे पेड़ों की डालियों की बल्लियां व वेश कीमती लकड़ी के गिल्टे बे खौफ आ रहे बाजार में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जंगल सीमा से इन दिनों आबादी की ओर वेश कीमती लकड़ी के गिल्टे साइकिलों व टुकटुक में लाये जा रहे हैं। वन विभाग की कड़ी चौकसी के बाद भी साइकिलों पर बड़े-बड़े गट्ठे आते जाते किसी भी समय एवं किसी भी मार्ग में देखे जा सकते हैं। जानकारों की मानें तो यह मामला वन विभाग के कर्मचारियों की देखरेख में चल रहा है।

हरे पेड़ों की बल्लियां एवं कच्ची डालियों के टुकड़े कर साइकिलों में लोड कर लाये जा रहे हैं। उपप्रभाग खटीमा के अंतर्गत आने वाली जंगल सीमा से हरे पेड़ों की डालियों एवं वेश कीमती पेड़ों के तनों को काटकर आबादी की ओर लाये जाने का सिलसिला व्यापक स्तर पर चल रहा है। इसके चलते पर्यावरण संरक्षण को लगातार खतरा बन रहा है। वन विभाग की चौकियों एवं वन कर्मियों का उनके प्रति किसी तरह की कार्रवाई होती नहीं दिखती है। जानकार बताते हैं कि जंगल में वन विभाग के लिए काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी के बदले लकड़ी काट कर ले जाने की अनुमति देना बताया जाता है। दिनभर जंगल में काम करने वाले मजदूरों को वन विभाग मजदूरी नहीं देता है। इन मजदूरों को जंगल से लकड़ी काटकर उसे बाजार में बेचकर अपनी मजदूरी वसूली जाती है।

उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने जंगल सीमा से बड़े पैमाने पर बेखौफ लाई जा रही लकड़ी के संबंध में बताया कि इस मामले में शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जायेगी। एसडीओ फॉरेस्ट वर्मा ने बताया कि इस बात का भी पता लगाया जाएगा कि जंगल में काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी दी जाती है या मजदूरी के एवज में लकड़ी ले जाने की अनुमति दी जा रही है।

## मंत्री रेखा आर्या ने किया जन समस्याओं का समाधान

- 'जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुई कैबिनेट मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में आयोजित 'जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार' कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सैकड़ों जन समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में अपनी अपनी समस्याएं लेकर भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

राजकीय इंटर कॉलेज सातशिलिंग में न्याय पंचायत बीसा बजेड की समस्याओं को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने टूटी हुई नाली और सड़क बनवाने, फसलों की सुरक्षा के लिए तार बाड लगाने, पेयजल सप्लाई नियमित करने, राशन कार्ड व अन्य सरकारी दस्तावेज बनवाने, चेक डैम बनवाने और खेल मैदान बनवाने जैसी समस्याएं व मांगे उठाई। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कार्यक्रम में मौजूद सभी विभागों के जिला स्तर के अधिकारियों से इन समस्याओं पर जवाब तलब किया और मौके पर ही उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के दूरस्थ गांव में भी विकास की धारा को प्रवाहित करने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर मेयर कल्पना देवलाल, राज्यमंत्री गणेश भंडारी, राज्यमंत्री अशोक नबियाल, जिलाधिकारी आशीष भटगांई, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, उप जिलाधिकारी मनजीत सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी आशुतोष सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत आदि उपस्थित रहे।

## बिगड़ती पानी की व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगरपालिका के सभासदों ने संयुक्त रूप से रामनगर में बिगड़ी पानी की व्यवस्था को सुधारने की मांग को लेकर एक ज्ञापन जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार को दिया।

शुक्रवार को दिए गए ज्ञापन में सभासदों ने बताया कि रामनगर में जल संस्थान के कारण पानी की व्यवस्था बिगड़ गई है।कुछ क्षेत्रों में पानी की लाइने टूटी हुई है और पानी भी दूषित आ रहा है। उन्होंने बताया कि जल संस्थान के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। कई बार फोन किया लेकिन अधिकारियों का फोन उठ नहीं पाता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार ने बताया कि सभासदों द्वारा जो समस्या आज रखी गई है उसको प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। इस दौरान सभासद तनुज दुर्गापाल, शमीम अहमद, नदीम अंसारी, सचिन कुमार, सलमान सलमानी, नवीन सुनेजा, शबाना परवीन, जफर इकबाल, करीमुद्दीन, शिवी अग्रवाल, दीप्ति बिष्ट, विक्रम भट्ट, हेमंत बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** किच्छा हाईवे पर गुरुवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार गुरुवार रात इंदिरा कॉलोनी के पास किच्छा मार्ग पर सड़क किनारे दो युवकों के बेहोश पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि पास में एक बाइक क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी।

स्थानीय नागरिकों की मदद से दोनों घायलों को उप जिला चिकित्सालय सितारगंज पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने 35 वर्षीय धीरज सिंह पुत्र नंदकिशोर, निवासी नौगवांठग्गू, खटीमा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल संदीप उर्फ गुड्डू पुत्र जयंत सिंह, निवासी नौगवांठग्गू, खटीमा को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन निजी अस्पताल खटीमा ले गए। एएसआई प्रेम सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार दोनों युवक बाइक से रिश्तेदारी में आए थे।

मृतक धीरज सिंह पेशे से किसान था। उसकी मौत से पत्नी रूपवती, दो पुत्रियों आंशिक व जयसिका तथा माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## योजनाओं की प्रगति को लेकर डीएम ने की समीक्षा

- जलापूर्ति योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में जल निगम एवं जल संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में संचालित जल जीवन मिशन तथा ग्रामीण/क्षेत्रीय पाइप्ड जलापूर्ति योजना के अंतर्गत चल रही योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में विशेष रूप से सिंगल विलेज योजनाओं के अंतर्गत RPWSS ID निर्माण की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। इसके साथ ही जल जीवन मिशन उत्तराखंड के अंतर्गत जनपद में संचालित समस्त योजनाओं की वर्तमान स्थिति, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न स्तरों पर लंबित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि हर घर तक स्वच्छ, सुरक्षित एवं नियमित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र एवं राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा अनावश्यक विलंब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा।

जिलाधिकारी ने जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी MVS योजनाओं के अंतर्गत RPWSS ID निर्माण, हर घर जल ग्राम प्रमाणीकरण एवं पीएम गति शक्ति पोर्टल पर KML फाइल स्वीकृति के प्रगति प्रतिशत में आगामी एक सप्ताह के भीतर उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी अधिशासी अभियंता (AE) अथवा अवर अभियंता (JE) द्वारा निर्धारित समयसीमा में अपेक्षित प्रगति नहीं लाई जाती है, तो उनके विरुद्ध दायित्व तय करते हुए आवश्यक विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की निरंतर एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर तकनीकी, प्रशासनिक अथवा वित्तीय बाधाओं को समय रहते दूर किया जा सके। बैठक में अधीक्षण अभियंता जल संस्थान पीएस रावत, अधीक्षण अभियंता जल निगम आरएस धर्मशक्तू, अधिशासी अभियंता जल संस्थान सुरेश जोशी, जल निगम पीएन चौधरी उपस्थित थे। इसके अलावा अन्य डिवीजन वीसी से जुड़े रहे।

## ईपीएस-95 पेंशन बढ़ोतरी की मांग तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**20 जनवरी को उपवास अनशन का ऐलान**

**रामनगर।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति उत्तराखण्ड के तत्वावधान में शुक्रवार को उत्तराखण्ड परिवहन निगम की वर्कशॉप रामनगर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संघर्ष समिति के उत्तर भारत मुख्य समन्वयक सुरेश डंगवाल ने की।

बैठक में उत्तराखण्ड परिवहन निगम, भारतीय खाद्य निगम, एचएमटी, वन निगम, कुमाऊं मंडल विकास निगम, कुमाऊं मोटर ओनर यूनियन लिमिटेड, पेपर मिल सहित विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं ईपीएस-95 पेंशनर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्य वक्ताओं में सुरेश डंगवाल मुख्य समन्वयक उत्तर भारत, प्रांतीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह अधिकारी, प्रांतीय समन्वयक जगत सिंह डोभाल, प्रदेश सचिव गणेश मेलकानी,जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार वालिया,मोहन सिंह कार्की, मोहन सिंह बिष्ट, पान सिंह नेगी, ब्रिज मोहन सिजवाली, सत्यप्रकाश गोस्वामी, मनोहर रावत, गिरधर मनराल, भुवन फुलारा सहित कई लोगों ने शिरकत की। बैठक के दौरान राष्ट्रीय संघर्ष समिति की रामनगर शाखा का गठन किया गया, जिसमें दिनेश पंत को अध्यक्ष, गोपाल रिखाड़ी को सचिव एवं कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय समिति द्वारा जारी आंदोलन नोटिस का पूरी मजबूती से पालन किया जाएगा। समिति की मुख्य मांग है कि न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रतिमाह की जाए और इसे महंगाई भत्ते से जोड़ा जाए।

## लोह शिल्प और मौन पालन को मिलेगा नया जीवन

- मॉडल जिला चम्पावत में परंपरागत व्यवसायों को कुटीर उद्योग के रूप में विकसित करने की तैयारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत मॉडल जिला चम्पावत में काली कुमाऊं की प्रसिद्ध लोह शिल्प कला को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ मौन पालन कार्यक्रम को कुटीर उद्योग के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। यह बात जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अपनी अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान कही।

जिलाधिकारी ने कहा कि काली कुमाऊं की लोहे की शिल्प कला, विशेष रूप से कढ़ाई और कटारिया, अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी है, लेकिन इस व्यवसाय से जुड़े कारीगरों की संख्या सीमित होने के कारण यह परंपरा धीरे-धीरे सिमटती जा रही है। इसे देखते हुए इस शिल्प को पूर्ण रूप से पुनर्जीवित किया जाएगा तथा इससे जुड़े कारीगरों को तकनीकी प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों की जानकारी और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि यह शिल्प रोजगार का सशक्त माध्यम बन सके। उन्होंने कहा कि जिले में मौजूद लोह शिल्पियों को वर्षभर रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा बाहर से मंगाए जाने वाले कृषि यंत्रों के स्थानीय स्तर पर निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार किया जा सकता है। इससे स्थानीय कारीगरों को निरंतर कार्य मिलेगा और किसानों को भी कम लागत में कृषि उपकरण उपलब्ध हो सकेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने मॉडल जिले में मौन पालन की अपार संभावनाओं पर भी विशेष जोर दिया।

मौन पालन कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के लिए च्यूरा प्रजाति के पौधों का योजनाबद्ध एवं वैज्ञानिक ढंग से रोपण किया जाएगा। च्यूरा ऐसे समय में फूल देता है जब आसपास की अधिकांश वनस्पतियां सूख जाती हैं, जिससे यह मधुमक्खी पालन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। साथ ही इससे शहद सहित अन्य मूल्य संवर्धित उत्पादों का उत्पादन कर किसानों की आय बढ़ाई जा सकेगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती, एडीएम केएन गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री रेखा ने किया महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का निरीक्षण

- लगभग 237 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा स्पोर्ट्स कॉलेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद के लोहाघाट क्षेत्र स्थित छमनिया में निर्माणाधीन उत्तराखंड के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री एवं राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्या ने स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 237 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस महत्त्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को उन्होंने प्रदेश की महिला खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर बताया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री रेखा आर्या ने कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता या समयबद्धता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने लगभग पूर्ण हो चुके सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निरीक्षण किया और वहां अभ्यास कर रही महिला खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लोहाघाट का यह महिला स्पोर्ट्स कॉलेज आने वाले समय में उत्तराखंड के लिए खेलों का पावर हाउस साबित होगा।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने परिसर में विकसित हो रहे फुटबॉल ग्राउंड, एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड, वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल कोर्ट, अन्य खेल मैदानों के साथ-साथ खिलाड़ियों के छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, प्रशासनिक भवन और एडमिन ब्लॉक की प्रगति की भी समीक्षा की। इस महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में 300 बालिकाओं की क्षमता वाले तीन छात्रावास, मल्टीपर्पज हॉल, एकेडमिक ब्लॉक, ऑडिटोरियम और गेस्ट हाउस जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, सुभाष बगोली, हिमेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी मनीष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, उपजिलाधिकारी नीतू डागर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अधेड़ की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रम्पुरा वार्ड 22 निवासी मलखान पुत्र भीमसेन के रूप में हुई मृतक की शिनाख्त**

**रुद्रपुर।** एक फार्म के खंडहर पड़े घर में अधेड़ की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। शव के पास से कुछ पैसे, मोबाइल और गमछा मिला है। मृतक की पहचान रम्पुरा वार्ड-22 निवासी मलखान पुत्र भीमसेन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रीत विहार फाजलपुर महरौला से सटा हुआ एक फार्म हाउस है। इसका स्वामी विदेश में रहता है और फार्म की देखरेख मैनेजर हाकिम अली करता है। वहीं मजदूरों का परिवार भी फार्म हाउस के पास रहता है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे के आसपास फार्म हाउस में काम करने वाले एक मजदूर की पत्नी सुनीता अपनी बकरी बांधने के लिए खंडहर के पास झाड़ियों में गई थी। खंडहर के पास से सुनीता को मोबाइल की घंटी बजते हुए सुनाई दी। जब वह वहां पहुंची तो एक अधेड़ की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। इसकी सूचना महिला ने अपने पति को दी। मजदूर ने मैनेजर हाकिम अली को मामले की जानकारी दी। मैनेजर की सूचना पर सीओ सिटी प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई केसी आर्या, एसएसआई अनिल जोशी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। शव के पास से मोबाइल फोन, गमछा और अन्य सामान बरामद किए गए। वहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इधर, सोशल मीडिया पर मोबाइल फोन की स्क्रीन पर मृतक की बेटी का फोटो दिखाई देने के बाद किसी ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। इससे मृतक की पहचान मूल निवासी कैथल चंदौसी उत्तरप्रदेश हाल रम्पुरा वार्ड 22 निवासी 45 वर्षीय मलखान पुत्र भीमसेन के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, लखनऊ में काम करता था और बुधवार को ही रुद्रपुर अपनी बेटी से मिलने आया था। सीओ सिटी ने बताया कि मृतक के सिर और मुंह पर ईंट और पत्थर से वार कर हत्या की गई है। मामले में जांच की जा रही है।

## राज्य आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रूहेला जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** राज्य आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रूहेला के क्षेत्र में पहुंचने पर शुक्रवार को भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट ने नगर में 200 पर्यावरण मित्र की भर्ती कराने, नाले-नाली, सड़कों की मरम्मत कराने को आपदा फंड से रकम दिलाने के मांग पत्र सौंपे। इसमें पूर्व रूहेला भाजपा नेता मनोज तोमर के घर पहुंचे। जहां उनकी माता के निधन पर शोक जताया। ग्राम मंडवाखेड़ा में राष्ट्रीय ध्वज के स्थल चयन के लिए लोगों से चर्चा की। वहीं कटारमल देवता के दर्शन कर पूजा अर्चना की। यहां गन्ना सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष मंजीत राजू, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, राजकुमार सिंह,गुरताज भुल्लर, डा. यूनुस चौधरी, कमल चौहान, ईओ उदयवीर सिंह, सचिन विश्नोई, नीलकमल, रवि मणी, गौतम गिरी, सुधीर विश्नोई, अमित विश्नोई, विशाल,उमा,अनीता, ज्योति,ललित शर्मा,सुरेंद्र सिंह, जाकिर हुसैन, गोविंदा समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने केएलडीएवी कॉलेज में सम्मान समारोह को वर्चुअल माध्यम से किया संबोधित

# सभी सहयोग से जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ रही सरकारः धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कन्हैया लाल डीएवी महाविद्यालय मं सम्मान समारोह को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि सभी के विश्वास, सहयोग से सरकार जनसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है।

सरकार का प्रथम दायित्व होता हैं की जनता की समस्याओं को सुने और उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि जैसे ही मेरे संज्ञान में आया कि इस महाविद्यालय के कर्मचारियों को पिछले लगभग 8 महीनों से बिना वेतन के अपने सभी दायित्वों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन कर रहे हैं। तो सरकार का भी कर्तव्य था कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए। उन्होंने कहा की शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं होता बल्कि वो समाज की चेतना को दिशा देने वाला मार्गदर्शक भी होता है।जिस समाज में शिक्षक सुरक्षित, सम्मानित और संतुष्ट होता है, वही समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए उन्नति के शिखर पर पहुंचता



है।उन्होंने कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार शिक्षकों और विद्यार्थियों के हितों को प्रमुखता देते हुए राज्य में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, व्यावहारिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए भी कई स्तरों पर कार्य कर रहे हैं।तथा सरकार, शिक्षा व्यवस्था को केवल परीक्षा और डिग्री तक सीमित नहीं रखना चाहती। बल्कि उसे स्किल डेवलपमेंट से जोड़कर राज्य में रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में सबसे पहले नई शिक्षा नीति को लागू कर अपनी प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट कर दिया है। नई शिक्षा नीति के तहत अब विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और बिग डेटा जैसे कई नए कोर्स शुरू हो रहे हैं।हमारी शिक्षा प्रणाली अब और अधिक व्यवहारिक और रोजगारपरक बन रही है।अब छात्रों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए कौशल और आत्मविश्वास भी मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि जो युवा देश के 100 श्रेष्ठ रैंकिंग वाले संस्थाओं में प्रवेश लेंगे,सरकार उन्हें 50,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी देने का कार्य कर रही है। उत्तराखंड का युवा केवल नौकरी मांगने वाला न बने, बल्कि स्टार्टअप के माध्यम से नौकरी देने वाला भी बने।इसके



लिए उत्तराखंड के महाविद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ ही 09 नए महाविद्यालयों की स्थापना करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार देने के मामले में उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार इसी समर्पण के साथ शिक्षकों के सम्मान और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।इसी विकल्प रहित संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं और जब तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य नहीं बना लेते तब तक न हम रुकेंगे और न थकेंगे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, विधायक प्रदीप बतरा,भाजपा जिला अध्यक्ष मधु सिंह, कार्यक्रम का सफल संचालक अध्यक्ष केएल डीएवी (पीजी) कॉलेज पूर्णिमा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी, राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति, नवनीत गर्ग, पंकज गर्ग, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ, एसपी देहात शेखर सुयाल, उप जिलाधिकारी भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी, प्राचार्य एमपी सिंह, महासचिव मुदित गर्ग, अंकित पुरोहित सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



## गोकशी करते एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गोवंश संरक्षण स्क्वाड एवं कोतवाली रुड़की पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जोरासी में नदीम नामक व्यक्ति के घर पर गोकशी की जा रही है। प्राप्त सूचना पर तत्काल गोवंश संरक्षण स्क्वाड एवं रुड़की पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान मौके से अभियुक्त नदीम पुत्र नसीम, निवासी ग्राम जोरासी, थाना कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार को 13.71 किलोग्राम गौमांस एवं गोकशी में प्रयुक्त उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। घटनास्थल से अन्य अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। उक्त प्रकरण में थाना कोतवाली रुड़की पर गोवंश संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त का नाम व पतानदीम पुत्र नसीमनिवासी ग्राम जोरासी, कोटा रोडथाना कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार बरामद माल. 13.71 किलोग्राम गौमांस, पशु कटान (गोकशी) के उपकरण किय है। पुलिस टीम/गोवंश संरक्षण स्क्वाड उ0नि0 शरद सिंह,कांस्टेबल प्रवीण कुमार,. हे0कानि0 सुनील सैनी, कांस्टेबल पवन कुमार, महिला कांस्टेबल लखमीरी, कांस्टेबल अनूप शामिल रहे।

## मयंक गुप्ता के आवास पर सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मयंक गुप्ता के कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को हरिद्वार सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न निकायों के लिए नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधियों का फूल-मालाओं और पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

भाजपा नेता मयंक गुप्ता ने कहा कि मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जमीनी कार्यकर्ताओं को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर संगठन का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा ये नियुक्तियां दर्शाती हैं कि भाजपा में निष्ठावान कार्यकर्ता की पहचान और सम्मान सर्वोपरि है। हमें विश्वास है कि सभी प्रतिनिधि सांसद के विजन को धरातल पर उतारने और जनता की समस्याओं के समाधान में सेतु का काम करेंगे। इस दौरान विभिन्न निकायों के लिए मनोनीत प्रतिनिधि हरिद्वार नगर निगम अनिल पुरी, रुड़की संजय प्रजापति, ध्नगर पालिका लक्सर राहुल अग्रवाल, मंगलौर सचिन राठी, अतुल वशिष्ठ (शिवालिक नगर) नगर पंचायत डॉ. जोध सिंह (झबरेड़ा), मनोज कपिल (भगवानपुर) एवं विक्रम गर्ग (इमली खेड़ा) का स्वागत किया गया। नवनियुक्त प्रतिनिधियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए सामूहिक संकल्प लिया कि वह केंद्र और राज्य सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर बृजेश गुप्ता, मनोज मेहरा, रोमा सैनी, संजय पाल, रश्मि चौधरी, धीरज पाल, पार्षद कुलदीप तोमर, पार्षद मनोज कुमार, संजय प्रजापति, रमेश जोशी, अवनीश त्यागी, गोपाल कंसल, विशाल गांधी, गोनू पंडित, नवनीत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### लंढौरा में उर्जा निगम ने की छापे मारी

## दो दर्जन से अधिक जगहों पर पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** विधुत विभाग द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ अभियान जारी है। शुक्रवार को उर्जा निगम की टीम ने लंढौरा क्षेत्र में घरों, ईट भट्टों पर छापेमारी करते हुए 1 ईट भट्टा समेत 2 दर्जन से अधिक जगहों में बिजली चोरी पकड़ी है। विभागीय अधिकारी पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे है।

लंढौरा क्षेत्र में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर उर्जा निगम अधिकारियों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। शुक्रवार को एसडीओ गुलशन बुलानी के नेतृत्व में उर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। एसडीओ गुलशन कुमार बुलानी ने बताया कि टीम द्वारा घरों व ईट भट्टों पर सघन चौकिंग के दौरान 1 ईट भट्टा समेत 2 दर्जन घरों में बिजली चोरी होती पाई गई है। पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने बिजली बकायादारों से बिजली का बिल जमा करने तथा बिजली चोरी की रोकथाम में लोगों से सहयोग की अपील भी की है। उन्होंने बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर आगे भी अभियान जारी रहने की बात कही। उर्जा निगम द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी से बिजली चोरों में दिन भर हडकंप मचा रहा। टीम में एसडीओ मंगलौर अनुभव सैनी, एसडीओ झबरेड़ा मोहम्मद रिजवान अवर अभियंता देवेंद्र शर्मा, नसीम अहमद, अभिषेक व लाइन स्टाफ मौजूद रहे।

## सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं : देशराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" के अंतर्गत विकास खंड भगवानपुर में एक भव्य बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार भगवानपुर दयाराम ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं से 1500 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया, जबकि 450 नागरिकों को विभिन्न प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में कुल 1950 क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर) देशराज कर्णवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार यह अभियान प्रदेश की प्रत्येक न्याय पंचायत में चलाया



जा रहा है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे और समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 58 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 35 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। प्रमुख समस्याओं में भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अनीश गौड़, प्रदेश कोषाध्यक्ष एससी मोर्चा जॉनी केसरिया, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती नीलकमल शर्मा उपस्थित रहे।

## अपहरण का आरोपी मेरठ से दबोचा नाबालिग पुत्री परिजनों को सौंपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कप्तान के कड़े निर्देशों और कोतवाली गंगनहर पुलिस की त्वरित व सधी हुई कार्रवाई के चलते नाबालिग बालिका के अपहरण की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और संवेदनशीलता का स्पष्ट संदेश गया है। दिनांक 13 जनवरी 2026 को कोतवाली गंगनहर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाना गंगनहर पर लिखित तहरीर दी गई थी, जिसमें उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताए लापता होने की जानकारी दी गई। तहरीर के आधार पर थाना गंगनहर पर मु0अ0सं0 15/2026 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक मुनव्वर हुसैन को सौंपी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपहृता की शीघ्र बरामदगी के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी रुड़की के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर मनोहर भंडारी द्वारा थानास्तर पर कई पुलिस टीमें गठित की गईं। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 15 जनवरी 2026 को पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को मेरठ से सकुशल बरामद कर लिया। इसी दौरान आरोपी शाहजेब पुत्र महमूद निवासी वाला कब्रिस्तान वाली गली, रसीद नगर, थाना ब्रह्मपुरी, जिला मेरठ (उ0प्र0) को गिरफ्तार किया गया। बरामद नाबालिग के बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 64(2)(ड)/87 बीएनएस एवं 5(एल)/6 पोक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी की गई है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, वहीं उसके आपराधिक इतिहास की भी गहनता से जांच की जा रही है। पूरी कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में उप निरीक्षक मुनव्वर हुसैन, हेड कांस्टेबल बबीता एवं कांस्टेबल अर्जुन की सराहनीय भूमिका रही, जिनकी सतर्कता और टीमवर्क से यह सफलता संभव हो सकी। कोतवाली प्रभारी मनोहर भंडारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "नाबालिगों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## युवकों पर लगाया गाड़ी में डालकर अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पिरान कलियर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कलियर और मंगलौर निवासी कुछ युवकों पर कार में डालकर अपहरण कर मारपीट करने का आरोप लगाया।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पिरान कलियर के जवांईखेड़ा निवासी रज्जाक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ब्रस्पतिवार करीब 10 बजे वह अपनी ठेली पर जा रहा था तभी गंगनहर के पुराने पुल के पास घात लगाकर बैठे कुछ युवकों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए जबरन एक सफेद रंग की दिल्ली नंबर की कार में डाल लिया।और उसके हाथ-पैर बांधकर बंधक बना लिया। उसके बाद उसे दरगाह अब्दाल शाह के पास एक कालोनी के चौराहे की और ले जाने लगे।कार धीमी गति से हुई तो उसने किसी तरह से हाथ पैर खोलकर कार से उतरकर भागा। और पास के एक गेस्ट हाउस में घुस गया लेकिन हमलावर वहां भी पीछे-पीछे घुस आए और उसे पीटना शुरू कर दिया। उसके बाद आरोपी युवक उसे ठेले में डालकर अपने घर ले गए।इसी बीच उसके परिजनों को पता चल गया उसके बाद उसके भाई ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उनके चंगुल से छुड़ाया।वहीं इस पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें हमलावर युवक को जबरन ठेले में डालकर ले जाते दिख रहे हैं।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया गया था।यह आपस में रिश्तेदार है।इनका कुछ आपसी मामला है।तहरीर के आधार पर जांच की जा रही हैं।

## सड़क किनारे वाहन नहीं खडा करने के आदेशों का चालकों पर नहीं कोई असर

**झबरेडा।** सड़क किनारे ट्रक डंपर आदि बड़े वाहन सड़क किनारे खड़े नहीं करने के उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद भी कुछ ट्रक चालको पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। कस्बे में सड़क किनारे अक्सर कहीं भी ट्रक व डंपर खड़े देखे जा सकते हैं। जिससे सड़क दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है ।कस्बे व क्षेत्र वासियों द्वारा सड़क किनारे कोई भी बड़ा वहान नही खड़े करने की मांग शासन प्रशासन से की है। अधिक कोहरा पडने के कारण सड़क दुर्घटनाओ को रोकने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा कहीं भी सड़क किनारे ट्रक व डंपर तथा अन्य बड़े वाहन खड़े नहीं करने के आदेश पारित किए गए थे। घना कोहरा पड़ने से सड़क किनारे खड़े वाहनों में कार व दो पहिया वाहनों की कई बार टक्कर होने से बड़े हादसे होते रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे वाहनों का खड़ा होना खतरे से खाली नहीं रहता। इस समय घना कोहरा पड़ रहा है। घना कोहरा पडने से सड़क किनारे खड़ा वाहन दिखाई नहीं पडने के कारण वहां से आने जाने वाले दूसरे वाहन टकरा जाते हैं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिलता है। कस्बा व क्षेत्र वासी चौधरी बिरम सिंह यशवीर सिंह तरुण कुमार यश मोद सुलेमान मलिक कालूराम आदित्य गुप्ता आदि का कहना है कि सड़क किनारे वाहन खड़े होने के कारण दुर्घटना होती रहती है।

## जान से मारने की नीयत से हमले का आरोप

**झबरेडा।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति द्वारा एक महिला सहित चार लोगों पर जान से मारने की नीयत से हमला कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रियंक कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि आठ जनवरी की देर शाम वह अपनी सब्जी की दुकान बंद कर अपने घर पैदल ही जा रहा था। जैसे ही वह मोहल्ला लुहारान में पहुंचा तो उसी समय मीनू देवी पुत्री धरम वीर तथा दो अन्य लोगों द्वारा पीछे से आकर उसे गाली गलौज करते हुए लोहे की रॉड से उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

## अवैध तमंचे के साथ एक संदिग्ध दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर का बरामद हुआ है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 15 जनवरी 2026 को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर का बरामद हुआ पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रितिक पुत्र विजेंद्र निवासी अकोढा खुर्द लक्सर हरिद्वार बताया। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार कांस्टेबल अनिल वर्मा शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## विद्युत पोल हटाने को लेकर नपं चैयरमेन ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बे के रुड़की-लक्सर मार्ग पर सड़क के दोनों ओर लगे विधुत पोल जल्द ही हटेंगे चौयरमैन डॉ नसीम के प्रयासों से विधुत विभाग की टीम ने गुरुवार को कस्बे में सड़क के दोनों ओर का सर्वे किया गया है।

कस्बे के रुड़की-लक्सर मार्ग पर आए दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने को लेकर चौयरमैन डॉ नसीम ने पॉवर कारपोरेशन के अधीक्षण अभियंता को सड़क किनारे से विधुत पोल हटाने की समस्या से अवगत कराया था, इस बाबत उन्होंने एक मांगपत्र सौंपते हुए तर्क दिया था, कि सड़कों के दोनों ओर खड़े विद्युत पोलों के कारण कस्बे में प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है,और विधुत पोल के कारण सड़क दुर्घटना भी होती रहती है। कभी कभी वाहनो के टकराने से विधुत पोल टूट जाते है जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। वही सड़क किनारे लगे विधुत पोल से आमजन को भारी परेशानी हो रही है। डॉ. नसीम अहमद ने विद्युत पोलों को सड़क किनारे से पीछे स्थानांतरित कराने की मांग की थी। जिस अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर गुरुवार को विधुत विभाग की टीम ने कस्बे में सड़क किनारे लगे विधुत पोल का सर्वे किया।

एएडीओ गुलशन बुलानी अवर अभियंता विनोद कुमार ने टीम के साथ बस अड्डे से थिथौला तक लगे पोल को देखा। और जल्द ही रिपोर्ट तैयार करने की बात कही। सर्वे के दौरान चौयरमैन डॉ नसीम , हाजी सलीम अहमद आदि साथ रहे।

### आईआईटी रुड़की में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सहनशीलता पर एक दिवसीय कार्यशाला

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण में तकनीक व सामुदायिक सहभागिता अहम : सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सहनशीलता विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यशाला में आपदा जोखिम न्यूनीकरण, आपदा-पूर्व तैयारी, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियाँ, तकनीकी नवाचार तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इससे प्राप्त सुझाव उत्तराखंड सहित समूचे हिमालयी क्षेत्र के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण राज्य भूकंप, भूस्खलन, बादल फटना, अतिवृष्टि, हिमस्खलन और वनाग्नि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है, जिनके दुष्प्रभावों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक तकनीक और सामूहिक प्रयासों से कम किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए। आधार पर राज्य में 10 सूत्रीय एजेंडा पर कार्य



किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एआई आधारित चेतावनी प्रणालियाँ, डिजिटल मॉनिटरिंग, ड्रोन सर्विलांस, जीआईएस मैपिंग, सैटेलाइट मॉनिटरिंग, ग्लेशियर रिसर्च सेंटर, रैपिड रिस्पॉन्स टीमें और फॉरेस्ट फायर अर्ली वार्निंग सिस्टम पर निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने आईआईटी रुड़की के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। राज्य सरकार आईआईटी के सहयोग से भूस्खलन संवेदनशील क्षेत्रों की मैपिंग और बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणालियों के विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने सुरक्षित भवन निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रो. संदीप सिंह ने आपदा प्रबंधन को प्रतिक्रिया-केंद्रित दृष्टिकोण से आगे बढ़ाकर पूर्वानुमान-आधारित और प्रौद्योगिकी-सक्षम मॉडल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हिमालय-केंद्रित अनुसंधान को सशक्त बनाने पर जोर दिया। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के. के. पंत ने कहा कि आपदा-लचीलापन सतत विकास की आधारशिला है और यह विकसित भारत /2047, सेंडाई फ्रेमवर्क और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि संस्थान सरकार, उद्योग और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर आपदा-रोधी अवसंरचना और कुशल मानव संसाधन विकसित कर रहा है। विशिष्ट अतिथि भगवती प्रसाद राघव ने आपदा-तैयारी में सामुदायिक सहभागिता, नैतिक नेतृत्व और सामाजिक जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला में वाडिया हिमालयी भूविज्ञान संस्थान, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, रक्षा इंजीनियरिंग प्रतिष्ठानों एवं विभिन्न राष्ट्रीय शोध संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर आईआईटी रुड़की के अधिकारी, वैज्ञानिक, विभिन्न राज्यों से आए शोधकर्ता एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 17 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## बड़े फैसले की घड़ी

**रियाल में** भारी गिरावट और बढ़ती महंगाई को लेकर तेहरान के ग्रैंड बाजार में दुकानदारों की स्थानीय हड़ताल से जो शुरू हुआ वह इतनी बड़ी चुनौती में बदल गया है जिसका सामना इस इस्लामी गणराज्य ने साल 1979 में अपनी स्थापना के बाद से कभी नहीं किया है। विरोध प्रदर्शनों के पैमाने और निरंतरता ने गहरे बैठे जन असंतोष को उघाड़ कर सामने रख दिया। लंबे समय से पश्चिमी प्रतिबंधों की मार झेल रहा ईरान गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है जो जून 2025 में इजरायल के बमबारी अभियान के बाद और बुरा रूप ले चुका है। दिसम्बर में, सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ायीं और कुछ खाद्य रियायतों को वापस लिया। आवश्यक वस्तुओं की उछलती कीमतों के साथ इस कदम ने जन आक्रोश भड़का दिया। पिछले हफ्ते विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गये, जिसके बाद क्रूर राज्य दमन शुरू हुआ। अमेरिका और नार्वे में अधिकार समूहों ने दावा किया सैकड़ों प्रदर्शनकारी मारे गये हैं, जबकि ईरान के सरकारी मीडिया ने खबर दी कि दंगाइयों द्वारा दर्जनों सुरक्षा कर्मी मारे गये। ईरान ने पहले भी अंदरूनी उथल-पुथल झेली है और बार-बार बाहरी आक्रमणों का सामना किया है, जिसमें सबसे ताजा जून में हुआ इजरायली-अमेरिकी हमला है। लेकिन अभी का संकट इस मायने में अलग है कि इसमें घरेलू अशांति चलने के साथ-साथ विदेशी हस्तक्षेप की धमकी, दोनों का मेल है। बार-बार सैन्य हस्तक्षेप करने की धमकी दे चुके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने, 13 जनवरी को, प्रदर्शनकारियों से ईरान की संस्थाओं पर द्भकब्जा करनेद्ध का अनुरोध किया और कहा कि द्भमदद चल पड़ी है। ईरान की राजनीतिक और आर्थिक प्रणाली लंबी टिकने वाली नहीं है। बार-बार विरोध प्रदर्शनों ने ढांचागत कमजोरियों को सामने ला दिया है, जबकि राज्य ने जनता के गिले-शिकवे दूर करने में कोई सक्षमता नहीं दिखायी है। लेकिन एक और बमबारी अभियान हल नहीं है। ईरान के हुक्मरान दबाव में हैं, लेकिन यह मान लेना गलत है कि वे अंदरूनी तौर पर अलग-थलग पड़ गये हैं। साल 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में लगभग 3 करोड़, कुल निर्वाचकों के तकरीबन 50 फीसदी लोगों, ने वोट डाले। बीते 12 जनवरी को, सरकार-समर्थक रैलियों में हजारों ईरानी सड़कों पर उतरे। इजरायली बमबारी, लगातार विरोध-प्रदर्शनों और ट्रम्प की धमकियों के बावजूद, सुरक्षा तंत्र की वफादारी में कोई दरार नहीं दिख रही। जबरन हुकूमत बदलने के मकसद से अमेरिकी हमला इस क्षेत्र को और गहरी अराजकता में डुबोने या ईरान को हिंसा के लंबे चक्र में धकेलने का खतरा पैदा करेगा। धर्मतंत्र के अत्याचार से मुक्ति के बजाय, युद्ध लोगों के लिए और तकलीफें लेकर आयेगा। अफगानिस्तान, इराक और लीबिया में अमेरिकी आक्रमणों की थोड़ी भी समझ रखने वाला हर व्यक्ति जानता है कि युद्ध से आंतरिक राजनीतिक संकट हल नहीं होते। फिर भी, अमेरिका यह बदनाम और खतरनाक रास्ता दोहराने को तैयार लगता है। ईरान की भलाई के बारे में सचमुच चिंतित लोगों को इसके बजाय वहां के हुक्मरानों से बातचीत के लिए दबाव बनाना चाहिए और सार्थक सुधारों को प्रोत्साहित करना चाहिए। ईरान को अपने आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक संकटों के निवारण की दिशा में बढ़ने के लिए त्वरित व भरोसेमंद बदलाव की जरूरत है, और यह काम तेहरान विदेशी सहयोग से ही शुरू कर सकता है न कि एक और साम्राज्यवादी युद्ध से।

### पता चल जाएगा बीज कहां उत्पादित हुआ



**प्रस्तावित** नए बीज कानून में घटिया बीज बेचने के दोषियों पर 30 लाख का जुर्माना और तीन साल तक की जेल की सजा का भी प्रावधान है, नया बीज अधिनियम 2026 भारतीय कृषि क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार का कदम है, यह कानून नकली बीजों की समस्या को जड़ से खत्म करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए बनाया गया है, विधेयक किसानों की सुरक्षा, बीज की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम है, अब देश में बीजों के लिए ट्रेसिबिलिटी या पूरी जानकारी वाली व्यवस्था लागू की जाएगी, इसके तहत एक क्यूआर कोड भी होगा, जिसे स्कैन करते ही किसान को पता चल जाएगा कि बीज कहां उत्पादित हुआ, किस डीलर ने दिया और उसे किसने बेचा।

**शिवराज सिंह चौहान**
**केंद्रीय कृषि मंत्री**

# दुनिया के लिए ईरान का एयरस्पेस इतना जरूरी क्यों


## ईरान के फैसले का असर न केवल भारत पर पड़ा, बल्कि दुनियाभर के देशों को अपनी एयरलाइंस का रूट बदलना पड़ा........

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव इतना बढ़ चुका है कि ईरान ने अपने एयरस्पेस बंद करने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को ईरान ने अचानक 5 घंटे के लिए अपने एयरस्पेस बंद करते हुए नो फ्लाई जोन की घोषणा कर दी। ईरान सरकार की नीतियों के खिलाफ वहां की जनता का प्रदर्शन जारी है। पिछले कई दिनों से जारी बवाल के बीच अब तक 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान में जिस तरह के हालात देखने को मिले हैं उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले के संकेत दे दिए हैं। दोनों देशों के बीच इस कदर तनाव बढ़ चुका है कि ईरान ने अपने एयरस्पेस बंद करने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को ईरान ने अचानक 5 घंटे के लिए अपने एयरस्पेस बंद करते हुए नो फ्लाई जोन की घोषणा कर दी। ईरान के इस अस्थायी फैसले का असर न केवल भारत पर पड़ा‍ बल्कि दुनियाभर के देशों को अपनी एयरलाइंस का रूट बदलना पड़ा। इसके साथ ही ईरान की ओर से एक नोटिस टू एयरमैन जारी किया गया। इसके मुताबिक कुछ ही इंटरनेशनल फ्लाइट्स को उनके एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत होगी। ईरान के इस कदम से देखते ही देखते पूरा एयरस्पेस तेजी से खाली हो गया। हालांकि 5 घंटे के बाद एयरस्पेस को दोबारा खोल दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के घोषणा से ठीक पहले भारत की इंडिगो एयरलाइन की 6म1808 नंबर की फ्लाइट ने ईरान के एयरस्पेस में मौजूद थी। इस एयरलाइन के बारे में जानकारी है कि ये उस समय जार्जिया से भारत आ रही थी। लाइव फ्लाइट ट्रैकिंग साइट फ्लाइट राडार 24 के मुताबिक, इंडिगो की 61808 नंबर की फ्लाइट रात करीब 2.35 बजे ईरान के ऊपर से गुजरी और इसके कुछ ही समय बाद आसमान पूरी तरह बंद कर दिया गया। यह फ्लाइट सुरक्षित दिल्ली पहुंच गई, लेकिन इसके बाद कोई भी कामर्शियल विमान उस रूट से नहीं गुजर सका। इसे सीधे तौर पर एक उदाहरण से समझा जा सकता है। हर देश में राष्ट्रीय महत्व से जुड़े तमाम स्मारक और वीआईपी क्षेत्र होते हैं। इन सभी की हिफाजतके लिए नो फ्लाई जोन लागू किया जाता है। उदाहरण के तौर पर अगर भारत में नो फ्लाई जोन लागू किया जाए तो राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, लाल किला या फिर ताजमहल के ऊपर से कोई भी फ्लाइट उड़ान नहीं भर सकती है। जब कभी भी दो देशों के बीच जंग की स्थिति बनती है तो देश अपने पूरे एयरस्पेस को नो फ्लाई जोन घोषित कर देता है। इस घोषणा के साथ ही पूरे एयरस्पेस पर उस देश की वायुसेना का अधिकार हो जाता है। ऐसी स्थिति में अगर दुश्मन देश का कोई विमान उस देश के एयरस्पेस के अंदर घुसता है तो उस पर वायुसेना को अटैक करने का पूरा अधिकार होता है।

इसको सीधे शब्दों में समझें तो दुश्मन देश की एयरफोर्स या कोई अन्य फ्लाइट प्रतिबंधित क्षेत्र में एंट्री नहीं कर सकती है। इस दौरान प्रतिबंध लगाने वाला देश ही केवल अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल कर सकता है।

नो फ्लाई जोनएक आधिकारिक सूचना होती है, जिसे किसी देश की एविएशन अथारिटी जारी करती है। जब कोई देश नो फ्लाइंग जोन घोषित करने वाला होता है, तो उससे पहले एयरलाइंस और पायलटों को नोटाम के जरिए इसकी जानकारी दी जाती है। इसमें एयरस्पेस में बदलाव, संभावित खतरे, सैन्य गतिविधियां, रनवे बंद होने, उपकरणों की खराबी, मौसम की स्थिति और उड़ान से जुड़ी अन्य जरूरी सूचनाएं शामिल होती हैं। इसका मकसद यह होता है कि पायलट पहले से जान सके कि उसे किन क्षेत्रों में उड़ान भरनी है और किन इलाकों से बचना है। फ्लाइट रूट प्लान करते समय नोटाम सबसे अहम दस्तावेज माना जाता है।

अगर कोई विमान नोटाम के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो पहले उसे चेतावनी दी जाती है और एस्कार्ट कर लैंड कराया जाता है। निर्देशों का पालन न करने पर एयरफोर्स को विमान को गिराने तक का अधिकार होता है। नो फ्लाई जोन होने पर दूसरे देश के विमान को देखने के बाद उसे मार गिराने का आदेश दिया जाता है। ईरान का एयरस्पेस दुनिया की एविएशन व्यवस्था के लिए बेहद अहम माना जाता है, क्योंकि यह मिडिल ईस्ट में स्थित होकर यूरोप और एशिया को




जोड़ने वाले सबसे व्यस्त ईस्ट-वेस्ट हवाई मार्ग पर पड़ता है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया जाने वाली ज्यादातर यूरोपीय उड़ानें ईरान के ऊपर से गुजरती हैं। यह रास्ता सबसे सीधा और छोटा होने के कारण समय और ईंधन दोनों की बचत करता है, जिससे एयरलाइंस की लागत कम रहती है और यात्रियों को भी कम समय में मंजिल मिलती है, अगर एयरलाइंस ईरान के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं करें, तो उन्हें या तो उत्तर में कैस्पियन सागर के ऊपर से लंबा रास्ता लेना पड़ता है या फिर दक्षिण में सऊदी अरब और मिस्र के रास्ते से घूमना पड़ता है। इन दोनों ही विकल्पों में उड़ान का समय कई घंटे बढ़ जाता है और ईंधन खर्च में भारी इजाफा हो जाता है।

इसका सीधा असर टिकट की कीमतों, फ्लाइट शेड्यूल और समय पर पहुंचने की ब्विवसनीयता पर पड़ता है। कई बार फ्लाइट्स को रद्द या रीरूट भी करना पड़ता है, जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

हालांकि, ईरान का एयरस्पेस जितना अहम है, उतना ही संवेदनशील भी माना जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह 8 जनवरी 2020 की वह घटना है, जब तेहरान एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस की फ्लाइट चै752 को ईरानी एयर डिफेंस ने गलती से मिसाइल से मार गिराया था। इस हादसे में सभी 176 यात्रियों और क्रू मेंबर्स की मौत हो गई थी।

उस समय अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर था और विमान को गलती से दुश्मन लक्ष्य समझ लिया गया था। ईरान ने गुरुवार को 5 घंटे के लिए अपने एयरस्पेस को पूरी तरह से बंद कर दिया था। केवल कुछ ही इंटरनेशनल फ्लाइट्स को वहां से गुजरने की परमिशन थी। हालांकि अब ईरान ने अपने पूरे एयरस्पेस को खोल दिया है।

इसके बावजूद दुबई, तुर्किश, इंडिगो और एयर इंडिया जैसी फ्लाइट्स या तो कैंसिल कर दी गई हैं या रीरूट किया जा रहा है। ईरान के माहौल को देखते हुए जर्मनी ने अपनी एयरलाइंस को ईरान एयरस्पेस का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है।

### एक फोन कॉल पर रुकवा दी स्ट्राइक

**14 और 15** जनवरी की रात मिडिल ईस्ट एक बड़े युद्ध के करीब पहुंच गया था। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर सैन्य हमले के विकल्प पर विचार कर रहे थे। अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान में प्रदर्शनकारियों पर हिंसा जारी रही, तो जवाबी कार्रवाई हो सकती है। वहीं ईरान ने साफ कहा था कि अगर उस पर हमला हुआ, तो वह अमेरिकी सैन्य ठिकानों और समुद्री जहाजों को निशाना बनाएगा। ईरानी अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा करने और मौत की सजा रोकने वाले बयान जारी किए। हालांकि इससे भी तनाव कम नहीं हुआ। इसी माहौल में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबी) ने अहम भूमिका निभाई। अंतिम समय में एमबी की एक फोन कॉल से मिडिल ईस्ट बड़े युद्ध से बच गया। तनाव कम करने में बाकी खाड़ी देशों ने भी सहयोग किया। सऊदी ने ईरान को यह संदेश भी दिया कि वह अपने हवाई क्षेत्र या जमीन का इस्तेमाल ईरान पर किसी भी हमले के लिए नहीं होने देगा। एमबी की एक फोन काल अमेरिका के 25 पावरफुल लोगों पर भारी पड़ गई। अमेरिका में विदेश नीति और सैन्य फैसलों से जुड़े जिन 25 ताकतवर लोगों की राय अहम मानी जाती है, उनमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, ब्प् डायरेक्टर, जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन, सेंटकाम कमांडर, पेंटागन के टॉप मिलिट्री अफसर, व्हाइट हाउस के सीनियर एडवाइजर्स और कांग्रेस की प्रमुख रक्षा और विदेश मामलों की कमेटी के सदस्य शामिल होते हैं। सोमवार को ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य विकल्पों की जानकारी दी गई थी। इन विकल्पों में केवल हवाई हमले ही नहीं, बल्कि सैन्य, साइबर और मनोवैज्ञानिक आपरेशन भी शामिल हैं। एक सऊदी अधिकारी ने कहा कि इस पूरी कूटनीतिक कोशिश का मकसद हालात को बेकाबू होने से रोकना था। उन्होंने कहा, हमने पूरी रात जागकर हालात को और बिगड़ने से रोकने की कोशिश थी। भरोसे को मजबूत करने के लिए बातचीत अब भी जारी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस हफ्ते अपने सऊदी समकक्ष से कहा कि ईरान किसी भी विदेशी खतरे के खिलाफ अपना बचाव करेगा।

मिडिल ईस्ट के लिए अमेरिका विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा था कि ट्रम्प प्रशासन सैन्य हमले की बजाय कूटनीतिक समाधान पर जोर दे रहा है। फ्लोरिडा में जब विटकाफ से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि ईरान पर अमेरिकी सैन्य हमला संभव है, तो उन्होंने जवाब दिया, 'मुझे उम्मीद है कि कूटनीतिक समाधान निकलेगा। विटकाफ ने कहा कि ईरान के साथ कूटनीतिक समझौते में चार मुद्दों का समाधान होगा। पहला परमाणु संवर्धन, दूसरा- उन्हें अपने मिसाइल भंडार, तीसरा- उनके पास मौजूद वास्तविक परमाणु सामग्री, जो लगभग 2000 किलो है और 3।67: से 60: तक संवर्धित है। चौथा प्राक्सी मिसाइलें। ईरान को इन चारों मामलों में कटौती करनी होगी।

### ईरान मामले पर पुतिन और नेतन्याहू ने बात की

**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमिर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच फोन पर बात हुई। दोनों ने मिडिल ईस्ट और ईरान की स्थिति पर चर्चा की। क्रेमलिन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पुतिन ने नेतन्याहू को ईरान मामले में मध्यस्थता करने में मदद की पेशकश की। पुतिन ने नेतन्याहू से कहा कि वह क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक और राजनयिक प्रयासों को तेज करने के पक्ष में हैं।वह दोनों देशों के साथ मध्यस्थता और संवाद को बढ़ावा देने के प्रयासों को जारी रखने के लिए तैयार है। दोनों पक्ष आगे भी बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए। ईरान में 28 दिसम्बर से चल रहा प्रदर्शन अब 19वें दिन में पहुंच चुका है। देशभर में इंटरनेट सर्विस बंद है। अब तक 187 शहरों में 617 से ज्यादा प्रदर्शन दर्ज किए गए हैं। इन प्रदर्शनों के दौरान 18,470 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 2,615 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। नेतन्याहू ने 11 जनवरी को कहा था कि ईरान में मौजूदा सरकार गिरने के बाद इजराइल और ईरान फिर से अच्छे साझेदार बन सकते हैं। उन्होंने ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल लोगों को बहादुर और साहसी बताया और कहा कि इजराइल उनका समर्थन कर रहा है। ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच तनाव बढ़ता जा रही है। अमेरिका और ईरान ने एक-दूसरे पर हमले की धमकी दी है। अगर जंग हुई तो इजराइल भी इसमें शामिल होगा। जून 2025 में अमेरिका और इजराइल ने मिलकर हमला किया था। इजराइल ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम को कमजोर किया, फिर अमेरिकी ठ-2 बाम्बर्स ने परमाणु सुविधाओं पर हमला किया। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल ही में ट्रम्प से मुलाकात में राउंड 2 स्ट्राइक्स पर चर्चा की। इजराइल और ईरान पहले अच्छे दोस्त थे। 1950 और 1970 के दशक में दोनों देशों के बीच व्यापार और कूटनीति अच्छी थे। इजराइल ने ईरान को खेती, तकनीक और सुरक्षा में मदद दी। दोनों देश एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते थे। इजराइल की स्थापना 1948 में हुई थी। तुर्की के बाद ईरान ऐसा दूसरा मुस्लिम देश था, जिसने इजराइल को मान्यता दी थी, लेकिन 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति के बाद यह दोस्ती खत्म हो गई और दोनों देशों के बीच झगड़े शुरू हो गए। (सा.)

# उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और एक नया आधार वर्ष

इससे पहले कि खुदरा मुद्रा स्फीति को एक नए आधार वर्ष और नए भारों के साथ अद्यतन द्धअपडेटऋ किया जाए, इसका दिसम्बर 2025 का आंकड़ा आधार वर्ष 2012 वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्धसीपीआईऋ की मौजूदा श्रृंखला की आखिरी किस्त है। इस साल का सीपीआई का आंकड़ा एक ऐसे डेटासेट पर निर्भर रहने की समस्याओं को उजागर करने में खास तौर पर उपयोगी रहा है जिसे एक दशक से ज्यादा वक्त से अद्यतन (अपडेट) नहीं किया गया है। दिसम्बर 2025 में मुद्रा स्फीति की दर 1.33 फीसदी थी। यह तथ्य कि यह तीन महीने का सबसे ऊंचा स्तर था, सिर्फ एक सांख्यिकीय बात है क्योंकि मौजूदा श्रृंखला शुरू होने के बाद से यह तीसरा सबसे निचला स्तर भी था। कुल मिलाकर, अप्रैल-दिसम्बर 2025 की अवधि में मुद्रा स्फीति औसतन 1.7 फीसदी रही, जोकि 2024 की इसी अवधि के 4.9 फीसदी के औसत से काफी कम है। लेकिन ऐसा महसूस नहीं होता।





किस्से-कहानियों वाले सबूत और पक्के आंकड़ों से पता चलता है कि लोग असल में आधिकारिक आंकड़ों में दर्शायी गई मुद्रा स्फीति से कहीं ज्यादा महंगाई का सामना कर रहे हैं। मसलन, इस साल के जीडीपी में वृद्धि के सरकार के अपने अग्रिम अनुमानों से पता चलता है कि उसे निजी उपभोग पिछले साल के मुकाबले धीमी रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है। अगर महंगाई सच में उतनी ही कम हो गई होती, जितना कि सरकारी आंकड़े बता रहे हैं तो निश्चित रूप से उपभोग बढ़ जाना चाहिए था। भारतीय रिजर्व बैंक के दिसम्बर के मुद्रास्फीति अपेक्षा सर्वेक्षण के ताजा संस्करण के मुताबिक, आम घरों में लोगों को महंगाई 6.6 फीसदी रहने का भान हुआ है - जो आधिकारिक 1.33 फीसदी से बहुत ज्यादा है - और उन्हें लगा कि यह तीन महीनों में बढ़कर 7.6 फीसदी और एक साल में 8 फीसदी हो जाएगी। साफ तौर पर ऐसा लग रहा है कि कीमतें न सिर्फ बढ़ रही हैं, बल्कि वे तेजी से बढ़ रही हैं। इस बात को समझने में नाकाम रहने की वजह से ही सरकारी आंकड़े नीति बनाने वालों को निराश करते हैं। मुद्रा स्फीति के किसी भी आंकड़े के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि एक ही आंकड़े से देश भर में कीमतों में होने वाले अलग-अलग बदलावों को दिखाने की उम्मीद की जाती है। मुद्रा स्फीति का राष्ट्रीय आंकड़ा कश्मीर के जिलों से लेकर केरल के गांवों तक और इनके बीच की सभी जगहों के शहरी और ग्रामीण, दोनों ही इलाकों में कीमतों के स्तर और उतार-चढ़ाव को मिलाकर बनाया जाता है। स्वाभाविक रूप से इस प्रक्रिया में बारीकियां छुट जाएंगी। इसके अलावा, यूं तो भारत जैसे विविधता भरे देश में राष्ट्रीय आंकड़े इकटठा करने में यह एक स्वाभाविक खतरा है, लेकिन सीपीआई का पुराना स्वरूप मामले को और भी खराब बना देता है। सूचकांक में दर्ज अलग-अलग उप-क्षेत्रों के भार 2012 के उपभोग पैटर्न पर आधारित थे। खासकर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली कई तरह की सब्सिडियों की वजह से, अब लोग बहुत अलग तरह से उपभोग कर रहे हैं। अच्छी बात यह है कि 12 फरवरी को सरकार सीपीआई की नई श्रृंखला के आधार पर जनवरी के मुद्रा स्फीति के आंकड़े जारी करेगी। इस श्रृंखला में आधार वर्ष को अद्यतन द्धअपडेटऋ करके 2024 कर दिया जाएगा और इसमें घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023-24 के आधार पर नए भार शामिल किए जाएंगे। यह एक ऐसा सुधार है जिसकी बेहद जरूरत थी। (सा.)

### एफडीआई से बढ़ सकती है विदेशी निवेश की लिमिट

**भारत** अपने डिफेंस सेक्टर में विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए नियम आसान कर सकता है और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई; की लिमिट बढ़ा सकता है। सरकारी सूत्रों के हवाले से रायटर्स ने बताया कि भारत विदेशी कंपनियों के लिए रक्षा क्षेत्र की कंपनियों में निवेश करना काफी आसान बनाने की योजना बना रहा है।

यह कदम पिछले साल पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के बाद देश में घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की कोशिशों का हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिन रक्षा कंपनियों के पास पहले से लाइसेंस हैं, उनमें बिना सरकारी मंजूरी के होने वाले आटोमैटिक रूट के तहत एफडीआई की सीमा 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत की जा सकती है। फिलहाल, आटोमैटिक रूट के तहत विदेशी निवेशक केवल उन्हीं भारतीय रक्षा कंपनियों में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी ले सकते हैं, जो नए लाइसेंस के लिए आवेदन कर रही हों। सरकार इस शर्त को हटाने पर भी चर्चा कर रही है, जिसमें कहा गया है कि 74 प्रतिशत से ज्यादा विदेशी निवेश तभी मंजूर होगा जब उससे आधुनिक तकनीक तक पहुंच मिले। विशेषज्ञों का कहना है कि यह शर्त अस्पष्ट और साफ नहीं है। इन नियमों में ढील का मकसद भारत के रक्षा साझेदार देशों की कंपनियों को भारतीय उपक्रमों में बहुमत हिस्सेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन सुधारों को अगले कुछ महीनों में लागू किया जा सकता है। हालांकि, भारत के वाणिज्य और रक्षा मंत्रालय ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि सरकार उस शर्त को हटाने की तैयारी में है, जिसके तहत पूरी तरह निर्यात पर निर्भर रक्षा कंपनियों को देश में मेंटेनेंस और सपोर्ट सुविधाएं बनाना जरूरी था। रक्षा मंत्रालय के पूर्व अधिकारी अमित कौशिश के मुताबिक, इस शर्त के कारण कंपनियों को पहले मेंटेनेंस का आधार तैयार करना पड़ता था। अब निर्यात पर केंद्रित कंपनियां ये काम आउटसोर्स कर सकेंगी, जिससे उनके लिए विदेशी निवेश आकर्षित करना आसान होगा।



नई दिल्ली। भारत दौरे के दौरान जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी से हाथ मिलाते केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## यून-उनकी पत्नी की जांच के लिए विशेष अभियोजक विधेयक को मंजूरी

**सोल।** दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल और उनकी पत्नी किम कोन-ही के खिलाफ जांच जारी रखने के लिए एक नया व्यापक विशेष अभियोजक विधेयक पारित किया। दक्षिण कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार यह विधेयक सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया की ओर से पेश किए जाने के बाद नेशनल असेंबली के पूर्ण सत्र में पारित किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य उन अनसुलझे मुद्दों और नए उठे संदेहों पर विचार करना है जिनकी पिछले तीन विशेष अभियोजक टीमों ने ठीक से जांच नहीं की थी और जिनकी जांच अब समाप्त हो चुकी है।

## ऑस्ट्रेलिया की राजधानी में चार पाइप बम मिले

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया राजधानी क्षेत्र (एसीटी) पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि बेल. कोनेन इलाके में चार और पाइप बम मिले हैं, जबकि इस हफ्ते की शुरुआत में 11 बम पहले ही मिल चुके थे। जासूसी विभाग के कार्यवाहक निरीक्षक अन्ना व्रोन्स्की ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 11 उपकरण मिले हैं और कुछ को पहले ही निष्क्रिय कर दिया गया है। इस नई जानकारी के बाद कुल बरामद बमों की संख्या 15 हो गई है। एसीटी की पुलिस ने बुधवार को जनता के लिए एक सामुदायिक चेतावनी जारी की, जिसमें कहा गया कि मध्य कैनबरा से 10 किलो मीटर उत्तर-पश्चिम में बेलकोनेन के उपनगर में पाइप बम मिले हैं। यह अभी भी साफ नहीं है कि बम कितने समय से वहां पड़े थे। पुलिस जांच अभी भी जारी है।

# अमेरिकी राजदूत की ईरान को चेतावनी

## कहा: ट्रम्प बाते नहीं करते, एक्शन लेते हैं, ईरान का करारा जवाब: हमला किया, तो छोड़ेंगे नहीं

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक में अमेरिका नें ईरान को कड़ा संदेश दिया है। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर हो रही क्रूर दमनकारी कार्रवाई को रोकने के लिए सभी विकल्प खुले हैं।



■ ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर हो रही क्रूर दमनकारी कार्रवाई को रोकने के लिए सभी विकल्प खुले हैं

उन्होंने ईरान के लोगों की बहादुरी की सराहना की और कहा कि ईरान के लोगों ने इतिहास में कभी भी इतने जोरदार तरीके से आजादी की मांग नहीं की। वाल्ट्ज ने कहा कि ट्रम्प एक्शन लेने वाले इंसान हैं, लंबी-लंबी बातें करने वाले नहीं। उन्होंने चेता. वनी दी कि ईरान के नेतृत्व को पता होना चाहिए कि अमेरिका इस नरसंहार को रोकने के लिए कोई भी कदम उठा सकता है। 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की इस बैठक में ईरान के उप-राजदूत ने जवाब दिया कि उनका देश टकराव नहीं चाहता, लेकिन अगर अमेरिका की ओर से कोई आक्रामक कदम उठाया गया तो ईरान जवाब देगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और उप स्थाई प्रतिनिधि गुलाम हुसैन दर्जी न्यूयार्क शहर, अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान बोलते हुए। यूएन में अमे. रिका के प्रतिनिधि माइक वाल्ट्ज ने बैठक में ईरान सरकार की कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट के कारण यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर कितनी सख्ती की है। वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान सरकार का यह दावा कि हाल में हुए प्रदर्शनों के पीछे विदेशी ताकत हैं, यह दिखाता है कि ईरानी सरकार अपने ही लोगों से डर रही है। साथ ही सारा इल्जाम दूसरों के मत्थे मढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद में ईरान के साथ तनाव पर चर्चा के दौरान संयम बरतने का आग्रह किया। ट्रम्प ने कई बार ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों की हत्या जारी रही तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। ट्रम्प ने बताया कि हत्याएं अब कम हो रही हैं। व्हाइट हाउस ने भी पुष्टि की कि ट्रम्प के दबाव के बाद ईरान ने 800 लोगों की फांसी की योजना रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने परिषद को बताया कि ये प्रदर्शन तेजी से फैले। इसमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक 3428 प्रदर्शनकारियों को मार डाला गया, जबकि 18000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### विश्व के प्रतिष्ठित पुरस्कार को लेकर छिड़ी जुबानी जंग

# मचाडो ने अपना नोबेल ट्रम्प को भेंट किया

## वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो ने मेरे कार्यों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार भेंट किया: ट्रम्प

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन।** नोबेल शांति पुरस्कार (2025) से सम्मानित मारिया को. रिना मचाडो ने अपना प्रतिष्ठित पुरस्कार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भेंट किया। राष्ट्रपति ट्रम्प ने मचादो से मुलाकात के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो से मिलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात थी। वह एक अद्भुत महिला हैं जो बहुत कुछ झेल चुकी हैं। मारिया ने मेरे द्वारा किए गए कार्यों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार भेंट किया।

आपसी सम्मान का कितना अद्भुत भाव है। धन्यवाद मारिया! दूसरी ओर नोब. ेल समिति और नोबेल संस्थान ने आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि एक बार नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने के बाद उसे हस्तांतरित, साझा या रद्द नहीं किया जा सकता है। नोबेल समिति ने उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दी जिनमें कहा गया था कि मारिया कोरिना मचाडो ने 15 जनवरी, को व्हाइट हाउस में अपनी मुलाकात के दौरान अपना पदक ट्रम्प को उपहार के रूप में सौंप दिया। समिति ने कहा कि एक बार नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद, इसे रद्द नहीं किया जा सकता, न ही साझा किया जा सकता है और न ही दूसरों को हस्तांतरित किया जा सकता है। यह निर्णय अंतिम है और हमेशा के लिए मान्य रहता है। नोबेल संस्थान के




एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि हालांकि एक व्यक्तिगत उपहार के रूप में पदक किसी और को दिया जा सकता है, लेकिन 'नोबेल शांति पुरस्कार विजेता' का आधिकारिक खिताब स्थाई रूप से मूल प्राप्तकर्ता के पास ही रहता है। यह पुरस्कार स्वयं में अपरिवर्तनीय है। मचाडो ने व्हाइट हाउस में एक निजी बैठक के दौरान अपना सोने का नोबेल पदक ट्रम्प को भेंट किया और इसे निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने में ट्रम्प की भूमिका के लिए वेनेजुएला के लोगों की ओर से आभार के रूप में प्रस्तुत किया। मचाडो ने पदक को एक फ्रेम में जड़वा रखा था। इस फेम के साथ उन्होंने एक छोटा सा पत्र भेंट किया, जिसपर लिखा था डोनाल्ड जे. ट्रम्प को आभार स्वरूप, शक्ति के माध्यम से शांति को बढ़ावा देने, कूटनीति को आगे बढ़ाने और स्वतंत्रता एवं समृद्धि की रक्षा करने में आपके असाधारण नेतृत्व के लिए। नोबेल पुरस्कार विजेता ने कहा कि यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोगों की ओर से कृतज्ञता के व्यक्तिगत प्रतीक के रूप में भेंट किया किया गया है। यह स्वतंत्र वेनेजुएला सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की निर्णायक कार्रवाई की मान्यता है। गौरतलब है कि ट्रम्प लंबे समय से इस पुरस्कार में रुचि रखते हैं। उन्होंने पुष्टि की कि वह इस पदक को अपने पास रखने का इरादा रखते हैं। नोबेल समिति ने इस प्रतीकात्मक आदान-प्रदान के बावजूद, इस बात पर जोर दिया कि ट्रम्प को आधिकारिक तौर पर नोबेल पुरस्कार विज. ेता के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। नोबेल समिति ने अक्टूबर 2025 में मचाडो के लिए पुरस्कार की घोषणा करते समय कहा था कि उन्होंने मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने में उनके अथक कार्य 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।

■ एक बार नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने के बाद हस्तांतरित, साझा या रद्द नहीं किया जा सकता-नोबेल समिति

## रूस ने की ईरान में दखलअंदाजी, उकसावे और बल प्रयोग की धमकियों की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस ने ईरान के खिलाफ बाहरी दखल, हिंसा भड़काने और बल प्रयोग की धमकियों के सभी रूपों की निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में रूस राजदूत वसीली नेबेंजिया ने कहा कि उनका देश ईरान के खिलाफ बाहरी दखल, हिंसा भड़काने और बल प्रयोग की धमकियों के सभी रूपों की निंदा करता है। उन्होंने ईरान की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका से अपने बढ़ते कदमों को रोकने खत्म करने का आग्रह किया और कहा कि हाल के दिनों में अमेरिकी नेतृत्व की 'बेहद खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना बयानबा. जी' इतनी आगे बढ़ गई है कि वह खुले तौर पर ईरान के सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने और प्रदर्शनकारियों की मदद करने की धमकी दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान एक संप्रभु राष्ट्र की संवैधानिक व्यवस्था को हिंसक रूप से उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने के अलावा और कुछ नहीं हैं। नेबेंजिया ने कहा कि ईरान में जो हो रहा है, वह रंग क्रांति के लिए आजमाए हुए तरीकों के इस्तेमाल का एक और उदाहरण है, जिसमें विशेष रूप से उकसाने वाले शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को बेमतलब की हिंसा में बदल देते हैं।

## भारत-जापान वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में सक्षम: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी निरंतर प्रगति के पथ पर है और वैश्विक व्यवस्था को आकार देने तथा अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में जोखिम कम करने की अपार क्षमता रखती है। डा. जयशंकर ने शुक्रवार को यहां जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी के साथ 18वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता के बाद यह बात कही। दोनों देशों ने आर्थिक सहयोग, समुद्री सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला, महत्वपूर्ण खनिज, प्रौद्योगिकी, लोगों के बीच परस्पर संपर्क तथा बहुपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रमों पर भी उपयोगी विचार-विमर्श किया। मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज नई दिल्ली में जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी के साथ 18वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता कर प्रसन्नता हुई। भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी निरंतर प्रगति के पथ पर है और वैश्विक व्यवस्था को आकार देने तथा अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में जोखिम कम करने की अपार क्षमता रखती है।

# गाजा योजना के दूसरे चरण की शुरुआत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा की निगरानी के लिए शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की है। यह घोषणा इजरायल और हमास के बीच दो साल के संघर्ष के पश्चात हुए संघर्ष विराम के कुछ महीने बाद की गई है।

गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी 20 सूत्री शांति योजना के दूसरे चरण के रूप में ट्रम्प ने संघर्ष विराम से अपना ध्यान हटाकर विसैन्यीकरण, तकनीकी शासन एवं पुनर्निर्माण पर केंद्रित किया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका ने आधिकारिक रूप से गाजा शांति योजना के अगले चरण में प्रवेश कर लिया है जिसका मुख्य कारण संघर्ष विराम के दौरान वितरित की गई मानवीय सहायता का रिकॉर्ड स्तर है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि संघर्ष विराम के बाद से लगातार मेरी टीम ने गाजा में रिकॉर्ड स्तर की मानवीय सहायता पहुंचाने में मदद की है जिससे ऐतिहासिक गति से बड़ी संख्या में नागरिकों तक सहायता पहुंची है। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र ने भी इसे अभूतपूर्व उपलब्धि बताया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि मुझे घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है कि शांति बोर्ड का गठन हो चुका है। बोर्ड के सदस्यों की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी लेकिन मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि यह अब तक किसी भी समय, किसी भी स्थान पर गठित किया गया सबसे महान एवं प्रतिष्ठित बोर्ड है। ट्रम्प ने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए घोषणा किया कि हमने आधिकारिक रूप से गाजा की 20 सूत्री शांति योजना के अगले चरण में प्रवेश कर लिया है। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट में लिखा कि शांति बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में, मैं बोर्ड के उच्च प्रतिनिधि द्वारा समर्थित नवगठित फलस्तीनी तकनीकी सरकार, नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा का समर्थन करता हूं ताकि गाजा में संत्ता हस्तांतरण काल के दौरान उसका शासन संभाला जा सके। फिलिस्तीनी नेता शांतिपूर्ण भविष्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं! ट्रम्प ने कहा कि मिस्र, तुर्की और कतर के समर्थन से अमेरिका हमास के साथ एक व्यापक विसैन्यीकरण समझौता सुरक्षित करेगा जिसमें सभी हथियारों का आत्मसमर्पण और सभी सुरंगों को नष्ट करना शामिल है।

■ ट्रम्प ने शांति बोर्ड की घोषणा की

## बांग्लादेश में नहीं थम रहे अल्पसंख्यकों पर हमले

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाएं नहीं थम रही हैं और कट्टरपंथी खुलेआम हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामले में एक हिंदू शिक्षक के घर में आग लगा दी गई। घटना बांग्लादेश के सिलहट जिले के गोवाइनघाट इलाके की है। जहां शिक्षक बिरेंद्र कुमार के घर को आग के हवाले कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

हालांकि गनीमत रही की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद पीड़ित परिवार और स्थानीय हिंदू समुदाय बेहद डरा हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि आग लगने पर शिक्षका परिवार बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। अभी तक साफ नहीं हो सका है कि आग किसने लगाई और क्यों लगाई? मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कट्टरपंथियों ने ही हिंदू शिक्षक के घर आग लगाई। हिंदू अल्पसंख्यकों के घरों में आग. जनी की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि बीते पांच दिनों में ऐसी छह घटनाएं हो चुकी हैं, जहां हिंद. ुओं के घरों को आग लगा दी गई। बीते दिसम्बर माह में भी चटगांव में कट्टरपंथियों ने घरों के दरवाजे बाहर से बंद करके दो हिंदू परिवारों के घरों में आग लगा दी। इस घटना में दोनों परिवारों के लोग बाल-बाल बचे थे।

■ सिलहट में हिंदू शिक्षक के घर में लगाई आग, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ

## भारत और इजरायल के बीच मछली पालन और जलीय कृषि सहयोग को मिली नई मजबूती

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल ने मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने का फैसला किया है। इजरायल की यात्रा पर गए केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने भारत और इज़रायल के बीच मत्स्य पालन और जलीय कृषि सहयोग पर एक संयुक्त मंत्रिस्तरीय आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करके आपसी संबंध को नयी दिशा प्रदान की। इजरायल से सहयोग का यह घोषणापत्र प्रौद्योगिकी, टिकाऊ पद्धतियों, क्षमता निर्माण और व्यापार में सहयोग की पुष्टि करता है और दोनों देशों के बीच संयुक्त उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की नींव रखता है।

# अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के टूटने का खतरा

## सुप्रीम लीडर अखुंदजादा और गृहमंत्री हक्कानी के गुट भिड़े, इंटरनेट बैन ने खोल दी अंदरूनी कलह

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान के भीतर हालात ठीक नहीं हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सरकार ढहने का खतरा मंडरा रहा है। संगठन के अंदर सत्ता को लेकर खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में एक वायरल आडियो क्लिप से इसका खुलासा हुआ।

हालांकि इसकी फिक्स डेट सामने नहीं आई। एक धड़े का नेतृत्व तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा कर रहे हैं, जबकि दूसरा धड़ा गृह मंत्री सिरा. जुद्दीन हक्कानी का है। दोनों गुटों की सोच और सत्ता के इस्तेमाल को लेकर मतभेद अब संगठन की एकता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है कि तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद राजधानी काबुल पर कब्जा कर लिया था। तब से सत्ता पर पूरी पकड़ के दावों के बीच,



■ दोनों गुटों की सोच और सत्ता के इस्तेमाल को लेकर मतभेद अब संगठन की एकता पर सवाल खड़े कर रहे हैं


अब सामने आ रहे संकेत बताते हैं कि तालि. बान के भीतर की दरारें गहरी होती जा रही हैं। बीबीसी के मुताबिक सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा भाषण में कहते हैं कि सरकार के अंदर ही लोग आपस में टकरा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ए अंदरूनी मतभेद बढ़ते रहे, तो इस्लामिक अमीरात (तालिबान सरकार) ढह जाएगा और खत्म हो जाएगा। अखुंदजादा ने यह भाषण जनवरी 2025 में दक्षिणी शहर कंधार के एक मदरसे में तालिबान लड़ाकों के सामने दिया था। इस भाषण ने उन अफवाहों को और हवा दी, जो कई महीनों से चल रही थीं कि तालिबान की टाप लीडरशिप में गंभीर मतभेद हैं। तालिबान हमेशा इन मतभेदों से इनकार करता रहा है, यहां तक कि बीबीसी के सीधे सवालों के जवाब में भी। हालांकि इन्हीं अफवाहों के बाद बीबीसी ने एक साल तक जांच की। इस दौरान 100 से ज्यादा मौजूदा और पूर्व तालि. बान सदस्यों, लोकल लोगों, एक्सपर्ट्स और पूर्व डिप्लोमैट्स से बात की। सुरक्षा कारणों से बीबीसी ने इन लोगों की पहचान उजागर नहीं की। बीबीसी की जांच में पहली बार साफ तौर पर सामने आया कि तालिबान के सबसे ऊपर दो अलग-अलग गुट हैं, जिनके पास अफगानिस्तान के लिए दो अलग सोच है। पहला गुट पूरी तरह अखुंदजादा के लिए वफादार है। यह गुट कंधार से काम करता है और दुनिया से अलग-थलग रहकर अफगानिस्तान को एक सख्त इस्लामिक अमीरात बनाना चाहता है। दूसरा गुट राजधानी काबुल में बैठा है। सिराजुद्दीन हक्कानी का यह गुट भी इस्लाम की सख्त व्याख्या मानता है, लेकिन चाहता है कि अफगानिस्तान दुनिया से जुड़े, अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करे और लड़कियों व महिलाओं को कम से कम शिक्षा का अधिकार मिले, जो इस समय प्राथमिक स्तर के बाद रोक दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक सितम्बर के अंत में एक ऐसा फैसला हुआ, जिसकी वजह से यह खींचतान और खुलकर नजर आने लगी।

# नीदरलैंड से मां को ढूंढने भारत आए मेयर

## कहा: कर्ण को कुंती से मिलने का अधिकार, 41 साल पहले मां ने शेल्टर होम में छोड़ा था

**एम्स्टर्डम।** नागपुर में साल 1985 में एक अविवाहित मां ने अपने 3 दिन के बच्चे को एक शेल्टर होम में छोड़ दिया था। एक महीने बाद नीदरलैंड से भारत घूमने आए एक कपल ने उसे गोद ले लिया और अपने साथ ले गए। इस घटना को 41 साल बीत चुके हैं। वह बच्चा अब नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम के पास एक शहर हीमस्टेड का मेयर बन गया है।

हीमस्टेड के मेयर फाल्गुन बिन्नेन्डिज्क अब अपनी मां को ढूंढना चाहते हैं। वे आखिरी बार दिसम्बर 2025 में भारत आए थे। ये जानकारी अब सामने आई है। फाल्गुन का कहना है-मैंने महाभारत पढ़ी है और मुझे लगता है कि हर कर्ण को कुंती से मिलने का अधिकार है। मैं अपनी मां से सिर्फ एक बार मिलना चाहता हूं और बताना चाहता हूं कि मुझे बड़े प्यार से बड़ा किया गया है। फाल्गुन



■ मैं अपनी मां से सिर्फ एक बार मिलना चाहता हूं और बताना चाहता हूं कि मुझे बड़े प्यार से बड़ा किया गया: फाल्गुन

अपनी पत्नी के साथ कई बार भारत आ चुके हैं। उनका कहना है कि उन्हें भारतीय संस्कृति और खान-पान से लगाव है। फाल्गुन का जन्म 10 फरवरी, 1985 में हुआ। उनकी मां उन्हें नागपुर के 'मातृ सेवा संघ' नाम के एक शेल्टर होम में छोड़ गई थीं, जहां वे करीब एक महीने तक रहे। शेल्टर होम की नर्स ने उन्हें फाल्गुन नाम दिया। हिंदू कैलेंडर के मुताबिक, फाल्गुन महीने में ही बच्चे का जन्म हुआ था। फाल्गुन 2025 में तीन बार भारत आए। उन्हें एक अधिकारी की मदद से शेल्टर होम की उस नर्स का पता चला, जो फाल्गुन के जन्म के समय वहां काम करती थीं। वे अब रिटायर हो चुकी हैं। फाल्गुन अगस्त 2025 में नागपुर आए थे। नागपुर कलेक्टर विपिन इटांकर की मदद से वे उस नर्स के घर भी गए, जहां उन्हें पता चला कि उनका नाम नर्स ने ही रखा था। नर्स से मिलकर फाल्गुन ने कहा कि मैं उनसे मिलकर बहुत खुश हुआ। उस महिला से मिलना एक कभी न भूलने वाला अनुभव था, जिसने मुझे मेरी पहचान दी। नागपुर नगर पालिका आयुक्त अभिजीत चौधरी ने फाल्गुन के जन्म से जुड़े दस्तावेज ढूंढने में मदद की। दस्तावेजों में ए जानकारी सामने आई कि फाल्गुन की मां एक 21 साल की अविवाहिता थीं, जो समाज के डर से उनका पालन-पोषण नहीं कर सकती थीं। इसलिए उन्हें शेल्टर होम में छोड़ गईं। दस्तावेजों में फाल्गुन और उनकी मां का नाम दर्ज है। हालांकि फाल्गुन ने उनकी मां का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। मातृ सेवा संघ अनाथ बच्चों और पीड़ित महिलाओं के लिए बनाया गया एक शेल्टर होम है। शेल्टर होम के अधिकारियों के मुताबिक यहां अक्सर अविवाहित माताएं अपने नवजात बच्चों को छोड़ जाती हैं। फाल्गुन नीदरलैंड में डच दंपत्ति के घर पले-बढ़े। उन्होंने छोटी उम्र में ही ये बात जान ली थी कि उनकी जड़ें भारत में है।

